सुप्रभात रांची, बुधवार 02.10.2024

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

ॐ पितृ गणाय विद्महे जगत धारिणे धीमहि तन्नो पितरो प्रचोदयात्

* * नगर संस्करण। पेज : 12 | आश्विन, कृष्ण पक्ष, अमवस्या, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 83

12 लेबनान में घुसी इजरायली सेना

सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

# आजादी का बिगुल फूंकने वाले


## अमर शहीदों के झारखण्ड में

## श्री नरेन्द्र मोदी

**माननीय प्रधानमंत्री**

## जी का हार्दिक अभिनंदन और जोहार

**2 अक्टूबर, 2024**



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 337911 (IPRD) 24-25

## कांग्रेस के चुनावी अभियान का शुभारंभ आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस के चुनावी अभियान का आगाज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर बुधवार को होगा। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा बापू वाटिका में गांधी जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात बीजूपाड़ा में स्वतंत्रता सेनानी सोमा टाना भगत की जयंती पर उनकी प्रतिमा के समक्ष विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता के दौरान झारखंड में आजादी की अलख जगाने और गांधी के मूल्यों और सिद्धांतों की विरासत को सहेज कर रखने वाले टाना भगत के जुटान के साथ गांधी के संकल्पों को लेकर विधानसभा चुनाव का आगाज किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, सांसद सुखदेव भगत, कालीचरण मुंडा सहित मंत्रीगण एवं वरीय नेतागण शामिल होंगे।


**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in
**e-Procurement Very Short Notice**
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/30/24-25 Dated 30.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of - Shivapahar (Patna-Hiranpur RCD road ) to Lakhipur (Jojodari -Mohabbatpur RCD road) via Kunwarpur and Link road from Kunwarpur to Banskola RCD road including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete LAP including ownership details, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Sahebganj in the state of Jharkhand. from Consultants empanelled in Category -I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no - 3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 60 Days |
| 3- | Tentative Length | 25.00 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand)(Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs- 40,000/- (Rupees Forty Thousand) through online mode only.As per the Departmental Letter no.- 4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 04.10.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 14.10.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bidopening | 15.10.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi - 834002, Mobile No - 8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

**For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in**

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi

PR 337817 Road (24-25)D



**कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**जिले के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों के लिए आवश्यक सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मत्स्य बीज उत्पादक जिनको अनुदान पर विभाग से स्पॉन दिया गया है, उन्हें विभाग द्वारा मोबाईल रिचार्ज कराने हेतु मो0 500/– (पाँच सौ) रू0 मात्र देने का प्रावधान है।

अतएव अनुरोध है कि मोबाईल रिचार्ज कराकर उसका प्रमाणक/अभिश्रव तथा बैंक खाता एवं आधार कार्ड की छायाप्रति कार्यालय में जमा करें ताकि डी0बी0टी0 के माध्यम से राशि आपके खाते में भेजी जा सके। अन्यथा यह लाभ आपको नहीं मिलने पर इसके जिम्मेवार आप स्वयं होगे।

जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

PR 337773 Fish(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना 33/2024-25**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | – | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | – | 15-10-2024 को अप0 12.00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | – | 16-10-2024 के अप0 2.30 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | – | 16-10-2024 के अप0 3.00 बजे से। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | – | (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 7 | कार्य विवरणी :– | | |

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair of Common Toilet and Anti Termite Treatment of Main Building in Civil Court, Simdega. | 16,39,000.00 | 32,800.00 | 5,000.00 | 04 (Four) Months |
| 2 | Repair of Common Toilet (Ladies/Gents) in Civil Court, Simdega. | 6,52,200.00 | 13,100.00 | 1,250.00 | 04 (Four) Months |
| 3 | Conversion of Modular Kitchen in Judge Officer's Residence Building Diptitoli, Simdega. | 12,50,000.00 | 25,000.00 | 2,500.00 | 04 (Four) Months |
| 4 | Renovation of Toilet/Bathroom, False Ceiling, Modular Kitchen and Other Work in PDJ Residence Simdega. | 18,06,000.00 | 36,200.00 | 5,000.00 | 04 (Four) Months |

निविदा की शर्तें– **WWW.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 337744 (Simdega)24-25*D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**–: अतिअल्पकालिन निविदा :–**

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, चतरा के आदेश ज्ञापांक–450/विकास दिनांक–26.09.2024 द्वारा प्रदत्त निदेश के आलोक में चतरा जिला अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 03–06 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (पैजामा) का क्रय/आपूर्त्ति कराने हेतु निम्न प्रकार से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क0 | सामग्री का नाम | मात्रा | पोशाक की विवरणी | अधिकतम दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | गर्म पोशाक (पैजामा) | 98,552 | Lower Quality :Unisex<br>Colour :Maroon<br>Material :Acrylic-100% (+-2%)<br>Yarn : High bulk Yarn<br>Sleeve : Full regular sleeve<br>Weight : 225gm & above<br>Shrinkage or elongation on washing (max) : 4% or Better<br>Colour fastness to Light : 4% or Better<br>Colour fastness to washing : Change in colour or Better, Stain on Adajacent Fabric 3 or Better | प्रति पैजामा 200.00 रु (GST सहित) से अधिक नही होनी चाहिए। |

निविदादाता मुहरबंद लिफाफे में (तकनीकी एवं वित्तीय अलग–अलग) निविदा जिला समाज कल्याण कार्यालय, चतरा (विकास भवन, चतरा) में दिनांक–08.10.2024 को 02:00 बजे अपराह्न तक जमा करेंगे। दिनांक–08.10.2024 के 03:00 बजे अपराह्न में उपायुक्त महोदय द्वारा गठित जिला क्रय समिति की बैठक में निविदा खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

निविदा से संबंधित शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर एवं www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, चतरा

PR 337713 Social Welfare,Women and Child Development(24-25).D


मुख्यमंत्री ने चंदनक्यारी प्रखंड के चंडीपुर में दी 1240 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत से 50 योजनाओं की सौगात, कहा

# झारखंड का भविष्य संवार रही गठबंधन सरकार

- **सीएम ने बोकारो में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन, ललपनिया में 50 मेगावाट का सोलर पावर स्टेशन एवं रामगढ़ जिला के पतरातू में रेल ओवरब्रिज का किया ऑनलाइन शिलान्यास**



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची/बोकारो। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड का भविष्य संवार रही गठबंधन सरकार। श्री सोरेन मंगलवार को बोकारो जिला के चंदनक्यारी प्रखंड स्थित चंडीपुर में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य, सड़क परिवहन और ऊर्जा के क्षेत्र में तीन बड़ी सौगात सहित 50 विकास योजनाओं का ऑनलाइन उदघाटन-शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य की मजबूती के लिए आधारभूत संरचनाओं का मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है। जब हमारी सरकार बनी तो हमने यहां के सभी निजी संस्थानों में स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने के लिये नीति बनाई। इसी नीति का नतीजा है कि राज्य में संचालित कल-कारखानों और संस्थानों में स्थानीयों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों का जीवन हमेशा से ही संघर्षमय होता है। लेकिन हमारी सरकार विभिन्न क्षेत्रों में नई पहचान बनाते हुये जन-जन तक पहुंच रही है। हम गांव को समृद्ध कर रहे हैं। हमारी ऐसी कई योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से गरीबों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी ऐसे कई गांव हैं, जहां के लोगों ने कभी ब्लॉक ऑफिस नहीं देखा। ऐसे लोग भी हैं, जो पेंशन और राशन कार्ड बनवाने के लिए ब्लॉक ऑफिस का बार-बार दौड़ लगाकर थक जाते थे, पर उनका काम नहीं बनता था। लेकिन, हमारी सरकार रांची हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांवों से चल रही है। आज अधिकारी आपके दरवाजे पर पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। हमारी सरकार हर परिस्थितियों में मजदूरों के हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बेबी देवी, विधायक कुमार जयमंगल, विधायक लंबोदर महतो, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र महतो, राज्य समन्वय समिति के सदस्य राजेश ठाकुर, सचिव अरवा राजकमल और डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा आदि उपस्थित थे।

### गांवों को कर रहे समृद्ध, गरीबों को बढ़ा रहे आगे

उन्होंने कहा कि राज्य के हर वर्ग और तबके को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की योजनायें हैं। आज हर बुजुर्ग को पेंशन मिल रहा है। महिलाओं को सम्मान राशि देने का ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं। किसानों के दो लाख रुपए तक का कर्ज माफ हो चुका है। 200 यूनिट बिजली फ्री देने के साथ बकाया बिजली बिल माफ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के गरीब बच्चे-बच्चियों को क्वालिटी एजुकेशन देने के साथ उनके भविष्य को संवारने का काम सरकार कर रही है।

## मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में छह अवर सचिव की पोस्टिंग

**रांची।** राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारी को देखते हुए झारखंड सचिवालय सेवा के छह अवर सचिव स्तर के पदाधिकारियों का स्थानांतरण–पदस्थापन किया गया है। सभी पदाधिकारियों को मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में पदस्थापित किया गया है। सीएम की अनुमति से इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

**इन्हें भेजा गया मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग :** स्वास्थ्य विभाग से मनोज कुमार सिंह, पीसीसीएफ कार्यालय रांची से संजय कुमार सिन्हा, राजस्व पर्षद से घनश्याम प्रसाद, जलसंसाधन विभाग से विनोद कुमार, उद्योग विभाग से संतोष कुमार चौबे व कृषि विभाग से विभाष चंद्र सिंह की सेवा मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में दी गयी है।

## राज्य के 539 खिलाड़ियों को सरकार देगी 4 को कैश अवॉर्ड

- **फुटबॉल के 105 और हॉकी के 103 खिलाड़ियों को मिलेगा लाभ**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड खेल विभाग 4 अक्टूबर को जैप 1 के शौर्य भवन में कार्यक्रम आयोजित कर 21 खेल के 539 खिलाड़ियों को कैश अवॉर्ड देगा। इसमें सबसे अधिक फुटबॉल के 105 और हॉकी के 103 खिलाड़ी शामिल हैं।

कार्यक्रम में खिलाड़ी और उनके कोच के बीच पांच करोड़ राशि का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर शामिल होंगे। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार यह अवॉर्ड झारखंड के वैसे खिलाड़ी को दिया जा रहा है, जिन्होंने एक अप्रैल 2023 के बाद अंतरराष्ट्रीय और भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीते हैं।

### किस खेल के कितने खिलाड़ियों को मिलेगा कैश अवॉर्ड

आर्चरी : 58, एथेलेटिक्स : 40, फुटबॉल : 105, ताइक्वांडो : 12, हॉकी : 103, कुश्ती : 12, स्विमिंग : एक, वुशु : 50, योगासन : 6, बॉक्सिंग : 4, लॉन बॉल : 15, साइक्लिंग : 9, गटका : 13, हैंडबॉल : 12, मॉडर्न पेंटाथलॉन : 10, नेटबॉल : 43, रग्बी : एक, जिम्नास्टिक : 12, शूटिंग : 3, वेटलिफ्टिंग : 5 और कबड्डी में एक खिलाड़ी को मिलेगा कैश अवार्ड।

## पीएम मोदी झारखंड विजिट : पुलिस अलर्ट, रांची में रेड जोन और नो फ्लाइंग जोन घोषित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। 17 दिनों में पीएम मोदी का यह दूसरा झारखंड दौरा है। प्रधानमंत्री रांची एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर के द्वारा हजारीबाग जाएगे। इसक देखते हुए रांची के कुछ इलाकों में नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है।

**रांची एयरपोर्ट के 200 मीटर की परिधि में नो फ्लाइंग जोन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरे को देखते हुए रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट की 200 मीटर की परिधि में नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के 200 मीटर की परिधि में ड्रोन, पैराग्लाइडिंग के साथ-साथ हॉट बैलून्स के उड़ान पर पूर्णतः रोक लगा दी गयी है। इस संबंध में सदर अनुमंडल दंडाधिकारी ने आदेश भी जारी कर दिया है।

**सुबह 5 से रात 11 बजे तक निषेधाज्ञा**

प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी सदर के द्वारा बुधवार सुबह 05:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी कर दी गई है। जारी आदेश में यह लिखा गया है कि दिनांक 2 अक्टूबर, बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रांची में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस क्रम में प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पधारेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून पूरी तरह से वर्जित एवं अन्य संबंधित गतिविधियों पर रोक लगाते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी सदर, रांची द्वारा नो ड्रोन जोन घोषित किया गया है।

**पुलिस अलर्ट पर**

वहीं दूसरी तरफ रांची एयरपोर्ट पर पुलिस की टीम भी पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से लेकर उनके प्रस्थान तक 200 से अधिक पुलिसकर्मी और अधिकारी एयरपोर्ट से लेकर उसके आसपास के क्षेत्र में तैनात रहेंगे।

### सुरक्षा में तीन हजार से अधिक जवान रहेंगे तैनात

पीएम के दौरे को लेकर रांची एयरपोर्ट से लेकर हजारीबाग तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हजारीबाग में तीन हजार से अधिक जवान तैनात रहेंगे। साथ ही सात एसपी, 45 डीएसपी, 100 इंस्पेक्टर और 400 सब इंस्पेक्टर भी तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा रैप की दो कंपनी को भी लगाया गया है। एडीजी अभियान लगातार सुरक्षा का जायजा ले रहे हैं। साथ ही एसपीजी के अधिकारी सुरक्षा की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## विकास और सुशासन के लिये भाजपा की सरकार जरूरी : मोहन चरण मांझी

- **ओड़िशा के मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में इस बार कांग्रेस और राजद का होगा सफाया, बनेगी डबल इंजन की सरकार**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/चाईबासा।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि झारखंड में इस बार झामुमो-कांग्रेस-राजद की गठबंधन सरकार का सफाया होने वाला है। राज्य में डबल इंजन की भाजपा सरकार आने वाली है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में अगर भाजपा की सरकार रहेगी तो राज्य और जनता का विकास होगा।

उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो 2 लाख 87 हजार सरकारी पद भरने के लिये निणर्य लिया जायेगा। भाजपा की सरकार बनते ही दिसंबर महीने से महिलाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से 2100 रुपये डालने का काम होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का घर दिया जायेगा। हर घर में टॉयलेट होगा। नल के जरिये हर घर में पानी पहुंचाया जायेगा।

उन्होंने कहा कि झारखंड में अगर कुशासन का अंत करना है तो भाजपा की सरकार बनाना जरूरी है।

## हेमंत सरकार ने पांच साल तक सिर्फ जनता को छला : बाबूलाल मरांडी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/चाईबासा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार ने पांच साल तक सिर्फ जनता को छला है। श्री मरांडी चाईबासा में आयोजित परिवर्तन यात्रा के समापन पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो- कांग्रेस की सरकार ने झारखंड के जंगल, पत्थर और बालू से सिर्फ अपनी तिजोरी भरने का काम किया है। राज्य में जमीन की हेराफेरी कर सिर्फ लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने इतना धन कमाया कि उनके नेताओं के घर से 350 करोड़ रुपये का पहाड़ मिला। गठबंधन सरकार के नेताओं के एक नौकर के घर से 35 करोड़ रुपये का बंडल बरामद हुआ है। गठबंधन सरकार ने बुजुर्गों, गरीबों, युवाओं और विधवा महिलाओं को ठगने का काम किया है। हेमंत सोरेन ने ही वादा किया था कि शादी के लिये लड़कियों को सोने का सिक्का देंगे। सोने का सिक्का तो दूर, किसी को चांदी का सिक्का तक नसीब नहीं हुआ। चुनाव नजदीक आते ही हेमंत सोरेन 1 हजार रुपये महिलाओं के खाते में डालकर जनता के बीच चारा डाल रहे हैं। अब हमें हेमंत सोरेन के जाल में नहीं फंसना है।

## भाजपा देगी आदिवासी, युवा और महिला को सम्मान : अर्जुन मुंडा

- **पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा ही कर सकती है आदिवासियों के भविष्य की सुरक्षा**



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/चाईबासा। चाईबासा में आयोजित भाजपा की परिवर्तन सभा के समापन के अवसर पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो मिलकर पर्दे के पीछे से खेलकर झारखंड को बर्बाद करने पर तुले हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस की सरकार में किसी नेता के घर से 350 करोड़ रुपये तिजोरी से मिलते हैं। एक मंत्री के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपये मिलते हैं। लेकिन राज्य सरकार कहती है कि हमें बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पैसा गरीबों का है। हम इस पैसे को लूटने नहीं देंगे।

उन्होंने कहा कि एक तरफ झामुमो की सरकार आदिवासियों की जमीन बचाने की बात करती है। लेकिन वास्तव में उन्हें लूटा जा रहा है। झामुमो-कांग्रेस की सरकार बड़े-बड़े लोगों के साथ मिलकर सिर्फ आदिवासियों की जमीन की लूट कर रही है। लेकिन हमें इस भ्रष्टाचार से जल, जंगल और जमीन को बचाना है। हेमंत सोरेन राज्य की जन और धन से खिलवाड़ कर रहे हैं। राज्य को अब लूटने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासियों की भाषा को मान्यता दिलाने के लिए गृह मंत्री ने आश्वासन दिया है। भाजपा हर तबके के बारे में सोचती है। आज देश और प्रदेश में जो भी विकास का काम हुआ है, उसे भाजपा ने ही किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में भी कहा है कि भाषा भारत की बहुत बड़ी संपदा है।

## निर्वाचन में जीरो एरर के साथ कार्य करें पदाधिकारी : के. रवि कुमार

- **सीईओ ने सभी जिलों के डीईओ के साथ की समीक्षा बैठक**
- **1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों पर एक अतिरिक्त पोलिंग ऑफिसर की होगी नियुक्ति**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित निर्वाचन से जुड़े सभी पदाधिकारियों का भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रशिक्षण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में जीरो एरर के साथ कार्य करना है। वह मंगलवार को राज्य के सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों (डीईओ) के साथ निर्वाचन सदन से ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे। मौके पर श्री कुमार ने कहा कि राज्य में कई पदाधिकारियों का ट्रांसफर पोस्टिंग हुआ है ऐसे में किसी जिले के ईआरओ एवं एईआरओ जिनका निर्वाचन संबंधित प्रशिक्षण नहीं हुआ है, उनकी सूची अविलंब उपलब्ध कराएं जिससे उनका ससमय ट्रेनिंग कराया जा सके। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार सभी जिलों में प्रीसाइडिंग ऑफिसर, पोलिंग ऑफिसर एवं एएलएमटी की ट्रेनिंग सुनिश्चित करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों पर एक अतिरिक्त पोलिंग ऑफिसर की नियुक्ति की जानी है। वल्नरेबल मैपिंग एवं सुरक्षा बल की तैनाती से संबंधित सूची तैयार करने में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारी अपने जिलों के मतदान केंद्रों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता अपने स्तर से जांच लें। बैठक में श्री कुमार ने दिव्यांग मतदाताओं को उपलब्ध सुविधा, पोस्टल बैलेट, नए मतदाताओं को जोड़ने आदि निर्वाचन संबंधी विषयों पर भी बिंदुवार समीक्षा की। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।

सुप्रभात रांची, बुधवार 02.10.2024

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

ॐ पितृ गणाय विद्महे जगत धारिणे धीमहि तन्नो पितरो प्रचोदयात्

नगर संस्करण। पेज : 12 | आश्विन, कृष्ण पक्ष, अमवस्या, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 83

12 अभिनेता गोविंदा को लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

## न्यूज डायरी

### आठ अक्टूबर को झारखंड कैबिनेट की बैठक

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 8 अक्टूबर को झारखंड कैबिनेट की बैठक होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी।

### लातेहार में एके-47 के साथ दो नक्सली धराये

**लातेहार।** झारखंड जनमुक्ति परिषद नक्सली संगठन के दो सब जोनल कमांडर को पुलिस ने अत्याधुनिक हथियार एके-47 के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में खुर्शीद अंसारी, पोचरा, लातेहार और फेंकू भुईयां बालूमाथ शामिल है। यह जानकारी एसपी कुमार गौरव ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में दी।

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 48.50 रुपये महंगा

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 48.50 रुपये की बढ़ोत्तरी की है। नयी दरें मंगलवार से प्रभावी हो गई हैं। हालांकि, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के भाव में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### आजसू पार्टी की झारखंड नवनिर्माण यात्रा आज से

**रांची।** आजसू पार्टी राज्य के अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में झारखंड नवनिर्माण यात्रा का आयोजन करेगी। इसकी शुरूआत दो अक्टूबर (गांधी जयंती) के अवसर पर गोमिया विधानसभा से होगी। इसके बाद यह यात्रा राज्य के विभिन्न विधानसभाओं में आयोजित होगी। गोमिया में यह यात्रा गोमिया हाई स्कूल से वन-बी मार्केट होते हुए स्वांग डीएवी स्कूल तक जाएगी। इस यात्रा में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, पार्टी के अन्य पदाधिकारी और हजारों कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 70400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 93000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




---

जलसहिया क्षमतावर्द्धन-सह-स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित

# हर जलसहिया को स्मार्ट फोन लेने के लिए मिला ₹12 हजार

**सरकार की पहल**

- योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में जलसहियाओं की भूमिका अहम
- चार वर्षों में एसएचजी को 12 हजार करोड़ रुपये फंड उपलब्ध कराया

स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में जल सहियाओं की भूमिका अहम है। श्री सोरेन मंगलवार को प्रभात तारा मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय जलसहिया क्षमतावर्द्धन सह स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में बोल रहे थे। मौके पर मुख्यमंत्री ने झार जल एप के माध्यम से कार्य करने में सुविधा के लिए प्रत्येक जलसहिया को स्मार्ट मोबाइल फोन खरीदने के लिए डीबीटी के माध्यम से एक मुश्त ₹12-12 हजार की राशि हस्तांतरित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि जलसहिया दीदियों की समस्याओं को हमारी सरकार ने सुलझाने का कार्य किया है। पूर्व की सरकारों ने जलसहिया दीदियों को उनका हक-अधिकार से वंचित रखा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार एक-एक समस्याओं का निदान करने का हरसंभव प्रयास कर रही है। ग्राम स्तर पर कार्यरत जलसहिया दीदी की मानदेय राशि बढ़ाकर 2 हजार रुपये प्रतिमाह कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने वृद्धजन, महिलाएं, नौजवान, छात्राओं के लिए विशेष कार्ययोजना के साथ उनके समग्र विकास की दिशा में एक लंबी लकीर खींचने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जल सहिया दीदी के माध्यम से राज्य सरकार महत्वकांक्षी योजनायें गांव-गांव तथा घर-घर तक पहुंचाने में सफल हो रही है। श्री सोरेने ने कहा कि आज झारखंड में जनता की उम्मीद और आकांक्षाओं की सरकार है। उन्होंने कहा कि आप सभी दीदी-बहनों को फिर से एक ताकतवर कड़ी बनाने का हमारा उद्देश्य है।

इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, दीपिका पांडेय सिंह, सांसद महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, राजेश कच्छप, राजेश ठाकुर आदि थे।

### ठेकेदारों पर नजर रखेंगी जलसहिया दीदी

सीएम ने कहा कि गांव-गांव, जन-जन तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना चुनौती है। इसे पूरा करना भी हम सभी की जिम्मेवारी है। राज्य में कहीं टंकी, कहीं बोरिंग, कहीं पाइपलाइन के जरिये शुद्ध जल पहुंचाने का कार्य हो रहा है। शिकायतें मिल रही है कि ठेकेदार गड़बड़ी कर रहें हैं। जलसहिया दीदियों को इस पर नजर रखने, का जिम्मा मिलेगा।

**उम्मीद है पीएम हमारा बकाया लौटायेंगे :** सीएम ने मंगलवार सुबह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर पीएम मोदी से झारखंड का बकाया 1.36 लाख करोड़ लौटाने का आग्रह किया है। झामुमो द्वारा जारी पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है कि दो अक्टूबर को जब पीएम झारखंड में होंगे, तो हमारा हक हमें लौटायेंगे। इसका मुझे पूर्व विश्वास है।

---

एक दिवसीय दौरे पर आज झारखंड आ रहे हैं मोदी

# हजारीबाग से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान करेंगे शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो अक्टूबर को झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। प्रधानमंत्री हजारीबाग में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसका बजट ₹79,150 करोड़ से अधिक है। यह अभियान 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2,740 ब्लॉकों में 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभान्वित करेगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन भी करेंगे व ₹2,800 करोड़ से अधिक की लागत के 25 ईएमआरएस की आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा पीएम-जनमन के तहत ₹1360 करोड़ से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। (खबर पेज 2 पर भी)

**प्रधानमंत्री का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम**



- 1:10 बजे विशेष विमान से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लैंडिंग।
- 1:30 बजे हजारीबाग के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना।
- 1:55 बजे हजारीबाग में जेपीए हेलीपैड पर लैंडिंग।
- 2:00 बजे विनोवा भावे विवि में सरकारी कार्यक्रम।
- 2:45 बजे मटवारी कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना।
- 5:05 बजे हेलीपैड से रांची के लिए रवाना।
- 5:30 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर आगमन।
- 5:45 बजे विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना।

# कांग्रेस ने देश के महत्वपूर्ण मुद्दों को उलझाये रखा: मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उसका फार्मूला ही है- न काम करो और न दूसरों को काम करने दो। कांग्रेस की राजनीति झूठे वादों तक सीमित है, जबकि भाजपा की राजनीति कड़ी मेहनत और परिणाम दिखाने पर केंद्रित है। अपने इसी फार्मूले पर चल कर कांग्रेस ने देश के लिए महत्वपूर्ण हर मुद्दे को उलझाये रखा। कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनने दिया। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में संविधान को पूरी तरह लागू नहीं होने दिया। उन्होंने हमारी बहनों को संसद और विधानसभा में आरक्षण से वंचित रखा। कांग्रेस ने हमारी मुस्लिम बहनों को तीन तलाक की समस्या में को लंबे समय तक उलझाये रखा। पीएम मोदी मंगलवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर पलवल में जन आशीर्वाद रैली में बोल रहे थे। कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस कभी कड़ी मेहनत नहीं करती।

## आरके मल्लिक-मुरारीलाल मीणा डीजी रैंक में प्रोन्नत





**रांची।** राज्य सरकार ने आईपीएस मुरारी लाल मीणा और आरके मल्लिक को डीजी रैंक में प्रोन्नति दी है। मीणा को डीजी रेल बनाया गया है जबकि मल्लिक को डीजी हेडक्वार्टर के पद पर पदस्थापित किया गया है। गौरतलब है कि ये दोनों आईपीएस अधिकारी जनवरी 2025 में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। मुरारी लाल मीणा 1993 बैच के जबकि आरके मल्लिक 1992 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं।

---

भाजपा पर जाति-धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का लगाया आरोप

# समय आने पर तय कर लेंगे सीट शेयरिंग का मामला: हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/बोकारो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा लोगों को जाति और धर्म के नाम पर बांटने का काम कर रही है। भाजपा कभी भी आदिवासियों और मूलवासियों की हितैषी नहीं हो सकती। भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। वे बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड के चंडीपुर मैदान में मंगलवार को कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव को लेकर इंडी गठबंधन के बीच सीट शेयरिंग पर कहा कि अभी हम लोग जनहित के काम में लगे हुए हैं, समय आने पर सबकुछ तय कर लेंगे। भाजपा के पास कोई काम ही नहीं है। यही कारण है कि वे लोग इसी काम में भिड़ गये हैं। भाजपा को तो झारखंड की चिंता भी नहीं है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमलोग एक तरफ झारखंड की चिंता कर रहे हैं, लगातार जनहित के कार्यों में लगे हुए हैं, वहीं भाजपा डेमोग्राफी बदलने का मन गढ़ंत झूठ फैलाकर हिंदू-मुस्लिम के बीच खाई पैदा कर रही है। इसी नाम पर वह राजनीतिक रोटी सेंकने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को उखाड़ फेंकने से ही झारखंड का भला होगा। गांव-गांव जाकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान करना होगा तभी जाकर सही मायने में ग्रामीणों का विकास हो पायेगा। सीएम ने कहा कि युवाओं को नौकरी दी जा रही है, इससे भाजपा को चिढ़ हो रही है।

### भाजपा ने अफसरों की चमड़ी मोटी कर दी थी



सीएम ने कहा कि भाजपा ने 20 वर्षों में यहां के अधिकारियों की चमड़ी मोटी कर दी थी। हमलोगों ने अफसरों पर लगाम लगाया है। अब यही अधिकारी गांव-गांव और टोला-टोला जाकर लोगों की समस्याएं सुलझा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में जल्द चुनाव होने वाला है। हम लोग आपकी सेवा में लगे हैं और हमारे कुछ विरोधी लोग गांव-देहात में वोट बटोरने के लिए हेलीकॉप्टर से इधर-उधर घूम रहे हैं। ये हमारे विरोधी आदिवासी-मूलवासी को पॉकेट में रखकर हमलोग के बीच एजेंट बनाकर भेज रहे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।

---

बिहार व बंगाल में बाढ़ के नुकसान का आकलन करने केंद्रीय टीम का दौरा जल्द

# गृह मंत्रालय ने बाढ़ प्रभावित 14 राज्यों के लिए ₹5,858 करोड़ की धनराशि जारी की

**केंद्रीय सहायता**


- कुछ राज्यों के नुकसान का आकलन करने के लिए भेजी गयी थीं टीम
- केंद्र ने बाढ़ प्रभावित राज्यों को लॉजिस्टिक मदद भी प्रदान की



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से केंद्रीय हिस्से के रूप में और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से अग्रिम राशि के रूप में 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5,858.60 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। बाढ़ प्रभावित राज्यों में असम, मिजोरम, केरल, त्रिपुरा, नगालैंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और मणिपुर में नुकसान का मौके पर आकलन करने के लिए इंटर मिनिस्ट्रियल सेंटर टीम (आइएमसीटी) भेजी गई थी। जबकि बिहार और पश्चिम बंगाल में नुकसान का आकलन करने के लिए जल्द ही इंटर मिनिस्ट्रियल सेंटर टीम (आईएमसीटी) भेजी जायेगी।

गृह मंत्रालय ने बताया कि मौजूदा सिस्टम के अनुसार आईएमसीटी की आकलन रिपोर्ट मिलने के बाद प्रभावित राज्यों को एनडीआरएफ से अतिरिक्त वित्तीय सहायता स्वीकृत की जायेगी। मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में इस साल 21 राज्यों को 14,958 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की जा चुकी है। इसमें एसडीआरएफ से 21 राज्यों को 9,044 करोड़ रुपए, एनडीआरएफ से 15 राज्यों को 4528 करोड़ रुपये और राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि से 11 राज्यों को 1385 करोड़ रुपये शामिल है।



आर्यभट्ट सभागार में स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन समारोह में बोले राज्यपाल

# स्वच्छता केवल सफाई का कार्य नहीं, बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की नींव है : संतोष गंगवार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को आर्यभट्ट सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन समारोह (17 सितम्बर से 1 अक्टूबर, 2024) के मौके पर कहा कि स्वच्छता केवल सफाई का कार्य नहीं, बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की नींव है। उन्होंने सभी से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ और स्वस्थ भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का जीवन स्वच्छता और सादगी का प्रतीक था। उनका जीवन हमें सिखाता है कि स्वच्छता केवल एक बाहरी सफाई नहीं है, बल्कि यह हमारे आंतरिक मन और समाज का भी प्रतिबिंब है।

उन्होंने स्वच्छता को एक स्वस्थ समाज के लिए अनिवार्य माना। स्वच्छता ही सेवा अभियान पूज्य बापू की इसी विचारधारा पर आधारित है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। राज्यपाल ने स्वच्छ भारत अभियान की 10वीं वर्षगांठ का भी उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री द्वारा प्रारम्भ स्वच्छ भारत अभियान आज एक जन आंदोलन बन चुका है और लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करता है। राज्यपाल ने एनएसएस स्वयंसेवकों का इस अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज में स्वच्छता का सकारात्मक संदेश पहुंचाना भावी पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा का कार्य करेगा। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, एनएसएस रांची के समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, विश्वविद्यालय के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## महात्मा गांधी के आदर्शों को जीवन में अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि : डॉ रामेश्वर उरांव

- **श्रद्धांजलि सभा में दीपों की जगमगाहट से अद्भुत छटा बिखेर रहा था बापू वाटिका**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर संध्या 6.30 बजे मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में 1001 दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान पासवा वॉलिंटियर्स ने 1001 दीपों से संपूर्ण बापू वाटिका को सजा दिया था। दीपों की जगमगाहट में बापू की छवि देखते बनती थी। मौके पर पासवा के संरक्षक और झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, महासचिव सुश्री फलक फातिमा, डॉ राजेश गुप्ता,रांची महानगर पासवा अध्यक्ष डॉ सुष्मा केरकेट्टा ने सर्वप्रथम बापू की आदमकद प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर बापू को उनके जन्म जयन्ती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने इस अवसर पर कहा कि महात्मा गांधी के आदर्शों को जीवन में अपनाना ही महात्मा गांधी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

डॉ उरांव ने उपस्थित जन समुदाय को कहा कि सफल राष्ट्र के निर्माण के लिए गांधी जी के वाक्य साधन और साध्य दोनों की पवित्रता महात्मा गांधी के सिद्धांत को हम सब को अपनाने की आवश्यकता है। आलोक कुमार दूबे ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के दर्शन से ही भारत में लोकतंत्र मजबूत होगा। वहीं, राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा ने महात्मा गांधी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए महात्मा गांधी के दर्शन ही वर्तमान युग में प्रासंगिक है। इस पुनीत बेला में विशिष्ट अतिथियों के अतिरिक्त पासवा के अनिकेत कुमार, मेंहुल दूबे, विशाल सिंह, रिया कुमारी, मृत्युंजय कुमार, संजय तिर्की, प्रियंका कुमारी, निकोदीम सोय, विशाखा कुमारी, साक्षी प्रिया, नन्दिनी कुमारी, मो. अजहर, मो. शाहिद, मो.शैफ, मो. जाबिर, मो. कैफ, मो. खालिद, अटल कुमार, आकांक्षा आनंद, सुशांत कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे।

## कांग्रेस के रोटेशनल सीएम के बयान झामुमो ने कहा, गलतफहमी न पालें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने दो अक्टूबर को पीएम मोदी के हजारीबाग दौरे से पहले एक तीर से कई निशाने साधे हैं। पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर द्वारा रोटेशनल सीएम की बात कहे जाने से जुड़े सवाल पर दो टूक शब्दों में कहा है कि कांग्रेस गलतफहमी न पालें। जो हमारे यानी हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चलेंगे, उनका स्वागत है। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि हम साझा सरकार चला रहे हैं और जुबान भी साझा होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि अगर झामुमो सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ता है तो 55 सीटों पर जीत दर्ज करेगा। झामुमो ने कहा कि कांग्रेस को 2009 और 2014 का चुनाव याद रखना चाहिए। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि कार्यकर्ताओं का दबाव है कि पार्टी सभी सीटों पर चुनाव लड़े।

**बांग्लादेशी घुसपैठ पर दी सफाई**

संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने के सवाल पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह एक कानूनी प्रक्रिया है। सिर्फ आरोपों से चीजें नहीं चलती। 20 अगस्त को मतदाता सूची जारी होने से पहले जिला स्तर पर वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण में सभी पार्टियों ने भागीदारी निभाई है। एक तरह से झामुमो ने स्पष्ट कर दिया कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ नहीं हुआ है।



**पीएम से सौगात नहीं हक चाहिए**

श्री भट्टाचार्य ने पीएम के दौरे पर कहा कि चुनाव के समय अचानक उनका आदिवासी प्रेम जाग जाता है। हमें उम्मीद है कि पीएम मोदी हजारीबाग के मंच से झारखंड का बकाया 1.36 लाख करोड़ वापस करने की घोषणा करेंगे। झामुमो नेता ने कहा, हमें सौगात नहीं, हमारा अधिकार चाहिए। यह पूछे जाने पर कि यदि बकाया राशि नहीं मिलती है तो क्या कानून का सहारा लेगी सरकार। उन्होंने कहा कि जिस दिन राज्य की चौहद्दी बांध देंगे, उस दिन दिल्ली में अंधेरा हो हो जायेगा। दिल्ली को अगर उजाला में रखना है तो झारखंड को उसका हक देना होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा का हाल हरियाणा और महाराष्ट्र से भी बुरा करेंगे। बार-बार पीएम के आने से नो फ्लाइंग जोन का भी मसला उठाया।

## स्ट्रेस मैनेजमेंट पर वर्कशॉप में बोले एक्सपर्ट्स-बातचीत से बहुत सारी परेशानियों का हल संभव

खबर मन्त्र संवाददाता

- **कार्यक्रम को बेहतर तरीके से संचालित करने वाले मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, एएनएम और अन्य कर्मियों को किया गया सम्मानित**

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कर्मियों को कार्यस्थल पर स्ट्रेस मैनेजमेंट पर एक दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को कांके रोड स्थित होटल होलीडे होम में आयोजित किया गया। सत्र में सीआईपी रांची के डॉ. निशांत गोयल ने कहा कि कार्यस्थल पर तनाव हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। उन्होंने बताया कि तनाव को समझना और उसे कम करना आवश्यक है, ताकि प्रोडक्टिविटी को बढ़ाया जा सके। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हम दूसरों को नहीं बदल सकते, लेकिन स्वयं को बदल सकते हैं। साथ ही कहा कि बातचीत से बहुत सारी परेशानियों का हल संभव है। आध्यात्मिक संस्था ब्रह्मा कुमारी की बीके इंदु ने कार्य के दृष्टिकोण के महत्व पर बात की। उन्होंने कहा कि तनाव का मूल कारण कार्य करने का तरीका होता है और एक व्यक्ति का आध्यात्मिक ध्यान पूरे परिवार को लाभ पहुंचा सकता है।

**योगाभ्यास और शारीरिक गतिविधियों का महत्व :** रिनपास के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पीके सिंह ने योगाभ्यास और शारीरिक गतिविधियों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि नियमित दिनचर्या से तनाव को कम किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में डॉ. शांतना समन्वयक नेशनल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम ने कार्यालय में तनाव प्रबंधन पर अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को बेहतर तरीके से संचालित करने वाले मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, एएनएम और अन्य कर्मियों को सम्मानित किया गया। बोकारो के डॉ. प्रशांत कुमार मिश्रा, जमशेदपुर के डॉ. दीपक कुमार गिरि और गुमला के डॉ. शाहीद अहमद को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं कार्यक्रम में डॉ. पूजा, कीर्तिका कपूर, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. पुष्पा, और डॉ. अनिल कुमार सहित अन्य ने भी अपने विचार साझा किये।

### बापू ने सत्य-अहिंसा को हथियार बनाया : सीमा शर्मा

**रांची।** एदलहातू स्थित निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में मंगलवार को गांधी जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर स्कूल की सचिव सीमा शर्मा और प्राचार्य विजय कुमार शर्मा समेत शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के जीवन के ऊपर स्पीच के साथ की गयी। छात्र-छात्राओं ने बापू के कार्यों के ऊपर प्रकाश डाला छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी के जीवन और उनके सिद्धांतों पर प्रेरणादायक पोस्ट भी बनाये। उन्होंने कहा कि बापू हमेशा अहिंसा और सच्चाई को अपना हथियार के रूप में इस्तेमाल किए और इसी के सहारे भारत को आजादी दिलायी।

### नशा सेवन नहीं करने की दिलाई शपथ

रांची। गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में तंबाकू एवं तंबाकू जनित पदार्थ का सेवन न करने को लेकर शपथ दिलाई गयी। कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सीमा गुप्ता ने कार्यालय के सभी डॉक्टर, पदाधिकारी एवं कर्मचारी को शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष तंबाकू का सेवन करने से लगभग 14 लाख लोगों की मौत हो जाती है। केवल वयस्कों की बात की जाए तो कुल मौतों का लगभग 9.5 प्रतिशत है। इससे बचा जा सकता है।

## जागरूकता का ध्यान समाज की अंतरात्मा को जगाने पर अधिक होना चाहिये : प्रो मन्ना

- **बीआईटी मेसरा कैंपस में कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा पर सेमिनार**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा के सेमिनार हॉल-1 में मंगलवार को आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) ने कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा पर सेमिनार का आयोजन किया। इसमें आमंत्रित वक्ता के रूप में रांची विवि मनोविज्ञान विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष एवं प्रो मीरा जायसवाल और हाशिया समाज-कानून की संस्थापक व वकील सुश्री अपूर्वा विवेक थीं। मौके पर संस्थान के कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना, आईसीसी की अध्यक्ष प्रोफेसर सुनीता केशरी और आईसीसी की संयोजक और सदस्य रितु अग्रवाल भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान आईसीसी की अध्यक्ष प्रो सुनीता केशरी ने आरजी कर अस्पताल में हाल ही में हुई घटना के संदर्भ में अपनी बातें रखीं।

वहीं, संस्थान के वीसी प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना ने देश के विकास के लिए मानव विकास सूचकांक के महत्व पर बात की। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति समाज के अन्य वर्गों का सम्मान करने में विफल रहता है तो शिक्षा कभी पूरी नहीं हो सकती है। जागरुकता का ध्यान समाज की अंतरात्मा को जगाने पर अधिक होना चाहिए।

कार्यक्रन में अतिथि वक्ता अपूर्वा विवेक ने यौन उत्पीड़न के कानूनी पहलू, दंड और प्रत्येक आचरण में सहमति के महत्व के बारे में बात की। इसके बाद डॉ. मीरा जायसवाल ने अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति उत्पीड़न पर बात की। सेमिनार में बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा के सभी विस्तार केंद्रों से लोग शामिल हुए। डॉ. मीरा जायसवाल और अपूर्वा विवेक को प्रो सुनीता केशरी, मंजू भगत और रितु अग्रवाल ने सम्मानित किया। इसके बाद उपस्थित लोगों को अपने प्रश्न पूछने का मौका दिया गया। कार्यक्रम का समापन रितु अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में संस्थान की असिस्टेंट रजिस्ट्रार निधि जायसवाल समेत संस्थान के अन्य महिला शिक्षिकाएं और अधिकारी शामिल थीं।

## सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने हाईकोर्ट के न्यायाधीशों और झालसा के कार्यों को सराहा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट में 28 और 29 सितंबर को दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की रक्षा पर दो दिवसीय राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श का आयोजन किया गया। यूनिसेफ इंडिया के सहयोग से आयोजित इस परामर्श का उद्देश्य विकलांग बच्चों के लिए एक समावेशी समाज बनाने के लिए समझ को गहरा करना और कार्यों में तेजी लाना है। विशेष रूप से उन लोगों के संबंध में जिन्हें देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता है और जो कानून के साथ संघर्ष में हैं।

दो दिवसीय विचार-विमर्श शीघ्र पहचान, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, परिवार-आधारित देखभाल, सुरक्षा, सुरक्षा और कानूनी सेवाओं के बीच संबंधों में सुधार पर केंद्रित रहा। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ ने राष्ट्रीय परामर्श में उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने दिव्यांग व्यक्तियों से संबंधित एक हैंडबुक जारी की और एक ऑडियोबुक भी जारी किया। सुप्रीम कोर्ट में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, जस्टिस अनिल कुमार चौधरी और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी ने किया। डीजीपी अनुराग गुप्ता, झालसा की सचिव रंजना अस्थाना समेत अन्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## वृंदावन कॉलानी में दिखेगा इस बार 71 फीट का काल्पनिक पंडाल

- **पंडाल का पट षष्ठी से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा**
- **षष्ठी को जागरण का भी किया गया है आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हर साल की भांति इस वर्ष भी वृंदावन कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति, वृंदावन कॉलोनी, चिरौंदी द्वारा कॉलोनी में भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष मंदिर के प्रारूप में वृहद पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पहली बार वातावरण को ध्यान में रखते हुए पंडाल में सजावट के लिए कपड़े के लेस का प्रयोग किया जा रहा है। प्रसिद्ध पंडाल निर्माता इवेंटो द्वारा इस पंडाल का निर्माण बंगाल के अनुभवी कलाकारों के द्वारा किया जा रहा है। पंडाल की आंतरिक सजावट रामायण के पात्रों एवं घटनाओं के आधार पर किया जा रहा है। इस दर्शनीय पंडाल रुपी मंदिर के निर्माण हेतु अनेकों कलाकार रात-दिन लगे हुए हैं। पंडाल का पट षष्ठी से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। इस दिन जागरण का भी कार्यक्रम किया गया है। दैनिक विधिवत पूजापाठ के अतिरिक्त समिति द्वारा पंडाल परिसर में प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे गीत संगीत, धार्मिक नाट्य प्रस्तुति, डांडिया इत्यादि का भी आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण हेतु अलग से समुचित काउंटर की व्यवस्था की गई है। पंडाल क्षेत्र की सफाई, सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं के पूजापाठ और सुगम दर्शन के लिए सभी व्यवस्था पर समिति द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि सभी के लिए पंडाल दर्शन एक सुखद एवं आनंददाई अनुभव रहे। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी वृंदावन कॉलोनी की पूजा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्था हेतु समिति के सदस्य रात दिन परिश्रम कर रहे हैं।

### ये हैं पूजा पंडाल के पदाधिकारी

संरक्षक मंजू सिंह, अरूण कुमार सिंह व जयनंदू, अध्यक्ष अभिषेक सिंह राठौर, उपाध्यक्ष रामानंद प्रसाद, सुमित शर्मा, मनोज देव सिंह, शैलेन्द्र सिंह, राजेश सिंह, डॉ सुशील कुमार सिंह, श्रीपति गिरि, सचिव धनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, मुख्य कार्यकर्ता लोकेश तिवारी, पप्पू सिंह, राजेश कुमार व रामलोचन प्रसाद हैं।

### 20 मजदूर कर रहे रोज काम

पंडाल निर्माण में 20 मजदूर लगे हैं। ये दिन रात काम कर पंडाल को अंतिम रूप देने में जूटे हैं। पंडाल की लंबाई 50 फीट, चौड़ाई 60 फीट और ऊंचाई 71 फीट होगी।

खबर एक नजर में

### टेकक्रिति 2024 : संत जेवियर्स कॉलेज की टेकबाइट सोसाइटी का शुभारंभ



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के टेकबाइट सोसाइटी का भव्य शुभारंभ मंगलवार को टेकक्रिति 2024 इवेंट के दौरान हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के रूप में फादर डॉ मार्नियस कुजूर एसजे, निदेशक एक्सआईएसएस और पीआरके नायडू, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक, झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण के वर्तमान अध्यक्ष एवं झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, उपस्थित थे। इवेंट में संस्थान की पूर्व छात्रा पूजा सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। टेकक्रिति 2024 के दौरान टेकबाइट सोसाइटी के लॉन्च को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने और भी भव्य बनाया, जिसमें छात्रों ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा और उत्साह का प्रदर्शन किया। टेकक्रिति 2024 के साथ जेवियर कॉलेज ने तकनीकी क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जो छात्रों को नए युग की तकनीकी चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार करेगा।

### डीएवी कपिलदेव से रिटायर हुए अंग्रेजी के टीचर पीएन झा

**रांची।** रांची के कडरू स्थित डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल के अंग्रेजी के सीनियर पीजीटी पीएन झा सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। वर्ष 1990 में डीएवी ग्रुप ज्वाइन करने के बाद उन्होंने 34 वर्षों तक अध्यापन कार्य किया। कडरू से पहले वह मध्यप्रदेश के कटनी में भी पोस्टेड रहे। उनके कार्य दिवस के अंतिम दिन स्कूल में उन्हें प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दूसरी ओर, मैथिली मंच की ओर से भी उनके आवास पर जाकर अधिकारियों ने उन्हें पाग और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मूल रूप से सुपौल के रहने वाले पीएन झा के पिता रामकृष्ण झा किसुन भी मैथिली के शिक्षक और चर्चित साहित्यकार थे। पीएन झा ने भी रांची विश्विद्यालय से उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद शिक्षण को ही अपना कॅरियर बनाया।

### छात्र के चोरी हुए पैसे की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करें महाविद्यालय प्रशासन, अन्यथा आंदोलन : युवा आजसू

**रांची।** युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल विशाल यादव के नेतृत्व में मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य से मुलाकात कर उन्हें 28 सितंबर को संपन्न हुई परीक्षा के दौरान छात्र की बैग चोरी होने एवं पैसा चोरी होने की घटना से अवगत कराते हुए उन्हें मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए युवा आजसू के विशाल कुमार यादव ने कहा कि बीते 28 तारीख को दुर्गा महतो रूम नो 29 में परीक्षा लिख रहे थे। परीक्षा के दौरान ही किसी ने उनके बैग को चोरी कर लिया। परीक्षा हाल से निकलने के बाद उन्होंने अपने बैग की छानबीन शुरू की बहुत ढूंढने के बाद बैग तो महाविद्यालय के बाथरूम में मिल गया, लेकिन बैग में रखे हुए 3000 उनके बैग में नहीं मिले। विशाल यादव ने कहा कि मारवाड़ी महाविद्यालय यह पहली घटना नहीं है ऐसी घटनाएं पूर्व में भी घट चुकी है। आजसू के सदस्यों ने कई बार मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य को मौखिक एवं ज्ञापन के माध्यम से सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग की है। लेकिन मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य अपनी घोर निद्रा से जागने का नाम नहीं ले रहे हैं, जिसके फल स्वरुप 28 तारीख को फिर एक छात्रा के बैग से3000 की चोरी हो गई। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। मौके पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने इस मामले से अपना पल्ला झाड़ने हुए कहा कि यह मामला परीक्षा विभाग के अधीन है। फिर मारवाड़ी महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं विशाल यादव के नेतृत्व में मारवाड़ी महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात कर उन्हें 28 तारीख को घटित घटना से अवगत कराते हुए जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से रूपी परवीन, गुंचा कमर, श्वेता कुमारी, सुरभि कुमारी, अंजली उरांव के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## सीसीएल कैंपस का सबसे स्वच्छ विभाग हर माह होगा पुरस्कृत : सीएमडी



- **स्वच्छता ही सेवा के तहत मुख्यालय परिसर की हुई सफाई**
- **स्वच्छता मित्रों के लिए वित्तीय सहायता जागरूकता शिविर आयोजित**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय परिसर में स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता ही सेवा पहल के तहत मंगलवार को व्यापक सफाई अभियान आयोजित किया गया। सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह ने इस अभियान का नेतृत्व किया। इस दौरान सीएमडी ने घोषणा की कि सीसीएल कैंपस के सबसे स्वच्छ विभाग को हर महीने पुरस्कृत किया जाएगा।

इस अवसर पर निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तकनीकी) हरीश दुहान, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार और अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस अभियान में बड़ी संख्या में सीसीएल के स्वच्छता मित्र एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी को सफाई की भावना अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

ज्ञात हो कि सफाई अभियान में कचरा हटाना, सामान्य क्षेत्रों की सफाई करना और उचित अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को सुनिश्चित करना शामिल है। उपस्थित सभी ने सीसीएल मुख्यालय को स्वच्छ और अधिक सुखद स्थान बनाने के लिए श्रमदान किया।

सीएमडी ने सभी स्वच्छता मित्रों का अभिनंदन करते हुए सफाई को हर व्यक्ति के लिए एक मूलभूत जिम्मेदारी के रूप में बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक स्वच्छ वातावरण ना केवल शारीरिक स्वास्थ्य में योगदान देता है, बल्कि स्वच्छ परिवेश सामुदायिक गर्व की भावना को भी बढ़ाता है।

सीएमडी ने कहा कि सीसीएल कैंपस के सबसे स्वच्छ विभाग को प्रत्येक महीने पुरस्कृत किया जाएगा। विजेता विभाग निर्धारण के लिए कंपनी के महिला कर्मियों की एक कमेटी बनाई जाएगी। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर विजेता विभाग तय किया जाएगा। कमेटी की सभी महिला सदस्य गैर अधिकारी होंगी। इसी अभियान अंतर्गत स्वच्छता मित्रों के लिए एक वित्तीय सहायता जागरुकता शिविर भी आयोजित किया गया। इसमें उन्हें वित्तीय प्रबंधन (बचत करना, ऋण लेना) एवं अन्य पहलुओं से अवगत कराया गया। सभी को साइबर ठगी से बचाव के लिए भी जागरूक किया गया।

## खबर एक नजर में

### नए डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने योगदान दिया

**रांची।** रांची के नए उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने उन्हें पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि शांतिपूर्ण त्योहार संपन्न कराना और सरकार की योजनाओं को ग्रामीण स्तर तक बेहतर तरीके से पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। आगामी विधानसभा चुनाव से संबंधित तैयारी पर उपायुक्त ने कहा कि पूर्व से ही तैयारियां की गई हैं, उसे आगे बढ़ाया जाएगा। सभी पदाधिकारी अनुभवी हैं, हम टीमवर्क के साथ सभी चुनौतियों का सामना करेंगे।

### जल्द बंद होगा अरगोड़ा का रेलवे फाटक

**रांची।** जल्द ही अरगोड़ा स्टेशन के समीप रेलवे क्रॉसिंग फाटक को बंद कर दिया जाएगा। क्योंकि, रेल प्रशासन के द्वारा वाहनों व आम जनता के आवागमन के लिए सबवे का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। नीचे के मार्ग का भी पक्कीकरण कार्य पूरा कर दिया गया है। वहीं, सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने कहा कि प्रक्रिया चल रही हैं, जल्द ही निर्णय होगा।

### रांची से प्रस्थान करने वाली तीन ट्रेनें आज रद्द

**रांची।** दक्षिण-पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में विकास कार्य के लिए ब्लॉक लिया जाएगा। इस कारण हटिया-टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस, आद्रा-बरकाकाना-आद्रा मेमू पैसेंजर वाया मुरी ट्रेन, आसनसोल-रांची-आसनसोल मेमू पैसेंजर दो सितंबर को रद्द रहेगी। वहीं, खड़गपुर-हटिया-खड़गपुर ट्रेन आद्रा और हटिया के बीच रद्द रहेगी।

### प्रेम प्रकाश की जमानत पर चार को सुनवाई

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई। इसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 4 अक्तूबर की तिथि निर्धारित की है। पिछले वर्ष जनवरी में अवैध खनन के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने प्रेम प्रकाश को बेल देने से इनकार करते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद प्रेम प्रकाश ने अपनी जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। जमानत अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की खंडपीठ में सुनवाई हुई।

### सीएम हेमंत सोरेन मामले में हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में उनकी ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका पर एमपी-एलएलए मामले की विशेष अदालत में मंगलवार को आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील प्रदीप चंद्रा ने बहस प्रारंभ की। जो पूरी नहीं सकी। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 8 अक्तूबर निर्धारित की है। मालूम हो कि मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। हेमंत सोरेन की ओर से पांच जुलाई को उक्त मामले में व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति में छूट से संबंधित याचिका दाखिल की है।

### युवा दस्ता ने डीआईजी अनूप बिरथरे से मिला

**रांची।** युवा दस्ता एवं सामाजिक और धार्मिक संगठनों का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को डीआईजी अनूप बिल्थरे से मिला। प्रतिनिधि मंडल में से युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, दुगार्पूजा महासमिति के अध्यक्ष रामधन बर्मन एवं समाजसेवी कुमार रोशन शामिल थे। डीआईजी ने प्रतिनिधिमंडल के सभी लोगों के बातों को सुना एवं सभी को पूरे सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधि मंडल में पीयूष आनंद, गोपाल पारीक, मंटू दुबे, मनीष केसरी, प्रकाश चंद्र सिन्हा, करण नायक, शाहिल कुमार, सुमित साहू, नवनीत पांडेय, राहुल सिन्हा चंकी सहित दर्जनों पदाधिकारी शामिल थे।

### निशिकांत दुबे के खिलाफ ट्रायल पर रोक

**रांची।** पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण देने से जुड़े मामले में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ देवघर सिविल कोर्ट में चल रहे ट्रायल पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में निशिकांत दुबे की याचिका पर सुनवाई हुई। उनकी ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने बहस की। निशिकांत दुबे के खिलाफ वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान देवघर जिला में कुंडा थाना में कांड संख्या 89/2019 दर्ज है। जिसका ट्रायल देवघर सिविल कोर्ट में चल रहा है। हाईकोर्ट से ट्रायल पर रोक लगने से निशिकांत दुबे को बड़ी राहत मिली है।

### ब्राउन शुगर खरीद-बिक्री करते दो युवक धराये

**रांची।** ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते दो युवक गिरफ्तार किए गए हैं। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले अंकित कुमार और हिंदपीढ़ी का रहने वाला मो. कैफी को गिरफ्तार किया है। इन दोनों की गिरफ्तारी सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर मैदान के पास से हुई है। इनके पास से पुलिस ने 30 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुआ है। मंगलवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने यह जानकारी दी।

### नेशनल इंश्योरेंस कंपनी की संपत्ति अटैच

**रांची।** राजकुमार सिंह की ओर से दाखिल ईजरायवाद कि सुनवाई करते हुये अवर न्यायाधीश वन की अदालत ने कचहरी रोड स्थित नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के कार्यालय से 4 लाख रुपये की राशि की चल संपत्ति को जब्त कर लिया गया है। अदालत के आदेश का पालन करते हुये सिविल कोर्ट के नाजिर जीशान अली और सहयोगी सत्यदेव कुमार नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के कार्यालय में जाकर कार्रवाई पूरी की। उक्त राशि की वसूली करने के लिये राजकुमार सिंह ने वर्ष 2022 में कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। कोट से अनुरोध किया था कि वर्ष 2005 में मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले में कोर्ट ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी को मुआवजा देने का आदेश दिया था। लेकिन कंपनी उक्त राशि का भुगतान नहीं किया था।

### रांची से लापता चार बच्चे सिमडेगा से बरामद

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन से पांच दिन पहले लापता चार बच्चों को सिमडेगा से बरामद कर लिया गया है। बरामद बच्चों को रांची पुलिस सिमडेगा से रांची लायी है। जानकारी के मुताबिक, चारों बच्चे रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर सिमडेगा चले गये थे। बानो स्टेशन पर आरपीएफ के जवानों ने चारों बच्चों देखा तो उनसे पूछा कि कहा जा रहे हो। बच्चों ने कुछ जवाब नहीं दिया। आशंका होने पर आरपीएफ के जवानों ने चारों बच्चों को ट्रेन से उतारा और आरपीएफ पोस्ट में रखा। इसके बाद सिमडेगा सीडब्ल्यूसी से संपर्क किया और बच्चों को सौंप दिया। चारों बच्चों के परिजनों ने सोमवार को चुटिया थाना में बच्चों के लापता होने की शिकायत दर्ज करायी थी।

### आजसू पार्टी की झारखंड नवनिर्माण यात्रा आज गोमिया विधानसभा से होगी शुरू

**रांची।** आजसू पार्टी राज्य के अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में झारखंड नवनिर्माण यात्रा का आयोजन करेगी। इसकी शुरूआत दो अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर गोमिया विधानसभा से होगी। जिसके बाद यह यात्रा राज्य के विभिन्न विधानसभाओं में आयोजित होगी। गोमिया में यह यात्रा गोमिया हाई स्कूल से 1बी मार्केट होते हुए स्वांग डीएवी स्कूल तक जाएगी। इस यात्रा में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य रूप से शामिल होंगे।

**अपना आजसू 24 घंटा सातों दिन सेवा केंद्र का शुभारंभ** : पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो कल डुमरी और गोमिया विधानसभा स्तरीय अपना आजसू 24 घंटा सातों दिन सेवा केंद्र का शुभारंभ करेंगे।

### भाजपा नेताओं पर पीड़क कार्रवाई नहीं करने का आदेश बरकरार

**रांची।** रांची में 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा की मोरहाबादी मैदान में रैली के दौरान पुलिसकर्मियों और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। साथ ही केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद संजय सेठ, बीडी राम समेत 21 आरोपियों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई नहीं करने का आदेश बरकरार रखा।

---

## पूर्वोत्तर भारत का पहला फ्लाईओवर दो साल में कांटाटोली में बनकर तैयार

# सीएम हेमंत 4 को फ्लाईओवर रांचीवासियों को करेंगे समर्पित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** तमाम बाधाओं को पार करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर और नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार की देखरेख में अंततः बहुबाजार कांटटोली शांतिनगर फ्लाईओवर बन कर उद्घाटन के लिए तैयार है। चार अक्टूबर को मुख्यमंत्री फ्लाईओवर का उद्घाटन करेंगे। इसी दिन राजधानी के हरमू फ्लाईओवर का शिलान्यास, सहित डीएवी पुंदाग से डीएवी हेहल, खेलगांव नामकुम रोड सहित 2500 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया जायेगा।

**प्रीकास्ट सेगमेंटल बॉक्स गडर प्रणाली से बना है यह पुल** : कांटाटोली फ्लाईओवर पूर्वोत्तर भारत का पहला प्रीकास्ट सेगमेंट्ल बॉक्स गडर प्रणाली का फ्लाईओवर है। इसमें 486 प्रीकास्ट सेगमेंट्ल बाक्स लगे हैं। 42 स्पैन (पीलर) पर सेगमेंट्ल बाक्स टिके हैं। लंबाई 2.4 किलोमीटर और लागत लगभग 224 करोड़ रुपये है। ब्रिज पर



लगभग 125 बिजली के खंभे हैं। इसे जुडको के क्रियान्वयन में मेसर्स दिनेशचन्द्र अग्रवाल एसोसिएट इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने रिकॉर्ड 2 वर्ष में पूरा किया है।

**कांटाटोली फ्लाईओवर को धरातल पर उतारने वाली टीम** : डीआरए एजेंसी से प्रशांत कुमार समन्वयक, रामप्रवेश वरीय परियोजना प्रबंधक, सुमित कुमार गुणवत्ता अभियंता, मुकेश कुमार साईट अभियंता, दीपक कुमार साईट अभियंता। जुडको से रमेश कुमार, पूर्व परियोजना निदेशक (तकनिकी) गोपालजी, परियोजना निदेशक (तकनीकी) बिरेन्द्र कुमार पूर्व महाप्रबंधक (परिवहन), विनय कुमार महाप्रबंधक (परिवहन), अभिनेन्द्र कुमार सहायक महाप्रबंधक, शीतांशु वैभव परियोजना प्रबंधक, नयन मोदक परियोजना प्रबंधक, प्रत्युष आनंद झा उप परियोजना प्रबंधक, बिनय कुमार शील सहायक परियोजना प्रबंधक, राहुल मिश्र सहायक परियोजना प्रबंधक और संजय कुमार सहायक परियोजना प्रबंधक। परामर्शी- कर्नल राजीव भटनागर टीम लीडर, आकाश कुमार बीइ, श्रीकांत कुमार साईट अभियंता, कौशिक कुमार गुणवत्ता अभियंता। वर्तमान एजेंसी डीआरए ने रिकार्ड समय में काम पूरा किया है, इस एजेंसी को 5 अप्रैल 2022 को कार्यादेश दिया गया था, जिसने मात्र 2 वर्ष में काम पूरा कर दिया।

### 55.82 करोड़ की लागत से बनेगा ट्रांसपोर्ट नगर फेज दो, शिलान्यास कल

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 3 अक्तूबर को ट्रांसपोर्ट नगर के प्रथम फेज का उद्घाटन व द्वितीय फेज का शिलान्यास करेंगे। जुडको के द्वारा सुकुरहुटू में ट्रांसपोर्ट नगर के फेज वन का निर्माण कार्य पूरा करा दिया गया है। वहीं, द्वितीय फेज में ट्रांसपोर्ट नगर 9 एकड़ परिसर में बनाया जायेगा। अधिकारियों ने बताया कि इसे बनाने में 55.82 करोड़ की लागत आयेगी। दूसरे फेज में कुल 256 वाहन खड़ा करने का प्लेटफॉर्म बनेगा। जलमीनार, डोरमेट्री भी बनेगी। इसके अलावा वाहन चालकों-खलासी इत्यादि के रहने के लिए आधुनिक विश्रामगृह भी बनाया जायेगा। ट्रांसपोर्ट नगर के बनने से भारी व मालवाहक वाहनों का प्रवेश शहरों में नहीं होगा। ट्रांसपोर्ट नगर में ही सामान को अनलोड किया जायेगा फिर वहां से छोटे परिवहन वाहनों से सामाग्रियों को रांची सहित आसपास के क्षेत्रों में पहुंचाया जायेगा।

### कांटाटोली फ्लाईओवर के उद्घाटन की तैयारियों का सचिव ने लिया जायजा



**कार्य पर संतुष्टि जताते हुये हरियाली और सजावट का दिया निर्देश**

**सिरमटोली -कांटाटोली के कनेक्टिंग ब्रिज का शिलान्यास भी होगा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची के बहुप्रतीक्षित एवं पहले कांटाटोली फ्लाईओवर के उदघाटन की उलटी गिनती शुरू हो गयी। क्रियान्वयन कंपनी जुडको एवं कार्य एजेंसी डीआरए ने दिनरात एक कर सारी तैयारियां पूरी कर ली है। इसका मुआयना संध्या मे नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने किया। चार अक्टूबर को मुख्यमंत्री कांटाटोली फ्लाईओवर का उदघाटन और सिरमटोली से बहुबाजार तक कनेक्टिंग फ्लाईओवर का शिलान्यास करेंगे। प्रधान सचिव ने नवनिर्मित फ्लाईओवर के उपर जाकर लाइटिंग और सजावट का जायजा लिया। उन्होने फ्लाईओवर के डिवाइडर पर आकर्षक पौधे लगाने का निर्देश दिया। जल्द से जल्द रंगरोगन का काम, जो अंतिम चरण मे है, को पूरा करने का निर्देश दिया। बहुबाजार साइड में फ्लाईओवर का पूजपाठ होगा। इसका भी निरीक्षण किया। इसके बाद प्रधान सचिव कुमार संत पाल स्कूल के प्रांगण गये। यहां बन रहे वाटरप्रूफ पंडाल और मंच का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। यही उदघाटन एवं शिलान्यास पप्त का अनावरण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। यहीं फ्लाईओवर को आम लोगों को आवागमन के लिए समर्पित करेंगे।

इधर सिरमटोली एवं कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर के बन जाने बाद मेकन चौक से शांति नगर कोकर तक वाहनों का सीधे आवागमन हो पायेगा।

### जेबीवीएनएल कल से बिजली बकाया माफी योजना के उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र देगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेबीवीएनएल रांची सर्किल मुख्यमंत्री उर्जा खुशहाली योजना के तहत बिजली बिल बकाया माफी योजना के लाभुक उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र देगा। इसके लिए रांची सर्किल द्वारा तीन से पांच अक्टूबर तक कैंप लगाया जा रहा है। रांची अधीक्षण अभियंता डीएन साहू ने बताया कि रांची सर्किल के तहत कुल 3,70,996 लाभुकों का 300.23 करोड़ रुपये का बिल माफ हो चुका है।

**तीन अक्तूबर को कैंप** : बिजली कार्यालय टाटीसिलवे, इरबा मैदान, एसडीएम कार्यालय बुंडू, मेन रोड सैनिक मार्केट कार्यालय, कांके ब्लॉक चौक, लापुंग ब्लॉक, बुढ़मू पंचायत भवन, मनातू पंचायत भवन, बिजली कार्यालय एचईसी, नामकुम ब्लॉक ऑफिस कैंपस, बिजली कार्यालय खूंटी।

**चार अक्तूबर को कैंप** : सिल्ली पंचायत भवन, ओरमांझी प्रखंड कार्यालय परिसर, तमाड़ पंचायत भवन, बिजली कार्यालय हरमू, बिजली कार्यालय पिठोरिया, बिजली कार्यालय चान्हो, बेड़ो ब्लॉक, सुंडील पंचायत, बिजली कार्यालय तुपुदाना, बिजली कार्यालय कांटाटोली और बिजली कार्यालय तोरपा।

**पांच अक्तूबर को कैंप :** सोनाहातू प्रखंड कार्यालय, अड़की प्रखंड कार्यालय, विद्युत शक्ति उपकेंद्र सिकिदरी, राज्यकीय मध्य विद्यालय बूटी, बिजली कार्यालय पुंदाग, बैंक मोड़, ठाकुरगांव, बिजली कार्यालय अपर बाजार, इटकी ब्लॉक, मुरमा पंचायत भवन, बिजली कार्यालय डोरंडा, बिजली कार्यालय पानी टंकी बरियातू, अड़की ब्लॉक कार्यालय।

**भाजपा ने झामुमो को बताया आदिवासियों मूलवासियों का सबसे बड़ी दुश्मन**

## पीएम के झारखंड दौरे से झामुमो को लग रहा डर : प्रतुल शाह देव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री का जब भी झारखंड में आगमन होता है तो झामुमो के खेमे में डर सा समा जाता है। प्रधानमंत्री खरबों रुपये की सौगात देने आ रहे हैं। लेकिन, भ्रष्टाचार में लिप्त झामुमो को अब भी डर लग रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ देशव्यापी अभियान चल रहा है और हेमंत सरकार तो पूरे तरीके से भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।

उन्होंने कहा कि आदिवासियों और मूलवासियों की सबसे बड़ी दुश्मन झामुमो है। उन्होंने कहा कि जिन आदिवासी और मूलवासियों को हक देने और नौकरी देने के नाम पर झामुमो सरकार में आई थी। उन्हीं को सबसे ज्यादा इस सरकार में ठगा गया। 5 वर्षों में 25 लाख नौकरियों की जगह हक मांगने निकले आदिवासी मूलवासी छात्रों को लाठियां मिली और फर्जी मुकदमों में फंसाया गया। उन्होंने कहा कि खनन लीज की बात हो या जमीन लीज की बात हो सब पर सोरेन परिवार का कब्जा रहा। सब प्रतियोगी परीक्षायें कदाचार की भेंट चढ़ गयीं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार पर पिछले 5 वर्षों के कार्यकाल में 70 हजार करोड़ रुपए के घपले-घोटाले का आरोप लगा है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने झारखंड आंदोलन को 3 करोड़ रुपए में बेच दिया हो, वह अब नैतिकता का पाठ पढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो के सांसद इतने भोले थे कि तीन करोड़ रुपये की रिश्वत की राशि को बैंक में रख दिया था। अब सर्वोच्च न्यायालय में यह मामला फिर से खुला है और इस पर सुनवाई चल रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन बेल पर बाहर हैं। लेकिन झामुमो ऐसा बयान दे रहा जैसे वह दोष मुक्त हो गये हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड का जो भी राशि बकाया है वह तो उसे मिलकर रहेगा।

### गवेषण विभाग एवं क्षेत्रीय संस्थान-7 राजभाषा पुरस्कार से पुरस्कृत

**रांची।** सीएमपीडीआई में मंगलवार को राजभाषा पखवाड़ा-2024 पुरस्कार वितरण समारोह में संस्थान के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने मुख्यालय स्तर पर गवेषण विभाग एवं क्षेत्रीय संस्थान स्तर पर क्षेत्रीय संस्थान-7, भुवनेश्वर को राजभाषा अध्यक्षीय शील्ड विजेता पुरस्कार तथा मुख्यालय स्तर पर पर्यावरण विभाग को राजभाषा अध्यक्षीय शील्ड उप-विजेता पुरस्कार से पुरस्कृत किया। मौके पर संस्थान के निदेशक शंकर नागाचारी, निदेशक अजय कुमार एवं निदेशक अच्युत घटक ने हिन्दी भाषी एवं अहिन्दी भाषी वर्गो के लिए निबंध प्रतियोगिता, कविता, टिप्पण प्रारूपण, वाद-विवाद, राजभाषा प्रश्नोत्तरी, पंच लाइन/ प्रतीक चिन्ह एवं चित्र आधारित कहानी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## सीएमपीडीआई के अधिकारियों ने सिपेट का दौरा किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी) अजय कुमार एवं निदेशक (तकनीकी/ आरडीएंडटी) अच्युत घटक ने संस्थान की सीएसआर टीम के साथ सेन्ट्रल इंस्टीच्यूट आफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी (सिपेट), रांची का दौरा किया। सीएसआर के तहत सीएमपीडीआई द्वारा प्रायोजित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 80 उम्मीदवारों को मशीन आपरेटर का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण सिपेट, रांची के माध्यम से दिलाया गया। इसकी लागत 68 लाख रुपए रही।



समापन सत्र में श्री कुमार और श्री घटक ने छात्रों को बधाई दी और प्रमाण-पत्र एवं प्रस्ताव पत्र प्रदान किए गए। श्री कुमार ने अपने सम्बोधन में आज के प्रतिस्पर्द्धी जॉब बाजार में कौशल आधारित प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया और छात्रों से उन्हें इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की सलाह दी। प्रशिक्षित छात्रों ने बाजार उन्मुख प्रशिक्षण दिलाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद करने के लिए सीएमपीडीआई, रांची और सिपेट, रांची के प्रति आभार प्रकट किया। सीएमपीडीआई की सीएसआर पहल राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि के लिए शिक्षा और कौशल विकास में निवेश के महत्व की याद दिलाती है।

### सीएमपीडीआई में वाकथान का आयोजन

**रांची।** सीएमपीडीआई के निदेशक शंकर नागाचारी ने स्वच्छता ही सेवा के हिस्से के रूप में संस्थान में आयोजित एक वाकथान का नेतृत्व किया। इस वाकथान में सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची और क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण तथा कर्मचारीगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वाकथान सीपीईआई भवन से शुरू होकर सीएमपीडीआई कार्यालय परिसर तथा आवासीय परिसर से गुजरते हुए संस्थान के खेल मैदान में समाप्त हुआ।

### बांग्लादेशी घुसपैठ पर हाईकोर्ट में सुनवाई टली, अब 13 नवंबर को

**रांची।** बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई टल गई। अब इस मामले की सुनवाई 13 नवंबर को निर्धारित की गई है। मंगलवार को राज्य सरकार और केंद्र सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि झारखंड हाईकोर्ट के 20 सितंबर के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की है, जिसमें दोनों सरकारों को बैठक कर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाने का निर्देश दिया गया था। केंद्र सरकार की ओर से बताया गया कि 30 सितंबर को झारखंड के मुख्य सचिव और केंद्रीय गृह सचिव के बीच कमेटी को लेकर बैठक हुई थी, लेकिन इस पर सहमति नहीं बन सकी। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद ही इस मामले की सुनवाई की जाए। इसके बाद चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस आर मुखोपाध्याय की अदालत ने दोनों के आग्रह को स्वीकार करते हुए सुनवाई 13 नवंबर को निर्धारित कर दी। पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कहा गया था कि झारखंड के संताल इलाके में बड़े पैमाने पर घुसपैठ हुई है। इलाके की डेमोग्राफी बदल गई है। आदिवासी आबादी कम हुई है और मुस्लिम आबादी बढ़ गई है। वहीं, राज्य सरकार ने घुसपैठ से इनकार किया।

## सोशियो इकोनॉमिक डेवलपमेंट ऑफ झारखण्ड पर एक दिवसीय प्रोफेशनल संवाद का आयोजन

# सीएम हेमंत के नेतृत्व में तेजी के साथ बढ़ रहा है झारखंड : प्रियंका चतुर्वेदी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को होटल बीएनआर चाणक्य में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की याद में सोशियो इकोनॉमिक डेवलपमेंट ऑफ झारखंड पर प्रोफेशनल संवाद का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि शिव सेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, मंत्री दीपिका सिंह पांडे एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दीप प्रज्जवलित कर किया।



कार्यक्रम में सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि कार्यक्रम में नई नई सोच और राज्य को विकसित करने के प्रति नई नई सलाह भी मिली, साथ ही महाराष्ट्र के कुछ डेवलपमेंट के थॉट्स हमने शेयर किए ताकि यहां भी उन चीजों से मदद मिल सके और राज्य समृद्धि की ओर अग्रसर रहे। उन्होंने कहा कि झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य काफी तेजी के साथ बढ़ रहा है।

प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा यहां के ट्राइबल कम्युनिटीज को भड़काने का काम कर रही है। इसके बावजूद यहां की जनता मजबूती के साथ अपने मुख्यमंत्री के साथ खड़ी रही और भाजपा की साजिस विफल रही। उन्होंने कहा कि अब ये समय है कि भाजपा सुधर जाए वरना हमने लोकसभा चुनाव में भी आपको सबक सिखाया है और अब विधानसभा चुनाव में भी उखाड़ फेकने का काम करेंगे।

**राज्य में एग्रोबेस्ड इंडस्ट्रीज लगाया जायेगा: दीपिका सिंह पांडे**

राज्य सरकार की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में एग्रोबेस्ड इंडस्ट्रीज लगाया जायेगा, सिंगल विंडो ऑप्शन दी जाएगी ताकि जो भी एग्रीकल्चर बेस्ड इंडस्ट्रीज लगाना चाहते हैं उनको परेशानी ना हो। साथ ही साथ सप्लाई चेन के लिए प्रॉपर ट्रांसपोर्टेशन देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में वेयरहाउसेस और कोल्ड स्टोरेज की काफी जरूरत है उसकी सुविधा दी जाएगी। खाद, बीज और बैंकिंग सारी चीजों से कोआपरेटिव और पैक्स को जोड़ा जाएगा ताकि पंचायत में ही किसानों को सारी चीजें आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि होल्डिंग किसानों का अपने सुविधा के अनुसार होगा साथ ही साथ फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि महात्मा गांधी की सोच थीं गांवों का सर्वांगीण विकास कैसे करें। गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास कि रोशनी कैसे जलायें। उन्होंने सत्य और अहिंसा के बल पर अंग्रेजों को भी भारत से सात समुंदर पार भागाने का काम किया। आज करोड़ों लोग उनकी सोच और विचारों को लेकर चल रहें हैं जिससे देश के विकास में गति मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में जो विचार उभर कर सामने आएगा उससे राज्य के प्रगति सरकार सहयोग मिलेगा।

**महाराष्ट्र का मॉडल झारखंड में लागू हो : आदित्य विक्रम**

आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने महाराष्ट्र से आकर वहां के विकास मॉडल को कार्यक्रम में साझा किया। उनके विचार को झारखंड सरकार के साथ साझा राज्य को उन्नति के शिखर पर ले जाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र एक बहुत ही डेवलप स्टेट है। वहां का मॉडल यहां कैसे लागू किया जाए, ये हम प्रोफेशनल संवाद के जरिए रिसर्च पेपर्स भी बनायेंगे और आने वाले समय में झारखण्ड मैनिफेस्टो में भी डालने का प्रयास करेंगे ताकि झारखण्ड समृद्ध बने। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में गठबंधन सरकार सरकार फिर से आएगी और हम सब यहाँ से भाजपा को उखाड़ फेकने का काम करेंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर कुमार आदितेन्द्र नाथ शाहदेव, एवं मीनाक्षी सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विजयश्री शाहदेव ने किया।

# सीमित संसाधन

भारत की जनसंख्या लगभग 13 सितंबर 2024 को 1 अरब 45 करोड़ 35 लाख थी, जो विश्व की कुल जनसंख्या (लगभग 8 अरब) का करीब 18 प्रतिशत है। गौरतलब है कि विश्व के महज ढ़ाई प्रतिशत भू-भाग पर दुनिया की कुल जनसंख्या का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा जीवन यापन करने के लिए विवश है। जरा सोचिए कि ऐसे में क्या देश में मौजूद प्राकृतिक संसाधनों पर अनावश्यक दबाव नहीं पड़ेगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो इसी वर्ष अप्रैल के अंत में जारी संयुक्त राष्ट्र की 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' के अनुसार आज दुनिया भर के कुल 59 देशों के लगभग 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने के लिए मजबूर हैं। रपट के अनुसार युद्धग्रस्त गाजा पट्टी और सूडान में बिगड़े खाद्य सुरक्षा के हालातों के कारण 2022 में 2.4 करोड़ से भी अधिक लोगों को खाद्य सामग्री के अभाव में भूखे रहना पड़ा था। यदि संसाधनों का वितरण आबादी के अनुपात में हुआ होता अथवा कहा जाए कि जनसंख्या में वृद्धि संसाधनों के अनुकूल ही हुआ होता तो युद्धग्रस्त गाजा पट्टी और सूडान में बिगड़े खाद्य सुरक्षा के हालातों के कारण करोड़ों लोगों को खाद्य सामग्री का अभाव नहीं झेलना पड़ता। गौरतलब है कि यूक्रेन और सूडान से कई देशों को गेहूं समेत अन्य खाद्य सामग्रियों की आपूर्ति की जाती है, तब उन आयातक देशों के निवासियों का पेट भरता है। देखा जाए तो संयुक्त राष्ट्र की रपट इस बात की ओर भी साफ संकेत करती है कि जैसे-जैसे विश्व भर में जनसंख्या बढ़ती गई वैसे-वैसे ही भूखे लोगों की संख्या में भी लगातार वृद्धि होती गई। बता दें कि भोजन के अभाव को लेकर रपट जारी करने की शुरूआत संयुक्त रार्ष्ट्र ने 2016 में की थी और 2016 की पहली रपट की तुलना में हालिया रपट में विश्व भर में भूखे लोगों की संख्या में चार गुणा की वृद्धि हो चुकी है।




**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

**कर्क :** राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8


**धनु :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

**मकर :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

## कार्टून वर्ल्ड




# के के मोहम्मद की बातों को गंभीरता से लेना होगा, यह हिंदू आस्था का विषय

**भारत** के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित भारतीय पुरातत्वविद् के.के. मोहम्मद साहब का काम पुरातत्व के क्षेत्र में इतना अधिक है कि उनका नाम आज विश्वविख्यात है। इन्हें इबादत खाना, प्रमुख बौद्ध स्तूपों और स्मारकों की खोज का श्रेय दिया जाता है। अपने करियर के दौरान, बटेश्वर परिसर के जीर्णोद्धार का काम किया, नक्सल विद्रोहियों और डकैतों को सहयोग करने के लिए सफलतापूर्वक राजी किया, साथ ही दंतेवाड़ा और भोजेश्वर मंदिरों का जीर्णोद्धार किया। इन्होंने ही बाबरी की खुदाई कर राम जन्मभूमि मंदिर के बारे में महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाले थे। बाबरी मस्जिद के पश्चिमी हिस्से में एक प्राचीन मंदिर के अवशेष मिले थे, जो गुर्जर-प्रतिहार राजवंश द्वारा 10वीं और 11वीं शताब्दी के बीच बनाया गया था। इसके पूर्व के अवशेष भी इन्होंने खोज निकाले थे। आपने दिल्ली में प्रतिकृति संग्रहालय के निर्माण की अवधारणा को भी सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया, जिसमें भारतीय मूर्तियों और पत्थर पर नक्काशीदार मूर्तियों की प्रतिकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। इसके अतिरिक्त भी पुरातत्व से जुड़े अन्य कई सफल प्रयास इनके खाते में दर्ज हैं।

ऐसे प्रसिद्ध आर्कियोलॉजिस्ट के.के.मोहम्मद साहब ने काशी और मथुरा मन्दिर क्षेत्र को लेकर चल रहे विवाद पर एक महत्वपूर्ण वक्तव्य दिया है। उनका कहना है, मुसलमानों को बड़ा दिल दिखाते हुए काशी और मथुरा के स्थलों को हिंदुओं को सौंप देना चाहिए, क्योंकि इन स्थानों में हिंदुओं की गहरी आस्था है, यही इस मुद्दे का एकमात्र समाधान है। इसके साथ ही वे यह भी उल्लेखित करते हैं कि इन स्थानों से जुड़ी मस्जिदों को लेकर मुसलमानों का कोई भावनात्मक जुड़ाव नहीं है और मुसलमानों को ऐतिहासिक गलतियों को सुधारने के लिए खुद आगे आना चाहिए।

के.के.मोहम्मद साहब इतना कह कर ही नहीं रुके, वे आगे अपनी बातों में यह भी जोड़ते हैं कि भारत आज सेक्युलर देश है तो हिन्दुओं की वजह से है, हिन्दू यहाँ बहुसंख्यक हैं इसलिए देश सेक्युलर है। मुसलमानों को इसका शुक्रगुजार होना चाहिए। यदि मुसलमान बहुसंख्यक होते तो भारत की धर्मनिरपेक्षता बनाए रखना मुश्किल होता। आजादी के बाद मुसलमानों के लिए पाकिस्तान बनाया गया था, जबकि हिंदुओं को भारत दिया गया, फिर भी हिन्दुओं ने इसे हिन्दू देश नहीं बनाया, सेक्युलर रखा और इसके लिए मुसलमानों को आभार व्यक्त करना चाहिए। वस्तुतः इतिहास साक्षी है कि दुनिया में इस्लाम का प्रसार तलवार के बल पर हुआ। लोगों को इस्लाम कबूलने के लिए मजबूर किया गया। उनके पूजा-स्थलों को ध्वस्त कर उसके मलबे से मस्जिदों का निर्माण करने के अनेकों उदाहरण आज मौजूद हैं। इसीलिए ही भारत में सैकड़ों मस्जिदों की दीवारों पर हिंदू देवी-देवताओं के चित्र या सनातन धर्म के अन्य प्रतीक चिह्न दिखाई देते हैं।





- डॉ मयंक

> वर्ष 1990 में इतिहासकार सीताराम गोयल, अरुण शौरी, हर्ष नारायण, जय दुबाशी और राम स्वरूप ने मिलकर हिंदू टेम्पल: व्हाट हैपन्ड टू देम नामक दो खंडों की किताब प्रकाशित की थी। उसमें सीताराम गोयल ने 1800 से अधिक मुस्लिमों द्वारा बनाई गई इमारतों, मस्जिदों और विवादित ढाँचों का पता लगाया था।

मुस्लिम शासकों ने 60,000 हिंदू मंदिरों को तोड़ा था और उनमें से 3,000 मंदिरों की जगह मस्जिदें बनाई थीं, यह तथ्य सर्वविदित है। 1989 में अरुण शौरी ने एक प्रसिद्ध और प्रभावशाली व्यक्ति मौलाना हकीम सैयद अब्दुल हाई से चर्चा करते हुए बताया था कि उन्होंने कई किताबें लिखी हैं, जिनमें से एक किताब ह्यहिंदुस्तान की मस्जिदेंह्ल है, जिसमें 17 पन्नों का अध्याय था। उसमें मस्जिदों का संक्षिप्त विवरण मिलता है, जो यह बताता है कि कैसे मस्जिदों के निर्माण के लिए हिंदू मंदिरों को नष्ट कर दिया गया था। राजस्थान स्टेट आर्काइव्ज बीकानेर में मुगलों के सैकड़ों पत्र सुरक्षित रखे गए हैं जिसमें औरंगजेब समेत कई इस?लामिक बादशाहों के पत्र हैं, जिसमें इनके द्वारा समय-समय पर दिए गए मंदिरों को तोड़ने, हिन्दुओं को मुस्लिम बनाने पर इनाम की घोषणा, दिवाली पर पटाखे जलाने को प्रतिबंधित करने के आदेश जैसे कई हिन्दू विरोधी कृत्य हैं ।

वर्ष 1990 में इतिहासकार सीताराम गोयल, अरुण शौरी, हर्ष नारायण, जय दुबाशी और राम स्वरूप ने मिलकर हिंदू टेम्पल: व्हाट हैपन्ड टू देम नामक दो खंडों की किताब प्रकाशित की थी। उसमें सीताराम गोयल ने 1800 से अधिक मुस्लिमों द्वारा बनाई गई इमारतों, मस्जिदों और विवादित ढाँचों का पता लगाया था। देश की राजधानी दिल्ली का उल्लेख करते हुए इस पुस्तक में बताया गया है कि यहाँ कुल 72 जगहों की पहचान की गई है, जहाँ पर मुस्लिम आक्रमणकारियों ने सात शहरों का निर्माण करने के लिए इंद्रप्रस्थ और ढिलिका को नष्ट कर दिया था। वस्तुतः 1192 ई. तक दिल्ली हिंदू राजाओं के द्वारा शासित होती थी। तराइन की दूसरी लड़ाई में मोहम्मद गोरी ने पृथ्वीराज चौहान को हराकर दिल्ली की सत्ता हासिल कर ली। उन्हीं दिनों कुतुबुद्दीन ऐबक, जो मोहम्मद गोरी का सेनापति था, ने श्री विष्णु हरि मंदिर और अन्य 27 जैन और हिंदू मंदिरों को तोड़कर उन्हीं के मलबे से एक ढांचा खड़ा किया, जिसे ह्यकुव्वतुल इस्लाम मस्जिदह्ल का नाम दिया गया। वहीं, मंदिर की सामग्री का उपयोग अन्य स्मारकों, मस्जिदों, मजारों और अन्य संरचनाओं में किया गया था। 1871 में कुतुब कॉम्प्लेक्स में किए गए सर्वेक्षण की रिपोर्ट में जेडी बेगलर ने बताया था कि इल्तुतमिश के मकबरे, कुवततुल इस्लाम मस्जिद में हिन्दू साक्ष्य साफ दिखाई देते हैं और ये स्थल इस्लामिक आक्रांताओं द्वारा जोड़-तोड़ का सबसे बड़ा निशान है। इसी तरह खिलजी के मदरसे पर एएसआई की 1926 की रिपोर्ट में इसके गुंबद को हिंदू मन्दिर की कलाकृति के तहत बना हुआ बताया।

उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक मंदिरों को निशाना बनाया गया और यहां पर इस्लामिक आंधी ने हिंदुओं की कला और संस्कृति पर जरा भी रहम नहीं किया 299 विशाल और भ०?य मंदिरों का विध्वंस कर दिया गया। इस पुस्तक के सभी लेखकों ने 142 जगहों की पुष्टि तत्कालीन आंध्र प्रदेश में की है। पश्चिम बंगाल में 102 जगहों पर मस्जिदें, किले और दरगाह हैं, जिन्हें मुस्लिम शासकों ने मंदिरों को नष्ट करके बनाया था। कर्नाटक में कुल 192 स्थान हैं। मध्य प्रदेश के 151 स्थलों का उल्लेख है। किताब में गुजरात की 170 चिन्हित हैं, जहाँ मंदिर को तोड़ कर मस्जिद बनाई गई हैं। बिहार में कुल 77 जगहों पर मंदिर को नष्ट करके या फिर उसकी सामग्री का उपयोग करके मस्जिदों, मुस्लिम संरचनाओं को तैयार किया गया। इसी तरह से इतिहासकारों द्वारा हरियाणा में कुल 77 स्थलों का उल्लेख मिलता है। वस्तुतः इस पुस्तक और इसके बाहर अन्य तमाम पुस्तकों में जो वर्णन आया है उससे यह साफ पता चलता है कि भारत के जिस भी कोने में यह इस्लामी आक्रांता गए, उन्होंने सिर्फ और सिर्फ भारत की सनातन संस्कृति-सभ्यता के ध्वजवाहक मंदिरों को नष्ट करने का ही कार्य किया। इस तरह देखें तो पहले जितना भी हिंदू अत्याचार हुआ, वह भयंकर है, उनके बाद भी हिंदू समाज उन तमाम मंदिरों पर आज अपना दावा नहीं ठोक रहा है।

## लेटर टू एडिटर

### समाज की हालत

**विभिन्न** राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए लोकलुभावने वादे और मुफ्त की सुविधाएं बांट रहे हैं, जो वास्तविकता में भ्रष्टाचार का ही एक रूप है। उनका सुझाव है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों को अयोग्य घोषित करना चाहिए, जो अपने घोषणा पत्र की बुनियादी बातें पूरी नहीं करतीं। मुफ्त सुविधाएं अंततः उनके ही टैक्स से आती हैं। अगर सरकार सही तरीके से शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि की समस्याओं का समाधान तो समाज में वास्तविक सुधार संभव है।

**-बृजमोहन ओझा, रांची**

### अपराध की राह

**आजकल** बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से गन कल्चर से प्रभावित होकर नकली हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं, हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए । अगर वे लापरवाह रहे तो भारत को अमेरिका बनते देर नहीं लगेगी। **- प्रकाश सिंह, रांची**

## एक्स - ट्वीट

**बहुत** सारे लोग आज देश को मजबूत करने की बात करते हैं, लेकिन जब गांव की स्थिति ही ठीक नहीं है तो देश मजबूत कैसे हो सकता है? आज भी इस देश में 80 करोड़ लोग सरकार द्वारा दिए जा रहे अनाज पर जिंदा है, और ये विकसित भारत का भजन-कीर्तन करते रहते हैं।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

**हरियाणा** में भाजपा सरकार ने बीते 10 वर्षों में जनकल्याण और सुशासन के नये मानदंड स्थापित किये हैं। हरियाणा वासी एक बार फिर कमल खिलाने तैयार हैं।

भाजपा प्रत्याशी श्री कुलवंत बाजीगर जी के समर्थन में आयोजित रोड-शो में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। **-शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री**

# जीवन में अनुशासन के लिए वर्तमान में गांधी के एकादश महाव्रत की आवश्यकता

महात्मा गांधी की जयंती (2 अक्टूबर) पर विशेष

**डॉ. लोकेश कुमार**

## जयंती

महात्मा गांधी ने कहा था कि ह्यमेरा जीवन ही मेरा संदेश हैह्ल इसमें दो राय कभी नहीं रही कि गांधी जैसे थे, वैसे ही उनके विचार थे। उनकी कथनी-करनी में लेशमात्र अंतर नहीं था। महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। उन्होंने अपना जीवन एक संत की तरह व्यतीत किया। विनोबा भावे एक दिन महात्मा गांधी से राजनीति के गुर सीखने के भाव से आश्रम में आए। इस दौरान महात्मा गांधी आश्रम में भोजन के लिए सब्जी काट रहे थे। बापू कभी भी किसी काम को छोटा या बड़ा नहीं समझते थे। उनको देख कर विनोबा को बड़ा आश्चर्य हुआ, जिस व्यक्ति ने देश की राजनीति को नया रूप प्रदान किया है। जिसके पीछे पूरा देश चल रहा है। जिसकी एक आवाज पर लाखों लोग मरने-मारने के लिए आतुर हो सकते हैं। वह व्यक्ति साधारण आदमी की तरह सब्जी काटने में व्यस्त हैं। गांधी का विराट व्यक्तित्व देखकर यही कह पाए कि मुझे भी देश की सेवा करने का दायित्व दीजिए। गांधी ने उस समय यही कहा कि अभी मेरे पास सब्जी काटने का कार्य है।

जीवन अनुशासित रखने के लिए एकादश महाव्रत अत्यंत आवश्यकता है। एकादश महाव्रत को गांधी ने नैतिक नियमों की मान्यता दी।

1. सत्यः-विश्व के सभी धर्मों में सत्य बोलने की बात कही गई। संत कबीर कहते थे कि ह्यसांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप। जाके हिरदै सांच हैं, ताकै हृदय आप।ह्ल अर्थात सच बोलने जैसी तपस्या कहीं नहीं होती है और झूठ बोलने जैसा पाप कहीं नहीं होता है। जिसके दिल में सच है, जो सच्चाई के राह पर चलता है, उसी की दिल में भगवान बसते हैं। इसको आगे बढ़ाते हुए महात्मा गांधी का मानना था कि सत्य सूर्य के प्रकाश के समान लाख गुणा प्रखर है। वे सत्य व अहिंसा को एक सिक्के के दो पहलू मानते थे। अहिंसा की अपेक्षा वे सत्य को अधिक महत्व देते थे। गांधी के मत में केवल सत्य बोलना ही निष्ठा का प्रमाण नहीं है। सत्यपरायण व्यक्ति मन, कर्म और वचन तीनों से सत्य के प्रति समर्पित ही मानव सेवा की भावना को प्रमुख बनाता है।

2. अहिंसाः- दुनिया भर के धर्मों में अहिंसा का महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। श्लोक ह्यअहिंसा परमो धर्मः धर्म हिंसा तथैव चः।ह्ल अर्थात अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है। परंतु धर्म की रक्षा के लिए हिंसा भी वैसा ही धर्म है। यह श्लोक महाभारत के अनुशासन पर्व से लिया गया है। महात्मा गांधी भी इस सिद्धांत का पालन करते हुए कहते थे कि अहिंसा मनुष्य को शक्तिशाली और दृढ़ बनाती है। अहिंसा संसार के उन महान सिद्धांतों में से हैं, जिसे दुनिया की कोई ताकत मिटा नहीं सकती। वे कहते थे कि ह्य मेरे जैसे हजार लोग मर जाएं, लेकिन अहिंसा कभी नहीं मर सकती । उनका दृढ़ विश्वास था कि अहिंसा नामक तलवार आपके हाथ में है तो विश्व की कोई भी शक्ति आपको अपने अधीन नहीं ले सकती। अहिंसा ही विश्व में शांति स्थापित करा सकती है।

3. अस्तेय :- योग , दर्शन, उपनिषदों, महाभारत, जैन और बौद्ध धर्म के दर्शनों में अस्तेय के पालन करने का उपदेश दिया गया है। महात्मा गांधी भी अस्तेय पर जोर देते हुए कहते थे कि नैतिक उत्थान के लिए अस्तेय का पालन करना आवश्यक है। अस्तेय का सामान्य अर्थ है -चोरी नहीं करना और दूसरे की वस्तु की आकांक्षा भी नहीं करना। किसी वस्तु को लावारिस समझ लेना भी चोरी के श्रेणी में आता है। वे शारीरिक, मानसिक और वैचारिक चोरी को भी अस्तेय मानते थे। यह मनुष्य की आत्मा को पतन की ओर ले जाती है।

4. अपरिग्रहः-महात्मा गांधी अपरिग्रह को महत्वपूर्ण मानते हुए कहते थे कि ह्यमानव जीवन को अच्छे तरीके से चलाने के लिए इसकी अत्यंत आवश्यकता है। उनका मानना था कि अपरिग्रह के सिद्धांत का पालन न केवल धन और वस्तुओं के सम्बंध में ही वरन विचारों के सम्बंध में भी होना चाहिए। उनके मतानुसार जो विचार अहिंसा, सत्य ईश्वरोपासना और नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के खिलाफ है और उनकी प्राप्ति व वृद्धि में सहायक नहीं होते उनका संचय करना ही अपरिग्रह का उल्लंघन है। इसके लिए मनुष्य को अपने मन से ऐसे विचारों को निराकरण करना चाहिए।

5. ब्रह्मचर्यः-महात्मा गांधी ने भी ब्रह्मचर्य के पालन को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। उनका मानना था कि मनुष्य का आचरण उसकी आंतरिक दशा का तत्काल पता और प्रमाण देता है। जिसने अपनी काम-वासना को त्याग दिया हो।

# नवरात्रि का नारी सशक्तिकरण का संदेश

**-डॉ. सौरभ मालवीय**

## धर्म

भारतीय पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। इनसे हमें ज्ञात होता है कि हमारी प्राचीन संस्कृति कितनी विशाल, संपन्न एवं समृद्ध है। यदि नवरात्रि की बात करें तो यह पर्व भी भारतीय संस्कृति की महानता को दशार्ता है। देवियों का स्थान देवता से पहले आता है जैसे राधा-कृष्ण, सीता-राम आदि। भगवान शिव के साथ देवी पार्वती की भी पूजा की जाती है। भगवान राम के साथ देवी सीता की पूजा की जाती है। हमारी मान्यता के अनुसार शक्ति की देवी दुर्गा है। धन एवं समृद्धि की देवी लक्ष्मी है तथा ज्ञान की देवी सरस्वती है। कहने का अभिप्राय यह है कि मनुष्य को जीवन में जिन वस्तुओं की आवश्यकता होती है, वह सब उन्हें इन देवियों से ही तो प्राप्त होती हैं। मानव जीवन को अनुशासन में रखने एवं आदर्श जीवन को स्थापित करने के लिए भगवान हमारे विश्वास और श्रद्धा के केंद्र है।

नवरात्रि देवी दुर्गा को समर्पित महत्वपूर्ण पर्व है। नवरात्रि का पर्व वर्ष में चार बार आता है अर्थात चैत्र, आषाढ़, अश्विन, माघ। इनमें से चैत्र एवं आश्विन माह में आने वाली नवरात्रि अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। माघ एवं आषाढ़ माह में आने वाली नवरात्रि को गुप्त नवरात्रि कहा जाता है, क्योंकि इनमें कोई सार्वजनिक उत्सव का आयोजन नहीं किया जाता है। आश्विन माह में आने वाली नवरात्रि को शारदीय नवरात्रि कहा जाता है। इसका आरंभ अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रथम तिथि से होता है। इस दिवस पर शुभ मुहूर्त में कलश की स्थापना की जाती है। नवरात्रि में नौ दिन देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है।

प्रथमं शैलपुत्री च द्वितीयं ब्रह्मचारिणी।
तृतीयं चन्द्रघण्टेति कूष्माण्डेति चतुर्थकम्।।
पंचमं स्कन्दमातेति षष्ठं कात्यायनीति च।
सप्तमं कालरात्रीति महागौरीति चाष्टमम्।।
नवमं सिद्धिदात्री च नवदुर्गाः प्रकीर्तिताः।
उक्तान्येतानि नामानि ब्रह्मणैव महात्मनाः।।

अर्थात देवी पहली शैलपुत्री, दूसरी ब्रह्मचारिणी, तीसरी चंद्रघंटा, चौथी कूष्मांडा, पांचवी स्कंध माता, छठी कात्यायिनी, सातवीं कालरात्रि, आठवीं महागौरी एवं नौवीं देवी सिद्धिदात्री है।

**शैलपुत्री**

नवरात्रि के प्रथम दिन देवी दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की जाती है। मां शैलपुत्री को सफेद वस्तुएं अत्यंत प्रिय हैं, इसलिए उन्हें सफेद मिष्ठान का भोग लगाया जाता है। यह प्रसाद गाय के शुद्ध घी से बनाया जाता है। सफेद रंग पवित्रता एवं शांति का प्रतीक माना जाता है। जीवन में सर्वाधिक पवित्रता एवं शांति का ही महत्व है। इनके बिना सब व्यर्थ है। देवी की साधना से सुख एवं समृद्धि में वृद्धि होती है। **ब्रह्मचारिणी**

नवरात्रि के दूसरे दिन देवी देवी दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। मां ब्रह्मचारिणी को शक्कर एवं पंचामृत का भोग लगाया जाता है। शक्कर जीवन में मिठास का प्रतीक है। जिस प्रकार भोजन में मिष्ठान का महत्व है, उसी प्रकार जीवन में मधुर वाणी का महत्व है। मृदु भाषी व्यक्ति सबका मन मोह लेते हैं। देवी की साधना से भाग्य में वृद्धि होती है तथा आयु भी लम्बी होती है।

**चंद्रघंटा** नवरात्रि के तीसरे दिन देवी दुर्गा के तृतीय स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की जाती है। मां चंद्रघंटा को दुग्ध से बने मिष्ठान एवं खीर का भोग लगाया जाता है। खीर भी दुग्ध से बनाई जाती है। दुग्ध समृद्धि एवं अच्छे स्वास्थ्य का प्रतीक है। देवी की साधना से व्यक्ति बुरी शक्तियों से सुरक्षित रहता है।

**कुष्मांडा** नवरात्रि के चौथे दिन देवी दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना की जाती है। मां कुष्मांडा को मालपुये का भोग लगाया जाता है। देवी की साधना से मनुष्य की समस्त इच्छाएं पूर्ण होती हैं।

**स्कंदमाता** नवरात्रि के पांचवें दिन देवी दुर्गा के पांचवे स्वरूप स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की जाती है। स्कंदमाता को फल विशेषकर केला अत्यंत प्रिय है, इसलिए उन्हें केले का भोग लगाया जाता है। देवी की साधना से सुख एवं एश्वर्य में वृद्धि होती है।

**कात्यायनी**

नवरात्रि के छठे दिन देवी दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की जाती है। मां कात्यायनी को मीठे पान एवं मधु का भोग लगाया जाता है। देवी की साधना से दुखों का नाश होता है तथा जीवन में सुख का आगमन होता है।

**कालरात्रि**

नवरात्रि के सातवें दिन देवी दुर्गा के सातवे स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की जाती है। मां कालरात्रि को गुड़ अत्यंत प्रिय है, इसलिए उन्हें गुड़ से बने व्यंजन का भोग लगाया जाता है। देवी की साधना से समस्त नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है तथा सकारात्मकता में वृद्धि होती है। जीवन सुखी हो जाता है।

**महागौरी**

नवरात्रि के आठवें दिन देवी दुर्गा के आठवे स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना की जाती है। मां महागौरी को नारियल अत्यंत प्रिय है, इसलिए उन्हें नारियल का भोग लगाया जाता है अर्थात नारियल अर्पित किया जाता है। देवी की साधना से व्यक्ति के रुके हुए कार्य पूर्ण होते हैं। **सिद्धिदात्री**

नवरात्रि के अंतिम दिन देवी दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन कन्या पूजन का विधान है। कन्याओं की पूजा की जाती है। उन्हें भोजन ग्रहण कराया जाता है। इसके पश्चात उनके चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लिया जाता है। कन्याओं को प्रसाद के साथ उपहार भेंट किए जाते हैं। तदुपरांत देवी को काले चने, हलवा पूड़ी एवं खीर का भोग लगाया जाता है। देवी की साधना से व्यक्ति के समस्त पापों का नाश होता है तथा उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## स्पीड न्यूज

### जुबिली कॉलेज में तीरंदाजी प्रतियोगिता



भुरकुंडा (रामगढ़)। जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के मेजबानी में रीवर साईड स्थित मयूर स्टेडियम में सोमवार से आयोलित विनोबा भावे विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज दो दिवसीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में पांच कॉलेज के प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता के महिला तीरंदाजी (कम्पाउंड राउंड) में जुबिली महाविद्यालय की ज्योती बाला पहला स्थान प्राप्त की। वहीं जे.जे कॉलेज की श्रेया कुमारी दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि महिला तीरंदाजी (इंडियन राउंड) में कर्णपूरा कॉलेज की अबिका कुमारी प्रथम स्थान, मार्खम कॉलेज की रानी कुमारी दूसरे स्थान, कर्णपूरा कॉलेज की मनीषा कुमारी तीसरे स्थान और सेंट कोलंबा कॉलेज की फुलमती कुमारी चौथे स्थान रहीं। पुरुष तीरंदाजी (इंडियन राउंड) में मार्खम कॉलेज के आर्यन कुमार पहला स्थान प्राप्त किए और इसी राउंड में जुबिली महाविद्यालय के रोहित सोरेन एवं अभिषेक बेदिया ने भी प्रतिस्पर्धा में भाग लिया।

### भुरकुंडा वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में मंगलवार को वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मदन मोहन झा एवं संचालन आरपी राणा ने किया। अशोक कुमार चौहान के नेतृत्व में आयोजित बैठक की शुरूआत राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए एकजुटता पर बल दिया गया। अशोक कुमार चौहान ने सभी को मोबाइल नंबर देते हुए कहा कि कभी भी किसी भी कार्य हेतु संपर्क कर सकते हैं। मौके पर केपी मुखर्जी, धर्मेन्द्रा यादव, अशोक कुमार लाल, परशुराम सिंह, रामानुज सिंह, नरेश त्रेहन, अशोक मिश्रा,करीब 65 वरिष्ठ नागरिकों मौजूद थे।

### जुबिली कॉलेज में स्वच्छता कार्यक्रम



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा राष्ट्रीय सेवा योजना का एक एवं दो के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार के युवा खेल मंत्रालय एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय के निर्देश पर 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार को महाविद्यालय परिसर एवं आसपास क्षेत्रो में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा एवं डॉ. विशेश्वर रविदास ने कहा कि इसे सफल बनाने के लिए पूरे तन-मन से आत्मसात करने की आवश्यकता है। प्राचार्य डॉ. एके सिंह झा ने कहा की केवल महाविद्यालय ही नहीं बल्कि पूजा-पाठ के अवसर पर अपने आसपास के मंदिरों, अस्पतालों एवं चौक चौराहों पर भी स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर आम जनता को जागरूक करें।

### रजरप्पा में शिकायत निवारण शिविर



**रजरप्पा।** रजरप्पा क्षेत्र में विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत शिकायत निवारण शिविर लगा। शिविर में कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। जिनमें कविता गुप्ता, महाप्रबंधक (कार्मिक श्रमशक्ति), एके मलिक, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), समाधान प्रकोष्ठ, ओपी गुप्ता, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), और रेणु लकड़ा, वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल शामिल थे। सभी अतिथियों का स्वागत रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक एवं प्रशासन), रजरप्पा क्षेत्र द्वारा किया गया। शिविर में 26 शिकायतें संज्ञान में आईं जिनका त्वरित समाधान करने के प्रयास किए गए।

### महादेव मंडा में शस्त्र पूजन चार को



**गोला( रामगढ़ )।** गोला प्रखंड क्षेत्र के महादेव मंडा में मंगलवार को दुर्गा वाहिनी ने आगामी कार्यक्रम और समिति विस्तार को लेकर बैठक का आयोजन किया। बैठक में मुख्य रूप से दुर्गा वाहिनी संयोजिका मुस्कान शर्मा और कारसेवक दिपक मिश्रा उपस्थित थे। दुर्गा वाहिनी पथ संचलन, दुर्गा अष्टमी और शस्त्र पूजन को लेकर चर्चा किया गया। मुस्कान शर्मा ने बताया कि रामगढ़ जिले में दुर्गा वाहिनी का पथ संचलन होने वाला है जिसमें पूरे जिले भर की दुर्गा वाहिनी की बहनें और माताएँ शामिल होगीं। पथ संचलन में अधिक से अधिक संख्या में जिले भर की माताएँ और बहनें शामिल हो इसके लिए सभी बहनों को अपने स्तर से प्रयास करना है। बैठक में 4 अक्टूबर को गोला प्रखंड के महादेव मंडा में शस्त्र पूजन आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

### धमकी के बाद सारूबेड़ा में काम ठप



**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के सारूबेड़ा परियोजना में अपराधियों द्वारा धमकी दिए जाने के बाद वहां कार्यकरत सीसीएल कर्मी व आउटसोर्सिंग कंपनी की कर्मी दहशत में है। जिसके कारण मंगलवार को सारूबेड़ा न्यू खदान, ओसीओ उत्पादन कार्य पूर्णता: ठप रहा। हालांकि कर्मी पहुंचे लेकिन आउटसोर्सिंग का कार्य नहीं हो पाया।सीसीएल कर्मी कार्यालय में कार्य करते हुए देखा गया. विदित हो कि एक दिन पूर्व दो नकाबपोश व हथियारलेश अपराधी सारूबेड़ा परियोजना के कांटा घर पहुंच कर बात नहीं होने तक काम बंद करने की धमकी दी थी। इसके बाद वहां पर कार्यकरत कर्मी डरे सहमे हुए हैं। घटना के बाद वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। परंतु पुलिस की द्वारा हौसला देने के बावजूद भी मंगलवार को आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा उत्पादन कार्य बंद रखा गया। अपराधी किस गुट के थे के अभी तक पता नहीं लग पाया है।

# हेमंत सोरेन ने किया हजारीबाग में नये नगर निगम भवन का उद्घाटन

## झील सौंदर्यीकरण का ऑनलाइन किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को नगर निगम के नए प्रशासनिक भवन का ऑनलाइन उद्घाटन किया । साथ ही 13.97 करोड़ की लागत से हजारीबाग झील में सौंदर्यीकरण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास भी किया।इस दौरान झील से संबधित एक लघु फिल्म भी दिखायी गयी। उद्घाटन समारोह में नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन, कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला मौजूद रहे। ज्ञात हो कि नगर विकास विभाग अंतर्गत जुडको ने इस भवन को बनाने में सहयोग किया है । इस भवन का पूरा परिसर 60, 912 वर्गफुट में फैला हुआ है, जिसे 24.95 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है। इसमें महापौर, उप महापौर और नगर आयुक्त के कार्यालय है, इसके अलावा स्थाई समितियों की बैठकों के लिए स्थान, और अधिकारियों के लिए कार्यालय भी बनाये गये हैं। इस भवन में जनसुविधा केंद्र एवं विभिन्न कार्यों संबंधित काउंटर बनाये गये हैं। जिसमें नागरिक सुविधाओं का लाभ दिया जायेगा। जानकारी के अनुसार इसके अलावा 1000 क्षमता वाला बोर्ड रूम, 35 लोगों की क्षमता का कोर्ट रूम, 21 सदस्यों के लिए स्टैडिंग कमेटी का कक्ष, कैफैटेरिया उपलब्ध है। प्रत्येक मंजिल में शौचालय बनाया गया है।

### झील के सौंदर्यीकरण का सीपीएम ने किया विरोध

इधर सौंदर्यीकरण का ऑनलाइन शिलान्यास का विरोध सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने किया है ।

उन्होंने कहा कि पूर्व में भी हजारीबाग झील के सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन आज तक झील का मुकम्मल सौंदर्यीकरण नहीं हुआ है। सोचने वाली बात यह है कि जिस शहर के मेन रोड को एक मुकम्मल नाली नसीब न हो, शहर के कई वार्डों में अभी तक नगर निगम सफाई कर्मचारी भेज न सका हो, घर-घर पानी देने की बात बेमानी होगी, शहर के कई गलियां आज भी सफाई का इंतजार करती हो, उस शहर के एक झील पर 14 करोड़ रुपये खर्च करना शहरवासियों के साथ नाइंसाफी है। इस बात को नगर निगम के अधिकारी और सरकार को सोचना चाहिए कि शहर वासियों की प्राथमिकता क्या है?

# दुर्गा पूजा को लेकर रामगढ़ में शांति समिति की बैठक

## पंडालों में लगायें सीसीटीवी : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** इस वर्ष भी विजयादशमी शांतिपूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पूरे जिले में 140 दुर्गा पूजा समिति और मुख्य चार रावण दहन समिति कार्यक्रम स्थल और पूजा पंडाल में मुस्तैद रहेंगे। जिला प्रशासन और पुलिस का पूरा सहयोग उन्हें मिलेगा। यह बातें मंगलवार को जिला शांति सह निगरानी समिति की बैठक में डीसी चंदन कुमार ने कही।

डीसी ने कहा कि इस बार का त्योहार चुनौती पूर्ण होने वाला है। चुनावी वर्ष है और आदर्श आचार संहिता कभी भी लागू हो सकता है। ऐसे में पूजा समिति के सदस्य मानसिक तौर पर तैयार रहें। पूजा के दौरान यदि आचार संहिता लगता है तो पूजा समितियों को राजनीतिक माहौल से खुद को दूर कर लेना होगा। पंडालों के पास वॉलिंटियर्स को एक रंग के ड्रेस में रहने का भी सुझाव डीसी ने दिया है ताकि वहां आने वाले श्रद्धालुओं और वॉलिंटियर्स के बीच फर्क साफ नजर आए। डीसी ने प्रखंडवार पूजा समिति के सदस्यों से उनके क्षेत्र की समस्याओं का जायजा



लिया। समिति के सदस्यों को रोड से जगह छोड़कर पंडाल बनाने का निर्देश दिया। वही उन्होंने सभी पूजा समितियों को अपने अपने वोलेंटियर चिन्हित कर अपने थाना को सूचित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पूजा समिति के सदस्यों को आगजनी की समस्याओं से निपटने के लिए पूजा पंडाल के पास उचित मात्रा में बालू, पानी इत्यादि का प्रबंध रखने का निर्देश दिया। मेले के दौरान भीड़-भाड़ पर कब रखने हेतु सभी पूजा समितियों को पंडाल से कम से कम 100 मीटर की दूरी पर पार्किंग स्थल चिन्हित करने का निर्देश भी दिया। पंडाल में प्रवेश एवं निकासी हेतु महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकासी द्वारा

### पूजा की पवित्रता बनाए रखने में करें सहयोग : एसपी

बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने भड़काऊ या अश्लील गाने न बजाने हेतु शख्त निर्देश दिए। सुरक्षा दृष्टि के मद्देनजर उपायुक्त ने सभी पूजा समिति सदस्यों से पंडालों में सीसीटीवी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। किसी भी समय अनियमितता या परेशानी आने के क्रम में यथाशीघ्र जिला कंट्रोल रूम फोन संख्या - 06553 222005 में या नजदीकी पुलिस प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा की पवित्रता बनाए रखने में सहयोग करें। शांति समिति के सदस्यों एवं पूजा समिति के सदस्यों से सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर प्रथम दृष्टया किसी भी हाल में उस पर विश्वास नहीं करने एवं तुरंत इसकी जानकारी नजदीकी थाना व जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया।

### भाजपा में शामिल होने का अंबा प्रसाद ने किया खंडन



**बड़कागांव।** 2 अक्टूबर को भाजपा में जाने के भ्रामक मैसेज सोशल मीडिया में वायरल होने पर विधायक अंबा प्रसाद ने खबर को बेबुनियाद एवं निराधार बताते हुए खंडन किया। अंबा प्रसाद ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी की सच्ची सिपाही होने के नाते मैं किसी प्रकार से किसी दूसरे दल में शामिल होने का कभी सोच भी नहीं सकती। पूर्ववर्ती भाजपा और आजसू गठबंधन की सरकार के दौरान भी मेरे परिवार को विरोधियों ने काफी प्रताड़ित किया है, उस समय भी भाजपा में शामिल करवाने के लिए कई हथकंडे अपनाए गए। यहां तक की लोकसभा चुनाव के दौरान भी ईडी की छापेमारी परेशान करने के लिए किया गया। विधायक ने कहा कि हमें दल ।दल करना रहता तो मेरे परिवार पर हो रहे अत्याचार के दौरान ही कर लेता। लेकिन कांग्रेस के सच्चे सिपाही होने के नाते पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव व मां निर्मला देवी समेत पूरे परिवार ने काफी प्रताड़ना झेली है, मुझे भी बीच में पढ़ाई छोड़कर राजनीति में आना पड़ा।

# पतरातू में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शुरू

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद के अथक प्रयास से पतरातू प्रखंड के आम जनता के लिए परेशानी का शबब बने पतरातू स्थित रेलवे फाटक की समस्या से लोगों को अब निजात मिलने वाली है। विधायक अंबा प्रसाद ने पतरातू स्थित रेलवे फाटक में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य का मंगलवार को शिलान्यास किया। इससे पूर्व झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बोकारो से ऑनलाइन शिलान्यास किए। उसी के तत्पश्चात विधायक ने पतरातू स्थित रेलवे फाटक के पास स्थल में रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण का शिलान्यास भव्य तरीके से किया गया। इस ऐतिहासिक पल में काफी संख्याओं में ग्रामीण उपस्थित हुए। विधायक को सभी ने बधाई देते हुए आभार प्रकट किया। रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण लगभग 108 करोड़ की लागत होगी। विधायक अंबा प्रसाद को फूल मालाओं एवं ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। अंबा प्रसाद ने जनता से किए वादे को निभाने का कार्य कर रही है। पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं 50 बेड का अस्पताल का भी निर्माण बहुत जल्द होने वाला है। इनकी भी सभी प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब लोगों को पॉलिटेक्निक का शिक्षा प्राप्त करने



के लिए दूर नहीं जाना होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत कौशिक, पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, मुखिया गिरिजेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य ज्योति गुप्ता, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तूरी, विधायक प्रतिनिधि अमित साहू, राजू पांडे ,अंजन प्रसाद, संतोष साव, नईम अंसारी,रुपा देवी,पम्मी कुमारी,असगर अली,संजय सिंह जय सिंह, याकूब राय, तिलेश्वर साव, जगदीश साव,चंदन साव, देवानंद प्रसाद, मुकेश साव, शंकर पासवान,अजय पासवान, जसीम अंसारी,आबिद खान, इमरान अंसारी,सिकंदर कुमार, मोहम्मद इरफान सहित सैंकडो ग्रामीण उपस्थित हुए।

### आरोह फाउंडेशन ने दिया प्रमाण पत्र

**बरही।** आरोह फाउंडेशन के तत्वावधान में मंगलवार को आरोह कौशल प्रशिक्षण केंद्र द्वारा पंचायत भवन बिजैया में कौशल प्रशिक्षण में सफल प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ऐआईसीएल की आशा प्रसाद एवं रूप हुसना प्रवीण एवं आरोह फाउंडेशन के स्टेट हेड संतोष आनंद मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं को विभिन्न ट्रेडों का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वर्ष 2023- 2024 में आरोह कौशल प्रशिक्षण केंद्र बिजैया द्वारा 1900 बेरोजगार युवाओं एवं महिलाओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया गया है। समारोह में आरोह फाउंडेशन के ट्रेनर कुणाल प्रसाद कुंवर, तुषार कुमार, विनोद कुमार, रेवल साव, इंद्रमणि कुमार, संजीत यादव, अजय यादव, मुकेश कुमार, रोहित यादव, आदित्य कुमार, कलावती देवी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### वर्ल्ड हार्ट डे पर वॉकाथॉन 3.0 आयोजित

**बड़कागांव।** सामुदायिक भावना और स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स, हजारीबाग ने वर्ल्ड हार्ट डे 2024 पर वॉकाथॉन 3.0 का आयोजन किया, जिसमें इस वर्ष की थीम अपने दिल के लिए चलें थीम के सहारे कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वॉकाथॉन का उद्घाटन फैज तैय्यब, परियोजना प्रमुख, पकरी बरवाडीह, नवीन गुप्ता, बिजनेस यूनिट हेड, चट्टी बरियातू, औरअरुण कुमार सक्सेना, जीएम, बादाम कोल माइनिंग प्रोजेक्ट के द्वारा किया गया। उनकी उपस्थिति ने संगठन की कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को उजागर किया।

# कटकमसांडी में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

▶▶ पुरुष वर्ग में करिवासन और महिला वर्ग में कस्तूरबा विद्यालय बनी विजेता

खबर मन्त्र संवाददाता

कटकमसांडीः हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित हजारीबाग जिले का सबसे बड़ा और चर्चित लोकप्रिय फुटबॉल टूर्नामेंट नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2024 के चर्तुथ चरण का 23 दिनों के बाद कटकमसांडी प्रखंड में मंगलवार को शानदार समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र की कुल 64 टीम और महिला वर्ग में कुल 2 टीमों ने भाग लिया। जिसमें पुरुष टीमों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर कटकमसांडी और करिवासन की टीम फाइनल में पहुंची वहीं महिला टीम में कस्तूरबा बालिका विद्यालय, कटकमसांडी और की टीम फाइनल पहुंची। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद ही रोमांचक हुआ और कड़ी धूप के बीच खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बना। पुरुष टीम का फाइनल कटकमसांडी बनाम करीवासन के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ। जिसमें पुरे खेल के बाद दोनों टीम को द्वारा पेनाल्टी शूट किया गया जिस में पेनल्टी शूटआउट में कारीवासन की टीम ने 1 गोल से जीत दर्ज किया । ाहिला टीम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कटकमसांडी की टीम के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया और अंततः प्लेंटी शूटआउट के जरिए निर्णय हुआ जिसमें 1 गोल से आगे रहकर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कटकमसांडी की टीम से विजयी हुई और टूनामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। कुल मिलाकर दोनों वर्गों की विजेता टीम मेजबान कटकमसांडी की ही टीम बनी। विजेता, उपविजेता टीमों और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को राज्य सभा सांसद दर्शना सिंह की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया ।पुरुष वर्ग के विजेता टीम को 30 हजार का नगद और आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 20 हजार का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी और बालिका वर्ग के विजेता टीम को आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को आकर्षक नमो ट्रॉफी भेंट किया गया। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह देखते ही बना। धूप के बीच पारंपरिक संस्कृति की थाप पर खिलाड़ी और दर्शक जमकर थिरके। पुरा मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा और आतिशबाजी की गूंज से गुंजायमान रहा ।

### रोशन लाल चौधरी ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

बड़कागांव। गोंदलपूरा पंचायत के ग्राम जोराकाठ में कई दिनों से विद्युत ट्रांसफार्मर खराब हो गया था जिसके वजह से पूरा गांव अंधेरे में था जिसको लेकर इसकी सूचना पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह विधानसभा प्रभारी रौशन लाल चौधरी को दी गई। रौशन लाल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने नेतृत्व में जोराकाठ के ग्रामीणों को 200 केवी का ट्रांसफर उपलब्ध कराया। जिसका उद्घाटन मंगलवार को किया। ग्रामीणों ने आजसू नेता रौशन लाल चौधरी का गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया। चौधरी ने कहा कि में मैं और मेरे कार्यकर्ता 24 घंटे तैयार हैं ।

## एक नजर में

### एडिशन पब्लिक स्कूल में स्वच्छता अभियान



**टाटीझरिया ।** एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया परिसर में सीबीएसई के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राधानाध्यापिका सुधा कुमारी ने महात्मा गांधी के तस्वीर पर मालार्पण कर और विद्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर स्वक्षता अभियान कर किया ।बाद में विद्यालय परिवार के ओर से 7 अक्तूबर को लगाए जाने वाले दूधमटिया पर्यावरण संरक्षण सह वृक्ष रक्षाबंधन मेले को लेकर कक्षा पंचम से 5 वी से कक्षा 10 वीं के छात्र छात्राओं संग विद्यालय परिवार के शिक्षकों ने भी मेले प्रांगण की साफ सफाई किया ।बच्चों ने एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया के बैनर तले पर्यावरण बचाओ ,पेड़ पौधे लगाओ संबंधी कई आकर्षक पंक्तियों को लिख एवं आकर्षक पर्यावरण संरक्षण का चित्र का बनाकर क्षेत्रीय लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक मुबारक अंसारी,रश्मि कुमारी,राजू यादव,पूनम कुमारी,राजेश कुमार अन्य ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जिप उपाध्यक्ष ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**बरही।** डपोक में मंगलवार को गाँव में नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने किया। किशुन यादव ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह ट्रांसफार्मर ग्रामीणों की मांगों को पूरा करने और बिजली आपूर्ति में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस अवसर पर क्षेत्र की विकास योजनाओं पर भी चर्चा की और आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस तरह के जन-हितैषी कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान, पंचायत प्रतिनिधि और कई ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में इस पहल की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि इससे गाँव में बिजली की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। मौके पर इंद्रदेव यादव समेत स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

### बरही में 23 हाजी हुये सम्मानित

**बरही।** जामा मस्जिद में विनोद प्रगति शील फाउंडेशन द्वारा सुबह 9 बजे जामा मस्जिद से मक्का-मदीना के लिए रवाना हुए 23 हाजियों के जत्थे को सम्मानित किया गया। फाउंडेशन के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने इस अवसर पर हाजियों की सलामती और सफल यात्रा की कामना की। फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य कुणाल कतरियार व अध्यक्ष मंजीत यादव ने हाजियों को विदा करते हुए कहा कि उनका जो फर्ज है वह अहल-ए-सियासत जाने, मेरा पैगाम मोहब्बत है जहां तक पहुंचे। इस संदेश के माध्यम से उन्होंने भाईचारे और प्रेम का संदेश फैलाने का आह्वान किया। हाजियों में प्रमुख नाम शहजादी, जोहर, सलमा, नजमा, नजीर, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद महबूब, मोहम्मद मुख्तार, मो शरीफ और मोहम्मद कयूम आदि थे। मनोहर यादव, निजामुद्दीन कोनरा, यमुना यादव, नूनू केसरी, मो शरीफ, राजेन्द्र रविदास सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने हाजियों को सम्मानित कर उनकी सलामती और सफल उमराह यात्रा की दुआएं दीं। इस सफर की अवधि लगभग 20 दिनों की होगी, जिसमें हाजी मक्का और मदीना में उमराह करेंगे।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि **राजनीतिक दल झारखण्ड युवा विकास पार्टी** के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय **टंडवा, गढ़वा** में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951, की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है- पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए हैं :

सभापति/अध्यक्ष : **जागृति,** ग्राम-मुरमा कला, रामगढ़, झारखण्ड
महासचिव/सचिव : **विनय कुमार दुबे,** ग्राम-बरिगांवा, विश्रामपुर, पलामू
कोषाध्यक्ष : **विजय कुमार,** ग्राम- पतिला, पोस्ट-कांडी, जिला-गढ़वा

यदि किसी को झारखण्ड युवा विकास पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली- 110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,लातेहार

### शुद्धि -पत्र

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- EE/RDSD/LATEHAR/19/2024-25 जो PR NO- 332123 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई थी, के महत्वपूर्ण तिथियों को निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है:-

(1) ई-निविदा प्राप्ति की तिथि 30.09.2024 से दिनांक 07.10.2024 के स्थान पर ई-निविदा प्राप्ति की तिथि- 30.09.2024 से दिनांक-09.10.2024 पढ़ा जाय।

(2) क्रमांक-5. में अंकित ई-निविदा खोलने की तिथि-09.09.2024 के स्थान पर ई-निविदा खोलने की तिथि-15.10.2024 पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

PR 337869 Rural Development(24-25).D

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,लातेहार

## उद्यान निदेशालय, झारखण्ड, राँची
कृषि भवन, काँके रोड, राँची-834008
(कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग)
Email ID-ddhranchi@rediffmail.com

### E.O.I./ Horti/04/2024-25

| | |
|---|---|
| E.O.I. No. | Horti/04/2024-25 |
| Title of E.O.I. | E.O.I. for Supply of Bee Boxes, Bee Hives and Honey Extractor unit including complete set of bee keeping equipment under Madhumakhi Palan ki Yojna in the state of Jharkhand for FY 2024-25 |
| Estimated Cost (Rs.) | Rs.400.00 Lakhs |
| Document Fee | INR 10000.00 (Rupees Ten Thousand only) To be paid through online mode only. |
| Earnest Money Deposit(EMD) | Rs.200000.00 (Two lakhs only) To be submitted online only. |
| Pre-Bid Meeting | 15-10-2024 at 03:00 PM |
| Start Date &Time for Downloading of E.O.I. document | 05-10-2024 at 11:00 PM |
| Last date and time for online submission of E.O.I. | 26-10-2024 till 05:00 PM |
| Date of opening of the E.O.I. | 29-10-2024 at 03:00 PM |
| Mode of Empanelment Submission | The application forms along with terms and conditions/document fee & EMD etc. can be uploaded on the link available on the website jharkhandtenders.gov.in. Hard copy submission is not allowed. |
| Date and Place of Technical Bid Opening | Directorate of Horticulture, 3rd Floor, Krishi Bhawan, Kanke Road,Ranchi-834008 |
| Period of Supply | 1 Year which can be extended to another 2 year based on satisfactory performance of the bidder (Quality and time). |
| Name and Address of the tender inviting Authority | Faiz Aq Ahmad Mumtaz, Director Horticulture, Jharkhand, Ranchi |
| Contact No. of e-procurement officer | 9430329944 |

ह0/-
PR 337762 Agriculture(24-25)#D संयुक्त निदेशक उद्यान, झारखण्ड, राँची


स्पीड न्यूज

## इटकी के नये सीओ ने पदभार ग्रहण किया



**इटकी।** इटकी प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को एक समारोह आयोजित कर सीओ विजय कुमार को भावभीनी विदाई और नए सीओ मो अनीस का स्वागत किया गया। इस मौके पर निवर्तमान सीओ विजय कुमार को शॉल ओढ़ा कर बेहतर सेवाभाव की कामना के साथ विदाई दी गई। इससे पूर्व नए सीओ ने पदभार ग्रहण किया। मौके पर बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, अजीत केशरी, रईस मालिक सहित प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

## 10वीं एसए वन परीक्षा संपन्न



**राहे।** प्रखंड में दसवीं एसए वन की परीक्षा शांति पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रखंड में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। कन्या मिडिल स्कूल राहे में 156 परीक्षार्थी और मिडिल स्कूल राहे में 200 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। बीईओ शांति मुनि तिर्की के निर्देशनुसार बीपीओ प्रवीण कुमार की टीम ने परीक्षा संपन्न कराने में सहयोग किया । केंद्र के हर कमरे में कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा को संपन्न कराया गया।

## सरकारी आवासों पर अज्ञात ग्रामीणों ने जमाया कब्जा



**खलारी।** खलारी प्रखण्ड क्षेत्र के चुरी दक्षिणी पंचायत में बने फिल्टर प्लांट सहित सरकारी आवासों पर अज्ञात ग्रामीणों ने कब्जा जमाया। जानकारी के अनुसार चुरी दक्षिणी पंचायत में चुरी होएर में पीएचडी (पेयजल एवं स्वछता विभाग) के तहत वर्षों पूर्व निर्माण कर पांच सात पंचायतों के लिए पानी का व्यवस्था किया गया था। जिसके लिए पीएचडी विभाग सहित सरकारी आवासों के लिए लगभग तीन एकड़ भूमि अधिग्रहण कर सम्बंधित विभागों के कर्मचारियों के लिए आवास निर्माण कर आवंटन किया गया था। होएर ग्राम में सरकार के तरफ से बड़े पैमाने पर सरकारी आवास बना दिया गया। लेकिन आवास सहित पानी टँकी के जगह का उपयोग अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा किया जाने लगा। इस संबध स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 3 एकड़ का जमीन पर अवैध कब्जा कर सेड निर्माण,घर निर्माण,सहित बने हुए आवासों पर अवैध कब्जा करके रहना शुरू कर दिया गया है।

## दलादिली टीओपी में शांति समिति की बैठक

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड क्षेत्र के दलादिली टी ओ पी परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति का बैठक ओ पी प्रभारी विकास कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया बैठक में दुर्गा पूजा हर्षोल्लास शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया मौके पर थाना प्रभारी ओपी प्रभारी ने कहा कि हाई कोर्ट के द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार डीजे बजा पर पूर्ण पाबंदी रहेगी आप अपने पूजा पंडाल में सीसीटीवी के साथ-साथ वालंटियर को फोटो वाल बेज का वितरण करे।

### बाइक सवार दो अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

# रातू : ब्रजपुर में हाई कोर्ट के अधिवक्ता को मारी गोली

- दिन के तीन बजे की घटना
- पुलिस कर रही है तफ्तीश



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के ब्रजपुर में मंगलवार को दिन के तीन बजे हेलमेट पहने और घात लगाकर खड़े मोटर साइकिल सवार दो अपराधियों ने हाई कोर्ट से घर आ रहे अधिवक्ता 40 वर्षीय बबन प्रसाद को गोली मारकर घायल कर दिया। गोली उनके बायें पीठ में लगी है। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहत्तर इलाज के लिये रिम्स रेफर कर दिया। उन्हें ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। बुधवार को ऑपरेशन कर गोली निकाली जायेगी। वह खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं। बबन प्रसाद, पलामू मेदिनीनगर सुदना निवासी सुखदेव प्रसाद के पुत्र हैं। श्री प्रसाद झारखंड हाई कोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं। सूचना मिलने पर डीएसपी अरविंद कुमार और थानेदार आरएन सिंह उनके घर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। घटनास्थल का कॉल डंप भी कराया जायेगा।

### गोतिया से है जमीन विवाद

भुक्तभोगी का गोतिया से जमीन विवाद की बात सामने आ रही है। डेढ़ माह पूर्व न्यायालय ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। कोर्ट के आदेश पर सदर एसडीओ ने उक्त जमीन पर दखल भी दिला दिया है। सोमवार को सुलह के लिये गांव से लोग आये थे। लेकिन, उन्होंने इससे इंकार कर दिया। परिणाम भुगतने की धमकी देकर लोग चले गये थे। इसके दूसरे ही दिन उन पर जानलेवा हमला किया गया।

### जानें क्या है पूरा मामला

पत्नी खुशबू कुमारी ने बताया कि श्री प्रसाद 2010 से हाई कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहे हैं। वह अपनी काले रंग की स्प्लेंडर मोटर साइकिल जेएच 0 बीसी 8868 से कोर्ट गये थे। 2 बजे घर के लिये चले। जैसे ही शहदेव साहू का घर के समीप आये, पहले से खड़े हेलमेट पहने दो लोगों ने उन पर पीछे से गोली चला दी। पीठ में गोली लगने के बाद घर जाकर बाइक खड़ी किये। उप मुखिया परमेश्वर सिंह ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। वह पिछले तीन साल से जमीन खरीद मकान बनाकर परिवार के साथ रह रहे हैं। उनकी तीन साल की एक बेटी आव्या प्रसाद भी है।

### अधिवक्ताओं में है आक्रोश

बबन प्रसाद गोलीकांड को लेकर अधिवक्ता संघ का गुस्सा उबाल पर है। एसोशिएशन के सदस्यों ने रिम्स जाकर उनका कुशलक्षेम जाना और शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की। उन्होंने डीजीपी अनुराग गुप्ता से अपराधियों को गिरफ्तार कराये जाने की मांग की है।

## स्कूली बच्चों ने स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक

### विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार को संत अलोयसियस इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान में कक्षा आठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। रैली स्कूल परिसर से प्रिंसिपल रेव सीनियर मर्सी मैथ्यू, प्रबंधक रेव सीनियर हीरामनी तिर्की, वाइस प्रिंसिपल रेव सिस्टर दीप्ति पी व शिक्षकों के नेतृत्व में निकाली गई। छात्रों ने हाथों में बैनर, प्लक कार्ड और पोस्टर लेकर नारों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश देकर जागरूक किया। विद्यार्थियों द्वारा अनगड़ा चौक में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आसपास साफ सफाई रखने और कूड़े-कचरे का उचित तरीके से निपटान करने का संदेश दिया। प्राचार्य सिस्टर मर्सी मैथयू ने कहा कि यह अभियान एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है। मौके पर क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने की विद्यार्थियों, शिक्षक और शिक्षिकाओं ने शपथ ली

## राज्यसभा सांसद महुआ माजी को लिखा पत्र

**पिपरवार।** ह्यूमन एंड हेरिटेज केयर फाउंडेशन के अध्यक्ष अमरदीप कौशल ने विगत पिछले कई वर्षों से कोयलांचल के लोगों की एक गंभीर समस्या जो की कोल वाहन के चलते उत्पन्न होती आ रही हैं। जिससे अब तक कई मासूम लोगों की जान जा चुकी है . उस पर स्वत: संज्ञान लेते हुए राज्य सभा सदस्या महुआ माजी को पत्र लिखकर बताया के अलग से कोयला परिचालन के लिए रोड बनाया जाए .अलग कोल वाहन के लिए रोड बन जाने से कोयलांचल में रोज होने वाले दुर्घटनाओं में कमी आएगी और आम लोगों को प्रदूषण रहित वातावरण मिलेगा। पत्र की सूचना मिलते ही महुआ माजी ने हजारीबाग आयुक्त को पत्र जारी कर एनटीपीसी, और सीसीएल के अध्यक्ष साथ में उपायुक्त हजारीबाग और चतरा को प्रतिलिपि में रख कर उचित कार्य करने के लिए अनुशंसा की मांग की। कहा गया कि अगर इस मांग पर अमल कर इसपर कार्रवाई की गई तो कोयलांचल क्षेत्र के लोगों के काफी अच्छा होगा।

## बालिका शिक्षा के पक्षधर थे विशुन महतो : मधु मंसुरी

### शहीद विशुन महतो की गुडू में मनी 81वीं जयंती

- सामंती व्यवस्था के थे खिलाफ, गरीबों के लिये किया आंदोलन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** कृषक उवि गड़री गुडू. के संस्थापक शहीद विशुन महतो 81 वीं जयंती पर श्रद्धा से याद किये गये। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में पद्मश्री मधु मंसुरी हंसमुख बतौर मुख्य तथा भाजपा नेत्री शोभा यादव, पार्टी नेता शशिभूषण भगत, जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय महतो, आजसू के हटिया विस संगठन प्रभारी भरत कांशी व लोक गायिका केशो देवी विशिष्ट अतिथि थे। अतिथियों ने शहीद महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। श्री मंसुरी ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और उन्हें बालिका शिक्षा का पक्षधर बताया। उन्होंने कहा कि विशुन महतो ने सामंती व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई लड़ी और किसान व गरीबों की न्याय के लिये आंदोलन भी किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। गीत-नृत्य का भी दौर चला। प्राचार्य संजय महतो ने स्वागत भाषण दिया। संचालन सचिव सुनील उरांव ने किया। जबकि, धन्यवादज्ञापन अध्यक्ष इंद्रदेव महतो ने दिया। मौके पर मुखिया अनिल तिर्की, पंचू उरांव, प्रो उस्मान अंसारी, सिकंदर महतो, शहदेव उरांव, महबा मिंज, मोतीराम महतो, रामनंदन महतो, शिवदेव गोप, दीनबंधु महतो, शमीम मंसुरी, अजय तिवारी, परमेश्वर गोप, शिक्षक-शिक्षिका, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, छात्र-छात्रायें व ग्रामीण मौजूद थे।

### विशुन महतो का संक्षिप्त परिचय

विशुन महतो का जन्म 30 सितंबर 1943 को बिजुलिया के कृषक परिवार में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा छोटानागपुर राज उच्च विद्यालय से हुई। 1977 में जमींदारों की साजिश की वजह से जेल गये। 12 दिसंबर 1978 को कृषक उच्च विद्यालय की स्थापना की। 1985 में हटिया से विधानसभा चुनाव में खड़े हुये। 19 फरवरी 1985 को तिलता चौक के समीप उन्हें गोलियों से छलनी कर दिया गया। अगली सुबह रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी थी। वह आठ भाई-बहन में मंझिल थे। माता का नाम चमन देवी था।

एक नजर में

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विकलांगों के बीच उपकरणों का किया वितरण



**अनगड़ा।** केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ ने राष्ट्रीय बायोश्री योजना के तहत मंगलवार को गेतलसूद में 206 निशक्त एव विकलांग लोगों के बीच विभिन्न उपकरणों का वितरण किया । उपकरणों में मुख्य रूप से कान का मशीन व्हील चेयर कोमोड हैन्ड वॉकर इत्यादि शामिल हैं। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव पूर्व विधायक रामकुमार पहान जिपसदस्य अनुराधा मुन्डा विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुन्डा ग्राम प्रधान जितेन्द्र उरांव दिव्यांग रोजगार अधिकार मंच के अध्यक्ष तबरेज अन्सारी सचिव ललिता कुमारी भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेश साहु सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो रामसाय मुन्डा श्रद्धा सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की इत्यादि उपस्थित थे।

## सिलवे गढ़ाटोली के लोग विकास योजनाओं से हैं वंचित : पारसनाथ उरांव



**अनगड़ा।** सिलवे पंचायत में आजसू पार्टी के ग्राम प्रभारी आशा टोप्पो की अध्यक्षता में बैठक हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा देश की आजादी के बाद भी सिलवे पंचायत के गढ़वाटोली गांव सड़क पुल पुलिया नालीग जैसी विकास योजनाओं से वंचित हैं जिसके चलते यहां के लोगों को आवागमन में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है । बैठक में जिला अध्यक्ष सह उपप्रमुख वीणा कुमारी एवं चूल्हा प्रमुख मंगल तिर्की राजू तिर्की आइती देवी सुनीता देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे

## विधायक ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



**पिस्कानगड़ी।** ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायत के मुखिया मंगल उरांव के घर तक 1000 फीट तक का पीसीसी पथ का निर्माण का शिलान्यास हटिया विधायक नवीन जसवाल ने सहित पंचायत के गणमान्य लोगों ने शिला पठ से पर्दा हटाकर और नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नवीन जायसवाल ने कहा कि नगरी प्रखंड क्षेत्र हो या रातू प्रखंड क्षेत्र दोनों प्रखंड का विकास करना मेरा लक्ष्य है लोगों को बताया कि झारखंड प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा से भरा हुआ है और इसी खनिज संपदा को लूटने का कार्य हेमंत सरकार के द्वारा किया जा रहा जो की बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी लाल प्रमोद सिंह लालगुटवा के पंचायत मुखिया मंगल उराव, उप मुखिया प्रवीण उरांव मनीष तिर्की, कमलेश ओहदार,नरेश बैठा मिथिलेश कुमार प्रेम गोप,विजय महतो सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## महातीर्थ सतीघाट में गंगा मंदिर निर्माण के लिए निकलेगी कलश यात्रा

**सोनाहातू।** प्रखंड के बारेंदा पंचायत के स्वर्ग रेखा नदी के तट पर स्थित महातीर्थ सती घाट पर भव्य गंगा मंदिर निर्माण किया जाना हैं। 3 अक्तूबर मां दुर्गा पूजा के कलश स्थापना के अवसर पर निर्माण कार्य का नींव रखी जायेगी। नींव अनुष्ठान के अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में विधायक सुदेश महतो मौजूद रहेंगे। अनुष्ठान की तैयारी की समीक्षा बैठक मंगलवार देर शाम विधायक सुदेश महतो के उपस्थिति में ग्रामीणों ने किया विधायक की उपस्थिति में आयोजन को लेकर कमेटी का भी गठन किया गया। मंदिर का निर्माण सेंड स्टोन से होगा जो मिजार्पुर से मंगाया जायेगा। बैठक में प्रशांत कुमार, अरुण रंजन, गूंज परिवार के संरक्षक सुनील सिंह, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चित्तरंजन महतो, बारेंदा मुखिया प्रतिनिधि माधव सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

## विकास योजनाओं से जोड़ने के लिए उषामार्टीन फाउंडेशन ने की पहल



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** गांव के गरीब जन जातीय समाज के लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने को लेकर उषा मार्टिन फॉउंडेशन ने अभिनव पहल की है। फॉउंडेशन और सरकारी संस्थानों के सहयोग से सुदूर गांवों में शिविर लगाकर 135 गरीब लोगों का आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड बनवाया गया । सिलवे पंचायत के उलातू गांव के सात टोला में यह अभियान चलाया गया। इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा के लिए सालों से वंचित वृद्धजनों को ओल्ड एज पेंशन स्कीम से जोड़ने के लिए 12 लोगों का वृद्धवस्था पेंशन कार्ड भी बनवाया गया । अनीमिया और कुपोषित ग्रस्त बच्चो के स्वास्थ्य लाभ के लिए शालिनी अस्पताल के माध्यम से शिविर लगाकर कुपोषित बच्चों का इलाज भी किया जा रहा है। इसके अलावा गांव में आयुर्वेद और योगा कैंप लगाकार लोगों को जागरूक किया जा रहा है।गांवों के 15 दिव्यांगां को सरकारी योजना से जोड़ने के लिए विकलांगता प्रमाण पत्रआय प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड बनवाया गया है। इन्हें दीपशिखा के माध्यम से विकलांगता की जांच करायी गयी इसके आधार पर इन्हें व्हिलचेयर ट्राईसाईकिल ईयर मशीन आदि मुहैया कराया जायेगा। फॉउंडेशन के माध्यम से महिलौंग राजकीयकृत मध्य विद्यालय में पर्यावरण जागरूकता के लिए पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें ओजोन लेयर से होने वाले प्रभाव को पेंटिंग का विषय बनाया गया।

## बहेरा में रैविमो का सम्मान समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** रैयत विस्थापित मोर्चा क्षेत्रीय समिति ने बहेरा पंचायत सचिवालय मे सम्मान सह स्वागत समारोह का आयोजन किया. आयोजन मे कई गांव के लोग शामिल हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष इकबाल हुसेन व संचालन अलेक्जेंडर तिगगा ने किया. सेवानिवृत अशोका पीओ संजय कुमार को विदाई के साथ साथ सम्मान व नव पद स्थापित पीओ जे के सिंह के स्वागत मे बुके,माला,अंगवस्त्र दिया गया. रैयतो ने संजय कुमार के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनकी सराहना की और उनकी सुखमय जीवन की कामना की गई. रैयत विस्थापितों ने नव पद स्थापित पी ओ को विस्थापन समस्या से अवगत कराते हुए उनसे समस्या समाधान, नई परियोजनाओं की स्थापना, विस्तार व विस्थापित रैयतों से बेहतर तालमेल की आशा उम्मीद जताया गया. नव पद स्थापित पीओ जेके सिंह ने कहा कि विस्थापितों के लंबित मामलों का निपटारा नियमानुसार करते हुए मुझे परियोजना को आगे ले जाना है. विस्थापितों की पीड़ा से मैं अवगत हूं. बेहतर तालमेल बना के परियोजना एवं विस्थापित रैयतों की समस्या का समाधान करते हुए उत्पादन डिस्पैच लक्ष्य पूरा करना है जिसमें आप सबों की सहयोग जरूरी है।

### मुड़मा के पीड़ित परिवारों ने डीवीसी अधिकारियों संग की बैठक

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड कार्यालय नगड़ी में हटिया विस्थापित परिवार समिति की पहल पर नया सराय मुड़मा के वैसे सभी 6 परिवार जिन्हें घर हटाने का नोटिस देकर प्रशासन के द्वारा घर तोड़ने को लेकर दबाव बनाया जा रहा था वैसे सभी पीड़ित परिवार के लोगों के साथ अंचलाधिकारी की उपस्थिति में डी भी सी के अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। बैठक में प्रतिनिधि मंडल में डी भी सी के अधिकारियों को एक मांग पत्र सौंपा मांग पत्र के अनुसार डी भी सी के अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को 3 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति के साथ-साथ कुआं एवं बोरिंग के लिए अलग से क्षतिपूर्ती राशि और 3 महीना समय देने की बात स्वीकारी गई वार्ता के दौरान कई मांगों पर चर्चा करते हुए डी भी सी के अधिकारियों से प्रतिनिधि मंडल के द्वारा विस्थापित परिवार के लोगों को ही तृतीय वर्ग और चतुर्थ वर्ग में सत प्रतिशत नौकरी देने की मांग की गई साथ ही गांव वालों के लिए कारी नाथ महतो के घर से लेकर। तक 15 फीट का रोड छोड़कर अपनी जमीन पर डी भी सी बाउंड्री करने पर भी राजी हुई। प्रतिनिधि मंडल ने पारस नाथ महतो जो की भूमिहीन है उन्हें कहीं पर सरकारी जमीन आवंटित करने की मांग अंचल अधिकारी के सामने रखी गई है जिस पर अंचल अधिकारी ने पूर्ण सहयोग करने की बात कही।

## खेल प्रतिभा निखारने के लिए खिलाड़ियों को मिला फुटबॉल किट



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय खेल दिवस मनाते हुए मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत खेल किट का वितरण किया गया। जहां मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रखंड के खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल किट का वितरण किया। जिसमें मुख्य रूप से जर्सी, फुटबॉल, जूता, मोजा आदि दिया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं में खेल प्रतिभा को निखारने के लिए खेल किट का वितरण कर रही है। उन्होंने कहा शिक्षा के साथ ही खेल में जीवन संवारने के लिए असीम संभावनाएं है गांव में प्रतिभाएं कुंठित ना हो इसके लिए पंचायत के प्रत्येक गांव में खेल किट का वितरण किया जा रहा है। सरकार गांव में खेल मैदान बनवा रही हैं युवा इस मैदान का उपयोग करें। उन्होंने युवाओं व युवतियों से खेल जगत में बेहतर प्रदर्शन कर अपने प्रखंड जिला एवं राज्य के साथ देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने गांवों में सिद्धो कान्हू क्लब का गठन किया था। यहां खेल को बढ़ावा देने के लिए गांव में खुले सिद्धो कान्हू क्लब को प्रोत्साहित करने के लिए 25000 दिया जा रहा है। वहीं प्रखंड के चार गांवों में बने भैंसादोन, ईंटा, रोगो व टेंगरिया को 25000 का चेक दिया गया। उन्होंने कहा राज्य सरकार खेल के माध्यम से बेहतर खिलाड़ियों को नौकरी देने का काम कर रही है। इसलिए आप सभी पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी जारी रखें। वही नेट बॉल में प्रखंड से बेहतर प्रदर्शन करने वाले चार खिलाड़ियों को विनय कुमार, मनीता कच्छप,मिला कुमारी व शिवानी कुमारी को आगामी चार अक्टूबर को रांची के शौर्य भवन में झारखंड सरकार खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय द्वारा नगद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके पूर्व लड़कों व लड़कियों का नेट बॉल व फुटबॉल मैच खेला गया।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का उपप्रमुख मोददसिर हक बीडीओ राहुल उरांव, सीओ प्रताप मिंज जिला खेल समन्वयक आशीष कुमार बनर्जी, मुकेश कुमार करमा उरांव, देवनिश तिग्गा, अनमोल टोप्पो मो फहीम, शशि गोप सहित खिलाड़ी व ग्रामीण मौजूद थे।




# भारत ने दूसरा मैच जीतने के साथ बांग्लादेश का किया सूपड़ा साफ, घर पर लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीती

एजेंसी

**कानपुर।** भारत ने बांग्लादेश को कानपुर टेस्ट में सात विकेट से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है। टीम इंडिया को 95 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे रोहित एंड कंपनी ने तीन विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 233 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 285 रन बनाकर घोषित कर दी थी। भारत को तब 52 रन की बढ़त मिली थी। दूसरी पारी में बांग्लादेश की टीम ने 146 रन बनाए और भारत के सामने 95 रन का लक्ष्य दिया था। टेस्ट में आधिकारिक तौर पर एक दिन में 90 ओवर फेंके जाते हैं। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 74.2 ओवर, भारत ने अपनी पहली पारी में 34.4 ओवर, बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी में 47 ओवर और भारत ने अपनी दूसरी पारी में 17.2 ओवर खेले। इन सभी को मिला दें तो लगभग 174 ओवर बनते हैं और यह दो दिन के कुल ओवरों (180) से भी कम है।

### टेस्ट मैच में टी-20 स्टाइल की बैटिंग

चौथे दिन जब धूप खिली और मैच शुरू हुआ तो हमारे गेंदबाजों ने बांग्लादेश को घुटनों पर ला दिया। सिर्फ 233 रन पर समेटने के बाद टी-20 स्टाइल में बैटिंग की और आठ के एवरेज से बल्लेबाजी करते हुए 285 रन पर अपनी पारी घोषित की। चौथे दिन ही भारत ने बांग्लादेश के दो विकेट गिरा दिए थे। आखिरी दिन बांग्लादेश की पारी 146 रन पर सिमट गई और भारत को जीत के लिए 95 रन का लक्ष्य मिला, जिसे आसानी से पाते हुए इतिहास रच दिया।

**बांग्लादेश पहली पारी -233**

भारत ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। बांग्लादेश ने पहले दिन 3 विकेट खोकर 107 रन बनाए. इस दिन सिर्फ 35 ओवर का मैच हुआ. उसके बाद चौथे दिन खेलने उतरी टीम मोमिनुल हक के शतकीय पारी की बदौलत 126 रन ही बना सकी और 233 रन पर ऑल आउट हो गई।

**भारत पहली पारी-285**

बांग्लादेश के 233 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने अपनी इच्छाशक्ति साफ कर दी थी. कप्तान रोहित शर्मा और टीम इंडिया के जहन में साफ था कि इस मैच को न सिर्फ ड्रॉ होने से रोकना है बल्कि जीत हासिल करनी है. यशस्वी जायसवाल के दमदार 72 रन और केएल राहुल के 68 रनों की बदौलत भारत ने 285 रन बनाए. इसके बाद 52 रनों की लीड हासिल कर पारी घोषित कर दिया।

**बांग्लादेश दूसरी पारी-233**

मैच के चौथे दिन बांग्लादेश एक बार फिर बल्लेबाजी करने के लिए उतरी. भारत ने एक बार फिर अपने प्लान को कामयाब करते हुए चौथे ही दिन 2 विकेट झटक लिए. बांग्लादेश 26 रन ही बना पाई थी। पांचवे दिन बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम 120 रन ही जोड़ सकी और 146 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को जीत के लिए सिर्फ 95 रनों का लक्ष्य मिला।

**भारत चौथी पारी- 98**

बांग्लादेश के 95 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने 3 विकेट खोकर इस स्कोर को आसानी से हासिल कर लिया. इस पारी में एक बार फिर यशस्वी जायसवाल ने अर्धशतकीय पारी खेली और 51 रन बनाकर आउट हो गए. विराट कोहली 29 और ऋषभ पंत 4 रन बनाकर इस मैच में नाबाद रहे।

## रोहित ने बताया गंभीर और द्रविड़ की कोचिंग में फर्क

मैच के बाद रोहित ने भी माना कि राहुल द्रविड़ और गौतम गंभीर की कोचिंग स्टाइल में काफी फर्क है। बकौल रोहित, 'हमने राहुल भाई (द्रविड़) शानदार समय बिताया लेकिन जीवन आगे बढ़ता रहता है। मैं गौतम गंभीर के साथ खेल चुका हूं और जानता हूं कि वह किस तरह की मानसिकता के साथ आते हैं। अश्विन को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के संदर्भ में इस जीत को बहुत बड़ी बताया। अश्विन ने कहा, हमने उन्हें लंच के बाद आउट किया। रोहित चाहते थे कि हमें उनके खिलाफ गेंदबाजी के लिए 80 ओवर मिले। उन्होंने कहा, और जिस क्षण वह अंदर आया और उसने कहा कि हम 230 से कम पर आउट होने पर भी जीत के लिए प्रयास करेंगे। उसने केवल ऐसा कहा नहीं बल्कि मैदान पर उतरकर अपनी पहली गेंद पर छक्का लगाकर लय बनाई।

## योगी सरकार ने खिलाड़ियों का किया सम्मान

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वैश्विक स्तर पर देश व उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को लखनऊ में सम्मानित किया। इस दौरान सीएम योगी ने युवाओं और खिलाड़ियों को सफलता का मंत्र भी दिया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मंगलवार को खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी के लिए आज स्मार्ट फोन सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। यह युवाओं के समय और श्रम दोनों को प्रभावित करता है। साथ ही उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को नशे से दूर रहना चाहिए, नशा नाश का का कारण है, जो नशे की तरफ गया वह जीवन में फिर किसी के लायक नहीं रह पाएगा। जिन्होंने बढ़ाया देश का मान, ऐसी प्रतिभाओं का सम्मान कार्यक्रम में 14 ओलंपियंस व पैरालंपिक एथलीट्स को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश का मान बढ़ाने वाले इन सभी खिलाड़ियों को 22.70 करोड़ रुपए की पुरस्कार सम्मान राशि वितरित की। इनमें पदक विजेता कुल 7 ओलंपियंस व पैरालंपियंस और 7 अन्य प्रतिभाग करने वाले ओलंपियंस व पैरालंपियंस मौजूद रहे। सम्मानित होने वाले पदक विजेताओं में प्रवीण कुमार, सुहास एलवाई, अजीत सिंह, प्रीति पाल, सिमरन, ललित उपाध्याय व राज कुमार पाल शामिल रहे।

### पदक विजेता खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी बनाने की तैयारी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के धनराशि के आवंटन में पीछे नहीं है। युवा खेल जगत से जुड़े और पदक हासिल कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करें।

इसके लिए प्रदेश का खेल विभाग उनके साथ है। समारोह में मौजूद खिलाड़ियों से सीएम योगी ने आह्वान किया कि वैश्विक मंचों पर प्रदेश के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अधिक से अधिक मेडल हासिल करें। प्रदेश सरकार खेलों में देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी बनाने बनाने का निर्णय लिया है। 2 खिलाड़ी पुलिस उपाधीक्षक, 2 नायब तहसीलदार, 1 माल कर अधिकारी और 2 खिलाड़ी जिला युवा कल्याण अधिकारी बनेंगे।

- खेलों में प्रदेश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को सीएम योगी ने किया सम्मानित
- मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को दिया सफलता का मंत्र, मोबाइल फोन और नशे से दूर रहें
- ओलंपिक व पैरालंपिक गेम्स के पदक विजेताओं को सीएम योगी ने किया पुरस्कृत
- सीएम ने खिलाड़ियों के बीच 22 करोड़ 70 लाख की पुरस्कार राशि वितरित की

### अल्काराज, चाइना ओपन के फाइनल में

**बीजिंग।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने एक बार फिर शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए मंगलवार को रूसी खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव को हराकर चाइना ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। मंगलवार को 88 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में अल्कराज ने मेदवेदेव को 7-5, 6-3 से हराया।

### रहाणे-सरफराज ने मुम्बई को संभाला

**लखनऊ।** कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 86), सरफराज खान (नाबाद 54) और श्रेयस अय्यर (54) के अर्धशतकों की बदौलत मंगलवार को मुम्बई ने शेष भारत के खिलाफ चार विकेट पर 237 रन बना लिये है। सुबह के समय पिच और आउटफील्ड पर नमी के कारण 45 मिनट की देरी से मैच शुरू हुआ था। शेष भारत ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। मुम्बई की शुरूआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ केवल चार रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद हार्दिक तामोरे (शून्य) और आयुष म्हात्रे (19) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। तीनों ही बल्लेबाजों को मुकेश कुमार ने आउट किया। श्रेयस अय्यर ने एक अच्छी पारी खेलते हुए 84 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए(57) रन बनाए। उन्हें यश दयाल ने गायकवाड़ के हाथों कैच आउट कराया।

### जर्मनी के खिलाफ श्रृंखला की तैयारियों के लिए हॉकी इंडिया ने लगाया कोचिंग शिविर

**बेंगलुरू।** जर्मनी के साथ होने वाली घरेलू श्रृंखला की तैयारियों के लिए हॉकी इंडिया ने मंगलवार को सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र बेंगलुरु में एक अक्टूबर से 19 अक्टूबर इस राष्ट्रीय कोचिंग शिविर का आयोजन करेगा। जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए टीम का चयन इसी शिविर से किया जाएगा और यह भारतीय टीम की मैचों की तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### पार्थ ने जीता दोहरा स्वर्ण पदक

**लीमा।** पार्थ राकेश माने ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सोमवार को इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत खिताब जीतने के बाद, अजय मलिक और अभिनव शॉ के साथ मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।



**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 07/2024–25**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में 15वें वित्त आयोग आबद्ध/अनाबद्ध निधि के अंतर्गत प्राप्त आवंटन के तहत् स्वीकृत क्रमांक– 07 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिशद कोडरमा में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :–जिला अभियंता, जिला परिषद, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक) :–दिनांक–08.10.2024
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :–दिनांक–09.10.2024 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :–दिनांक–09.10.2024 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–जिला परिषद् कार्यालय, जि0ग्रा0वि0शा0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–जि0ग्रा0वि0शा0 सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | एक्टिविटि क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 89681228 | मरकच्चो प्रखण्ड के जामू पंचायत के प्रदीप कुमार के आम पेड से जामू धर्मशाला तक पेवर ब्लॉक | 500000.00 | 10000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 02 | 88391509 | हीरोडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम तेतरियाडीह में नवसृजित विद्यालय तेतरियाडीह से लेकर श्मशान घाट तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण | 773900.00 | 16000.00 | 1250.00 | 03 माह |

निविदा की शर्तें www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, कोडरमा

PR 337801 Panchayati Raj(24-25)#D

**कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़**

**नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अति–अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।**

अति अल्पकालिन सूचना संख्या – NIT/RGH/NP/10/2024-25(2nd Call) Re-Tender

1. निविदा निकालने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2. निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि :– दिनांक: 03.10.2024.06.2024
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन भर ने की अंतिम तिथि :– दिनांक: 13.10.2024.06.2024 अपराहन 0200 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट :– केवलई–निविदा (http://jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान :– दिनांक: 14.10.2024 अपराहन् 03रु00 बजे तक।
6. मद का नाम :– नागरिक सुविधा/शहरी परिवहन
7. हेल्पलाईन नं0 :– 8084609105 8651204505

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | 27 | Construction of Drain from H/O Bhutahi Gaddha Pool ton H/O Birendra Mahto in ward No-27 | 2460500.00 | 49210.00 | 5000 | 90 दिन |
| 09 | 30 | Construction of drain from Bajaj showroom N..H to Sandeep kushwaha in ward No-30 | 1155550.00 | 23111.00 | 5000 | 90 दिन |

नोटः– 1. केवल ई–निविदो ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयाँ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशिप अथवा पार्टनरशिप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR.NO.337795 District(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण)**
**लाईन टैंक रोड, लकड़ा गोदाम, राँची, पिन कोड नं० : 834001**
**ई–मेल: eercdranchi-gramin@jharkhandmail.gov.in**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**
**RCD/RANCHI(GRAMIN)-18/2024-25 Dt. 01.10.24**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची(ग्रामीण)।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 08.10.2024 को कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 09.10.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 09.10.2024 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– (i) मुख्य अभियंता (या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं0–2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, राँची। (ii) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,पथ अचंल, राँची। (iii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान उपरोक्त क्रमांक (5) में अंकित स्थानों पर।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | गैर योजना (विवेकाधीन) मद अन्तर्गत सिल्ली–रंगामाटी–टीकर–हजाम पथ के कि.मी. 8वें, 12वें, 17वें एवं 25वें में Emergent/Traffic Restoration कार्य वर्ष 2024–25 | 5.00 | 10000.00 | 750.00 | 7 दिन |

निविदा की शेष शर्तें http://prdjharkhand.in/online_tender.php एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)

PR 337788 Road(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला**

**अति अल्पकालिन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या MID/GUMLA/ $F_2$-36/2024-25 (2nd Call) दिनांक – 01.10.2024

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 04.10.2024 (अपराह्न 02:00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 09.10.2024 (अपराह्न 05:00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 14.10.2024 (अपराह्न 02:00 बजे)

| क0 | योजना का नाम | मद | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | (i) बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क, गुमला में शहीद स्मारक का निर्माण कार्य गुमला। (ii) Provision for tiles, kerbs, stone cutting, pavor block, pathway, electric work, horticulture, ashok pillar, engraving of granite at-birsa munda agro park Gumla. | पर्यटन मद | 4250300.00 | 85100 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | Construction of Bituminous Road From Thana Chowk to Kanhar Toli Cheter | Untied Fund | 2495450.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह |

नोटः– (1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

PR 337782 Minor Irrigation (24-25)_D

# मंत्री बन्ना गुप्ता की जिद पर जबह हो रही हैं विकास योजनाएं, इंडस्ट्रीयल सिटी नहीं बन पा रहा : सरयू

- डीसी ऑफिस पर लंबित विकास योजनाओं को लेकर विधायक ने किया धरना-प्रदर्शन
- धरना में लंबित विकास योजनाओं पर कम, बन्ना-अजय पर जम कर बरसे सरयू राय
- पूछा-एमजीएम अस्पताल बदहाल क्यों? कदमा में सार्वजनिक सड़क तक छेक लिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मंगलवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने उपायुक्त कार्यालय पर लंबित विकास योजनाओं और विकास कार्यों की धीमी गति को लेकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ धरना दिया। धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ अजय कुमार पर जम कर प्रहार किया। इस धरना-प्रदर्शन में जनता दल (यू) और भारतीय जनतंत्र मोर्चा के कार्यकर्ता भी शामिल थे।

**30 करोड़ की योजनाएं शुरू होनी हैं :** अपने भाषण में सरयू राय ने कहा कि उन्होंने मात्र तीन साल में 155 करोड़ रुपये की योजनाओं को लागू करवाया। इसके बावजूद अभी भी कभी करीब 30 करोड़ की योजनाएं ऐसी हैं, जिनका पूरा



धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सरयू राय।

पैसा जिला में आ जाने के बाद भी काम प्रारंभ शुरू नहीं हो पाया है। उन योजनाओं के लिए जब हम लोगों ने धरना-प्रदर्शन की सूचना दी तो उपायुक्त सक्रिय हुए और उन्होंने बाकायदा लिखित में जानना चाहा है कि अब तक योजनाएं क्यों नहीं लागू हुई।

### टाटा स्टील के खिलाफ कुछ बोल कर दिखायें डॉ अजय कुमार

श्री राय ने कहा कि डॉ अजय कुमार टाटा स्टील की नौकरी करते थे। उनमें हिम्मत नहीं कि वे टाटा स्टील के खिलाफ आवाज उठाएं। हमने टाटा स्टील की गर्दन पर हाथ रखकर जनहित में योजनाओं को लागू करवाया। जब हमने अजय कुमार के मालिक के गर्दन पर हाथ डालकर इतना सब काम करवा लिया तब अजय कुमार कह रहे हैं कि कोई काम हुआ ही नहीं। उन्हें पता भी नहीं होगा कि बाबूडीह से लेकर लालभट्ठा तक साफ पानी की आपूर्ति के लिए हमलोगों के दबाव डालने पर ही टाटा ने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया। अनेक इलाकों में पाइपलाइन बिछ गई है। दुर्भाग्य की बात है कि अभी पानी देना प्रारंभ नहीं हुआ। इसीलिए हम लोग धरना दे रहे हैं, इस उम्मीद के साथ कि बहुत जल्द ही पानी देने का काम भी शुरू हो जायेगा।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार की आलोचना करते हुए सरयू राय ने कहा कि उन्हें पता ही नहीं कि मालिकाना हक के मामले में मैंने विधानसभा में चार बार प्रस्ताव रखा लेकिन राज्य सरकार ने इस प्रस्ताव को स्वीकार ही नहीं किया। उन्हें कोई जानकारी है ही नहीं। बस सवाल पूछना है, इसलिए सवाल पूछते रहते हैं। श्री राय ने कहा कि डॉ. अजय कुमार को पूछना चाहिए बन्ना गुप्ता से कि मंत्री रहते आपके क्षेत्र में एमजीएम अस्पताल की स्थिति क्यों नहीं सुधरी?

## अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए प्रदर्शन कर रहे सरयू रायः डॉ अजय

- कहा, पांच साल बाद सरयू राय को आयी योजनाओं की याद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ अजय कुमार।

**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा. अजय कुमार ने विधायक सरयु राय पर हमला करते हुए कहा कि सरयू राय अपनी पांच साल की नाकामियों को छुपाने के लिए प्रदर्शन कर रहे है। झूठ बोलना और प्रपंच करना सरयू राय की पुरानी आदत है। मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर डा. अजय ने कहा कि पांच वर्ष बीतने पर सरयू राय को अब याद आ रहा है कि जिला प्रशासन ने विकास कार्यों में विलंब किया है। डॉ अजय ने कहा कि लोगों का ध्यान भटकाने के लिए सरयू राय जिला प्रशासन पर आरोप लगा रहे हैं जबकि मोहरदा जलापूर्ति योजना का संचालन टाटा स्टील युटिलिटी इंफ्रास्टक्चर सर्विस लिमिटेड (पूर्व में जुस्को) द्वारा संचालित किया जाता है। पानी की शुद्धता के लिए विधायक सरयू राय टीएसयूआईएसएल पर दबाव बनाने के बजाए जिला प्रशासन को दोषी ठहरा रहे हैं। पांच साल में लोगों को शुद्ध पानी नहीं उपलब्ध करा पाये।

## स्पीड न्यूज



### बागबेडा कॉलोनी रोड नं एक के समीप चला साफ-सफाई अभियान

**जमशेदपुर।** पोटका विधायक संजीव सरदार के प्रयास से बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर एक स्थित श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल एवं प्राथमिक विद्यालय के समीप कचरों का ढेर उठाया गया। इस दौरान जगह-जगह बड़े-बड़े कंटीले वृक्ष एवं नाली के कचरे को भी साफ सफाई किया गया। साफ सफाई संपन्न हो जाने पर स्कूली बच्चे आसानी से मैदान के आसपास खेलकूद कर सकेंगे। पंसस सुनील गुप्ता ने बताया कि छुटे हुए स्थान पर भी जेसीबी, हाइवा गाडी एवं मजदूरों से साफ-सफाई करवाया जाएगा ताकि बागबेड़ा स्वच्छ रहे। मौके पर उप मुखिया संतोष ठाकुर, झामुमो बागबेड़ा कॉलोनी इकाई अध्यक्ष अजीत सिंहा, बागबेडा मध्य इकाई अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह उपस्थित थे।

### विधवा विलाप बंद करें पूर्वी के विधायक सरयू राय : प्रमोद मिश्रा



**जमशेदपुर।** विभिन्न लंबित योजनाओं को पूरा कराने की मांग पर उपायुक्त कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने के सवाल पर भाजपा बारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने सवालिया लहजे में पूछा कि किसे दिगभ्रमित कर रहे हैं विधायक जी? जिस झामुमो कांग्रेस नीत गठबंधन की लुटेरी सरकार को पांच वर्षों तक अपना नैतिक समर्थन देते हुए अभी तक कोई सवाल नहीं पुछा, ये सभी को पता है। आगामी कुछ ही दिनों में झारखंड विधान सभा चुनाव की घोषणा होने वाली है और आचार संहिता लग जाएगी तो योजना कब पूरा होगा विधायक जी?

### साकची में आज सुबह 6.30 बजे से होगा सद्भावना रन

**जमशेदपुर।** गांधी जयंती पर बुधवार 2 अक्टूबर को आयोजित होने जा रहे दौड़ के सबसे बड़े आयोजन रन फॉर सद्भावना की तैयारी पूरी हो गई है। इस वर्ष यह दौड़ 2 अक्टूबर की सुबह 6.30 बजे साकची गोलचक्कर से शुरू होगी, जो जुबली पार्क होते हुए दोराबजी टाटा पार्क (मोदी पार्क) के पास पहुंचकर समाप्त होगी। आयोजकों ने बताया कि दौड़ में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को सद्भावना टी शर्ट दी जायेगी। आयोजन के चेयरपर्सन विकास सिंह ने बताया कि दौड़ में करीब 15 हजार प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की संभावना है।

### जेएफसी बनाम ईस्ट बंगाल एफसी मुकाबले के लिए 11,000 टिकट बिके

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक इलेक्ट्रिक माहौल के लिए तैयारी कर रहा है क्योंकि 5 अक्टूबर को शाम 5 बजे ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ उनके बहुप्रतीक्षित घरेलू मैच के लिए 11,000 टिकट पहले ही बेचे जा चुके हैं। स्टील के पुरुष एक उग्र प्रतियोगिता में अपने कोलकाता प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने के लिए लगभग क्षमता वाली भीड़ की उम्मीद कर रहे हैं। जमशेदपुर एफसी ने अब तक अपने तीन में से दो मैच जीते हैं और वर्तमान में आईएसएल तालिका में तीसरे स्थान पर है, जबकि ईस्ट बंगाल एफसी को अभी तक एक भी जीत हासिल नहीं हुई है।

## रेडक्रॉस में रक्तदाताओं का उत्साह देख आठ अक्तूबर को एक और शिविर का ऐलान

# जमशेदपुर ने 503 यूनिट रक्तदान कर मनाया विश्व रक्तदान दिवस

- एसडीपी दान को बढ़ावा देने के लिए प्रभुनाथ सिंह, मुख्तार और क्रांति जी किये गये सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति राष्ट्रीय रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रॉस भवन में किया गया। इस शिविर में रक्तदान करने के लिए युवाओं, महिलाओं का दिन भर भीड़ लगा रहा। रक्तदान शिविर में देर शाम तक 503 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। फिर भी सैकड़ों लोगों को निराश होकर रक्तदान किए बिना घर लौटना पड़ा। उनके उत्साह को देख रेडक्रॉस के सचिव विजय सिंह ने बचे हुए रक्तदाताओं को 8 अक्तूबर को रेडक्रॉस भवन में आकर रक्तदान की अपील की।



रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाती एसडीओ शताब्दी मजुमदार, समाजसेवी विकास सिंह व अन्य।

रेड क्रॉस भवन में राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर आयोजित रक्तदान महायज्ञ में सम्मानित अतिथि के रूप में एसडीओ सह उपाध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम शताब्दी मजूमदार, जमशेदपुर ब्लड सेन्टर की महासचिव नलिनी राममूर्ति, रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल, विकास सिंह, जेसीएपीसीपीएल के कार्यकारी निदेशक जुनीची मुत्सुनागा, मुख्य वित्त पदाधिकारी प्रवीण हेगड़े तथा मुख्य मानव संसाधन पदाधिकारी अजय कुमार सिंह, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते तथा महासचिव आर.के. सिंह, रेड क्रॉस के संरक्षक अमलेश झा, चन्द्रमोहन सिंह उपस्थित थें। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं श्रीमती मजूमदार ने सभी रक्तदाताओं को पुष्प गुच्छ प्रदान करते हुए रक्तदाताओं से उनके रक्तदान यात्रा के विषय में जानकारी लेते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देश पर बीते वर्ष की भांति रक्तदान अभियान के विशेष पखवाड़ा का आयोजन रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के संयोजन में आयोजित हुआ।

राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के इस अयोजन में रक्तदाताओं को धन्यवाद देने के उद्देश्य से अफेरेसिस डोनेशन के द्वारा प्लेटलेट्स का दान कर लोगों का जीवन बचाने वाले 15 एसडीपी डोनर्स, एवं तीन शतकवीर रक्तदाताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## आरका जैन विश्वविद्यालय में छात्रों ने किया 50 यूनिट रक्तदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर आरका जैन विश्वविद्यालय में रक्त दान शिविर का आयोजन एन एस एस के द्वारा आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त रक्तदाताओं ने दान दिया। कार्यक्रम की शुरूआत रजिस्ट्रार डॉक्टर अमित श्रीवास्तव, डी एस डब्लू डॉ अंगद तिवारी, एस एस रजी एवम एन एस को ऑरिनेटर पारस नाथ मिश्र ने संयुक्त रूप से रक्तदाताओं को सम्मानित कर किये।

रजिस्ट्रार अमित श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा रक्तदान करना करने वाले जीवन दाता के श्रेणी में होते है जिनके रक्त से कई जीवन बच जाते है। डॉक्टर अंगद तिवारी ने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान होता है। एन एस एस कोऑर्डिनेटर श्री पारस नाथ मिश्र ने कहा कि आ आरका जैन विश्वविद्यालय में रक्तदान के प्रति जागरूकता अभियान और रक्तदान नियमित रूप से चलाए जाते है जिससे जरूरतमंदों की जान बचाया जा सके।

## ओल्ड एज होम पहुंचे डीसी, फल की टोकरी भेंट कर बढ़ाया हौसला

- अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस डीसी ने ओल्ड एज होम का निरीक्षण
- बुजुर्ग मतदाताओं को किया सम्मानित, कहा-वोट जरूर दीजियेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त (डीसी) अनन्य मित्तल ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बाराद्वारी स्थित ओल्ड एज होम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों का कुशलक्षेम जाना। इस मौके पर उन्होने बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित किया तथा मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया। मौके पर उन्होने सभी वृद्धजनों के पास मतदाता पहचान पत्र है या नहीं इसकी भी जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन का प्रयास है कि सभी मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र हो जिससे वे मताधिकार





ओल्ड एज होम बाराद्वारी में एक बुजुर्ग महिला को फल की टोकरी भेंट करते डीसी अनन्य मित्तल।

के प्रयोग से वंचित नहीं रह जायें। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में निरंतर सहभागिता के लिए वृद्धजनों का आभार व्यक्त किया। सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए बुजुर्गों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को भी अपने घर के बड़े-बुजुर्गों से सीख लेकर मतदान में भागीदारी जरूर निभानी चाहिए।

## एक नजर में

### सोना देवी विवि में स्वच्छता पखवाड़ा पर कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला में आज स्वच्छता पखवाड़ा के उपलक्ष में शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया। विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति डॉ जे.पी मिश्रा के निर्देश अनुसार आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी कुलपति श्रीमती अर्चना सिंह तथा परीक्षा नियंत्रक श्री मिथिलेश सिंह के साथ सभी छात्राओं ने स्वच्छ रहने तथा गंदगी न फैलाने का संकल्प दोहराया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी संकाय के फैकल्टी के साथ विद्यार्थियों ने शपथ लिया कि वह प्रति सप्ताह 2 घंटे का श्रमदान करके अपने घर, गांव और कार्य स्थल तथा शिक्षण संस्थान को स्वच्छ रखने का प्रयास करेंगे और समाज में अन्य लोगों को भी स्वच्छता बरतने और गंदगी न फैलाने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अन्य कार्यालय कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राऐं उपस्थित थे।

### आइडीबीआइ बैंक के 60वें स्थापना दिवस पर 50 यूनिट रक्तदान





**जमशेदपुर।** आई डी बी आई बैंक के 60वें स्थापना दिवस पर जमशेदपुर में बैंककर्मियों ने 50 यूनिट रक्तदान किया। मौके पर रक्तदान करने वालों के बीच 100 पौधों का वितरण किया गया। मौके पर क्षेत्रीय प्रमुख राकेश कुमार ने कहा कि जितने भी रक्तदाता निस्वार्थ भाव से रक्तदान करते हैं वह सभी लोग ईश्वर कोटि के मनुष्य है करण इस रक्तदान करने में रक्तदाता का किसी प्रकार का कोई भी स्वार्थ नहीं रहता परम पुरुष के छोटे-छोटे बच्चों के कष्ट निदान के लिए रक्तदान करते हैं इसलिए इस तरह के मनुष्य को ईश्वर कोटि के मनुष्य कहा गया है। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रणब भट्टाचार्य (जनरल मैनेजर) और विनय श्रीवास्तव (असिस्टेंट मैनेजर) ने भी पौधा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राकेश कुमार तथा उन लोगों का भी सहयोग रहा।

### बारीडीह विजया गार्डेन में चला स्वच्छता अभियान



**जमशेदपुर।** बारीडीह स्थित विजया गार्डेन में चित्रांश किट्टी क्वींस ग्रुप ने स्वच्छता अभियान चलाया। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में चले इस अभियान का नेतृत्व प्रियंका वर्मा ने किया। इससे जुड़े लोगों ने महात्मा गांधी के आदर्शों को अपनाने व सोसाइटी को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल रखने का संकल्प लिया। मौके पर प्रियंका वर्मा, प्रिया श्रीवास्तव, रंजू वर्मा, अनीता वर्मा, रिचा सिन्हा, आभा शरण, सोनाली श्रीवास्तव एवं चित्रांश किट्टी क्वींस ग्रुप के बच्चे देव, वेद, वैभवी, रिद्धिमा, ध्रुव, गौरी, श्रेयांशु, निहारिका, पवन, आदित्य, बीवान, हैरी, प्रदुमन, रिद्धी भी सफाई अभियान में शामिल हुए।

### आनंद मार्ग ने किया 55 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के सहयोग से राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर पूर्वजों के प्रति सच्ची श्रद्धा भाव से 55 यूनिट रक्तदान किया। जमशेदपुर ब्लड सेंटर की ओर से आनंद मार्ग के 114 वा मासिक रक्तदान शिविर में ईश्वर कोटि के मनुष्यों ने 55 यूनिट रक्तदान किया एवं 100 पौधा वितरण किया गया। रक्त दाताओं के बीच टाटा वर्कर्स यूनियन के ट्यूब डिवीजन टेक्नोलॉजी सर्विसेज कमेटी मेंबर ज्ञान रंजन श्रीवास्तव ने भी पौधा एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया पत्र देकर सम्मानित किया।

### श्रीनाथ के छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्री नाथ पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा है के बैनर तले जन जागरण जागरूकता अभियान चलाया। मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा विद्यालय परिसर एवं आस पास के क्षेत्रों में साफ सफाई की साथ ही लोगों को स्वच्छता का महत्व भी बताया। लोगो ने भी छात्रों की सोच और विचार को सराहा एवं सहयोग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने बताया कि गांधी जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है और हमारा विद्यालय परिवार हमेशा अपने कर्तव्यों का निर्वाह पूर्ण निष्ठा के साथ करता है।

### टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी के कर्मचारियों को अधिकतम 20,000 रुपये बोनस



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी और इसके वर्कर्स यूनियन के बीच 2023-24 के लिए बोनस समझौते पर आज विभिन्न अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत, जू के 20 कर्मचारी बोनस का लाभ उठाने के पात्र होंगे। पिछले वर्ष की तरह, बोनस की गणना मूल वेतन और वीडीए के 8.33 प्रतिशत की दर से की जायेगी। बोनस की न्यूनतम राशि 11,000 और अधिकतम राशि 20,000 निर्धारित की गयी है। यदि कोई कर्मचारी अधिकतम सीमा पार करता है, तो उसे अतिरिक्त 750 रुपये का लाभ भी मिलेगा। प्रबंधन की ओर से इस समझौते पर कैप्टन अमिताभ (मानद सचिव), अजय सिंह (एचआर), डॉ नईम अख्तर (डेप्युटी डायरेक्टर), डॉ एम पालित (डेप्युटी डायरेक्टर), और आर. पवन कुमार (सदस्य) ने हस्ताक्षर किया। वहीं, वर्कर्स यूनियन की ओर से रघुनाथ पांडे (अध्यक्ष), दिनेश महतो (उपाध्यक्ष), विजय मुखी (महासचिव) और बिनोद शर्मा (कोषाध्यक्ष) ने हस्ताक्ष किया।

## लक्ष्य को प्राप्त करना है तो संघर्ष से पीछे कभी न हटें : जोबा माझी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**झींकपानी/जमशेदपुर।** मनुष्य का जीवन संघर्षों से भरा है, बिना संघर्ष सफलता की प्राप्ति कठिन है। उक्त बातें सांसद जोबा माझी ने कही। सांसद ने कहा जीवन में सफल होना है तो लक्ष्य निर्धारित करें और बिना लक्ष्य की प्राप्ति के रुके नहीं। सांसद मंगलवार को झींकपानी प्रखंड के संत तेरेसा स्कूल में संत तेरेसा दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि बच्चों को संबोधित कर रही थी। सांसद ने बच्चों को लगन के साथ पढ़ाई करने की सलाह देते हुए कहा आपको सफल बनाने के लिए शिक्षकों के साथ माता-पिता का भी योगदान छिपा है। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की और



छात्र को पुरस्कृत करतीं सांसद जोबा माझी।

कहा हर प्रस्तुति ने समाज को सही दिशा देने का संदेश दिया है। इससे पहले सांसद समेत अन्य अतिथियों के आगमन पर स्कूल परिवार की ओर से स्वागत किया गया। मौके पर सांसद के हाथों स्कूल के मैट्रिक टॉपर रोहित कुमार सरिमा, पूनम तमसोय, तनीषा राम को नगद राशि एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## जनता की नब्ज टटोल कर चुनावी घोषणा पत्र बना रही कांग्रेस : बंधु तिर्की

- नगर के विभिन्न सेक्टर के लोगों से मिली कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी की टीम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार झारखण्ड कांग्रेस कमेटी मेनिफेस्टो कमेटी के माननीय चेयरमैन एवं सदस्य का आगमन जमशेदपुर के सर्किट हाउस में हुआ। मेनोफेस्टो कमिटी के चेयरमैन एवं सदस्यों ने सर्किट हाउस के सभागार में समाज के विभिन्न वर्गों एवं व्यापारिक संगठन, इंटक युनियन, खेल संगठन, आदिवासी समाज, सिख समाज, सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित प्रोफेशनल लोगों से कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र के संदर्भ में सुझाव प्राप्त की। जिसमें लोगों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये।



## टीएफए में सात राज्यों के 28 कैडेट्स ने अकादमी से ली ग्रेजुएट की उपाधि

- धूमधाम से आयोजित किया गया टीएफए का 15 वां दीक्षांत समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा फुटबॉल अकादमी (टीएफए) ने आज जमशेदपुर के कूडी महंती ऑडिटोरियम में अपना 15वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर देश के 7 राज्यों से आए कुल 28 कैडेट्स ने अकादमी से ग्रेजुएट की उपाधि प्राप्त की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील और विशिष्ट अतिथि के रूप में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अध्यक्ष एवं भारतीय ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव कल्याण चौबे ने शिरकत की। मुख्य अतिथि चाणक्य चौधरी, जो टाटा फुटबॉल अकादमी के चेयरमैन भी हैं, ने 2024 के ग्रेजुएशन बैच के सभी सदस्यों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि टाटा स्टील में खेल एक जीवनशैली है और खेल हमेशा टाटा स्टील का अभिन्न हिस्सा रहा है।

विशिष्ट अतिथि कल्याण चौबे ने टाटा फुटबॉल अकादमी के पहले बैच के कैडेट के रूप में





अपने पुराने दिनों की यादें साझा कीं। जहां कुल 28 कैडेट्स ने अकादमी से स्नातक की उपाधि प्राप्त की, वहीं झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले दो कैडेट्स ने संतोष ट्रॉफी में भाग लिया। इसके अलावा, दो कैडेट्स डूरंड कप 2024 के लिए जमशेदपुर एफसी की टीम का हिस्सा रहे।

टाटा फुटबॉल अकादमी (टीएफए) के कुल 10 कैडेट्स ने स्वामी विवेकानंद व 20 राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में झारखंड राज्य टीम का प्रतिनिधित्व किया, जबकि कैडेट सोनम त्सेवान ल्होकहम ने एसएएफएफ व20 चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। टीएफए ने 2022-23 में एआईएफएफ एलीट मान्यता प्राप्त की, जबकि जमशेदपुर एफसी के चॉवंगथु लालह्रियातपुइया को पहली टीम में पदोन्नत किया गया। जहां तक आईएसएल (2024-25) के प्रतिनिधित्व की बात है, 16 पूर्व कैडेट्स भारतीय सुपर लीग में खेलेंगे। टाटा फुटबॉल अकादमी के 15 वें बैच के स्नातक के रूप में, ये युवा खिलाड़ी अपने फुटबॉल करियर में अगला कदम उठाने के लिए तैयार हैं, साथ ही वे अकादमी में बिताये समय के दौरान सिखाए गए मूल्यों और विरासत को अपने साथ लेकर चलेंगे।

# पूर्व और वर्तमान विधायक ने पूरे विधानसभा क्षेत्र को चारागाह बना दिया है: गिरिनाथ सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**


धरना कार्यक्रम में गिरिनाथ सिंह।

**गढ़वा।** जिले के चिनियां प्रखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के नेतृत्व में एकदिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम पर है। आज जनता चिनिया ब्लॉक में किसी भी काम से जाती है, तो बिना घूस लिए कोई काम नहीं होता। पूर्व के विधायक और वर्तमान के विधायक ने पूरे विधानसभा क्षेत्र को चारागाह बना दिया है। श्री सिंह ने कहा कि आप किसी भी काम से जाइए लोगों ने दुकान खोल रखा है। हरेक माल 30 हजार रुपए पर बेचा जा रहा है। चिनियां प्रखण्ड के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ना अच्छे सड़क है, ना बिजली है, ना पानी है। एक सड़क को बार बार बनवाने का काम किया जा रहा है। मौके पर चिनियां प्रखंड अध्यक्ष राम लखन यादव, बिनोद सिंह, इफ्तिखार अंसारी, फनु सिंह, सिकेंद्र सिंह, ताहिद अंसारी, हाजीमोईन अंसारी, सूरज सिंह, संजय तिवारी, शाहिद अंसारी, शिवनाथ चैधरी, बीडीसी लक्ष्मण पासवान, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्नारायण यादव, बाबुल सिंह, उमेश सिंह, कैलाष यादव, अताउल अंसारी, श्याम किशोर यादव, जनाब अंसारी, गरीबा भुईया, परमेश्वर यादव, अयोध्या साव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# विधायक भानु ने किया नीलांबर पीतांबर फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

▸▸ **झारखंड का कोई नाम रोशन किया है, तो वह है धोनी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**


खिलाड़ियों के साथ विधायक भानु प्रताप शाही।

**भवनाथपुर।** बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय के मैदान में नीलकंठ युवा क्लब के तत्वावधान में आयोजित नीलांबर पीतांबर फुटबॉल टूनामेंट का उद्घाटन मंगलवार को विधायक भानु प्रताप शाही ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि जीवन में पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। प्रखंड क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए जहां भी जरूरत पड़ेगी मैं अपने स्तर से उन्हे हर संभव सहयोग करूंगा।

उन्होंने कहा कि अगर आज झारखंड का कोई नाम रोशन किया है, तो वह क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी है, इसलिए आप लोग महेंद्र सिंह धोनी जैसा खिलाड़ी बनकर अपने गांव के साथ साथ जिला और प्रदेश का नाम रौशन करे। मैं आप लोगों के लिए हमेशा तैयार रहूंगा। फुटबॉल टूनामेंट का उद्घाटन मैच ज्योतिबा फुले स्पोर्ट क्लब कैलान एवं बरडीहा के बीच खेला गया। जहां बरडीहा की टीम ने कैलान को 3-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच में रेफरी की भूमिका प्रवेश साह तथा लाईनमैन की भूमिका छोटन कुमार एवं अमित कुमार ने निभाई।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर क्लब के अध्यक्ष नीलमनी कुमार, कोषाध्यक्ष अजय बड़ाइक, सचिव धर्मेंद्र कोरवा, खेल प्रभारी इम्तियाज आलम, मनोज कुमार, सनोज कुमार, दीपक कुमार, पारस बड़ाइक, मनोज कुमार, राजू कुमार, चन्दन कुमार, मनीष कुमार, मेशी कुमार, गोलू कुमार आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### आगामी विधानसभा आम चुनाव को लेकर डीसी ने की बैठक



**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आगामी विधानसभा आम चुनाव को लेकर बैठक की। इस दौरान डीसी ने जिला स्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों, विभागों के साथ बैठक कर मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन द्वारा आगामी विधानसभा आम चुनाव गत 23 एवं 24 सितम्बर को समीक्षा के दौरान उठाए गए बिन्दुओं के अनुपालन के संबंध में चर्चा की एवं प्रवर्तन एजेंसियों, विभागों द्वारा किए जा रहे उनके कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में एसपी दीपक कुमार पाण्डेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी तथा दक्षिणी, गढ़वा एसडीओ संजय कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### विद्युत विपत्र माफी के प्रमाण पत्र का वितरण



**भवनाथपुर।** मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना अंतर्गत विद्युत विपत्र माफी के प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रखंड क्षेत्र लाभुको के लिए मंगलवार को छमईलवा बिजली सब स्टेशन में प्रमाण पत्र वितरण शिविर का आयोजन किया गया। बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता पंकज कुमार गौतम के द्वारा कंप्यूटर से निकालकर दिया गया। प्रमाण पत्र करने वालों में अमीरका महारा, अमरेंद्र राम, रामकेश्वर यादव, राजनाथ, अभय कुमार, लक्ष्मी नारायण साव, राजेंद्र प्रसाद, मानदेव साह, चंद्रदेव राउत, सुरेश बैठा, फुलेश्वर साह, बिगन प्रसाद गुप्ता, अनूप कुमार, रोशनी ठाकुर, मनोज पासवान, कबूतरी कुंवर, यशोदा देवी सहित कई लोगों का नाम शामिल है। मौके पर प्रभारी जेई अमल राय, उमेश प्रजापति, अशोक मेहता, विजय मेहता, नीरज दुबे, अशोक यादव, वीरेंद्र पासवान, नीरज मेहता, अनिल यादव सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

### बिजली उपभोक्ताओं के बीच प्रमाण पत्र वितरित



डंडई। प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई विद्युत शक्ति उपकेंद्र में मंगलवार को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के बिजली माफी का प्रमाण पत्र बिजली उपभोक्ता को दिया गया। बताते चलें कि झारखंड सरकार घरेलू बिजली उपभोक्ता का बिजली माफ किया हैं। जिससे बिजली उपभोक्ता में काफी उत्साह देखा गया। बिजली उपभोताओ ने झारखंड सरकार की इस पहल की काफी सराहना की और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया। मौके पर सुलतान अंसारी, गयासुद्दीन खान, श्रवण प्रजापति, हसन अंसारी, फकरुद्दीन अंसारी, बिगन राम, बच्चू कोरवा, मीना देवी, सिमला देवी आदि उपस्थित थे।

# पंचायत सेवक व मुखिया प्रतिनिधि पर अबुआ आवास में पैसा मांगने का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**


आवेदन देती लाभुक।

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलियारी पंचायत के टोला बुनियाद बिगहा की दो महिलाओं ने प्रखण्ड प्रमुख को लिखित आवेदन देकर आवास योजना में पैसा मांगने का आरोप पंचायत सेवक व मुखिया प्रतिनिधि पर लगाया है। बलियारी गांव के टोला बुनियाद बिगहा निवासी लालो देवी पति देवनन्दन मेहता व सोना देवी पति हरिनंदन पासवान ने कांडी प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पाण्डेय के कार्यालय में आकर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि बलियारी पंचायत के पंचायत सेवक संजीव ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि ललन कुमार मेहता एवं मुखिया के सहयोगी जिलानी राइन तीनों व्यक्ति सफेद बोलोरो गाड़ी से उतरकर हमारे घर पर आए और बुलाकर बोले कि घर बन रहा है तो मैं बोली कि हां बन रहा है। प्लिंथ लेवल तक कर दी हूं। तभी पॉकेट से मोबाइल निकाल कर हमको खड़ा कर फोटो लिए उसके बाद बोले कि फोटो का खर्चा दीजिए। तो मैं 1200 रुपया संजीव ठाकुर के हाथ में दे दिए। उसके बाद पंचायत सेवक बोले की मुखिया से मिल लीजिएगा तो आपका दूसरा किस्त का पैसा छूट जाएगा। मैं 10 दिन के बाद मुखिया के घर पर गयी तो बोले कि अभी तक मेरा पैसा नहीं आया है, उसके बाद भी दस बार मुखिया के द्वार पर गए तब लास्ट में मुखिया प्रतिनिधि ललन मेहता बोलें की 15 दिन बाद आयेगा और बोले की 10,000 रुपए दीजिएगा तो खाता में पैसा डाला जाएगा नहीं दीजिएगा तो पैसा नहीं डालेंगे। सबको पैसा लगता है आपको भी पैसा लगेगा। अभी तक लगभग 4 माह हो गया लेकिन मेरा पैसा नहीं आया। मेरे पास पैसा नहीं था तो मैं बोली कि पैसा डलवा दीजिए उसी में से निकाल कर दे दूंगी। लेकिन नहीं सुने। उसके बाद हमने कांडी में प्रमुख के पास अपनी फरियाद को लेकर आयी हूं और उनको मैं एक आवेदन दी हूं। उसी टोले की सोना देवी पति हरिनंदन पासवान ने भी अबुआ आवास का जियो टैग करने के लिए पैसा मांगने का आरोप लगाते हुए प्रखण्ड प्रमुख के पास लिखित आवेदन दी है। इस विषय में कांडी प्रखंड प्रमुख पिंकू पाण्डेय ने बताया कि बलियारी पंचायत से दो महिला आवेदन लेकर हमारे पास आई हुई है। जिससे मैं बीडीओ तथा डीडीसी से बात कर जांच कर जो उचित कार्रवाई होगी मैं कराने का प्रयास करूंगा। इस विषय में बलियारी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि ललन कुमार मेहता ने कहा कि यह आरोप गलत व निराधार है। प्रखण्ड प्रमुख से मेरा नहीं बनता है। उन्होंने उक्त दोनों महिलाओं को बहला फुसला कर हमारे खिलाफ गलत बयान दिलवाया गया है। उक्त महिला का दिमागी हालत भी ठीक नही रहता। हमने किसी भी लाभुक से आवास में एक पैसा भी कभी नहीं लेता हूं जो भी आरोप लगाया है वह बिल्कुल गलत है। मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि चाहूंगा कि इसकी जांच की जाए जो भी दोषी हो उसके ऊपर उचित कानूनी कार्रवाई होना चाहिए। पंचायत सेवक संजीव ठाकुर ने कहा कि आवास योजना में पैसा लेने का आरोप गलत है। किसी के पास कोई प्रमाण हो तो प्रमाण के साथ आरोप लगाएं।

## खबर एक नजर में

### मिट्टी के जर्जर घर में रहने को मजबूर है राहुल


जानकारी देते राहुल के परिजन।

**रमना।** प्रखंड के बहियार खुर्द निवासी 25 वर्षीय राहुल पासवान पिता स्व. शिवकुमार पासवान के मिट्टी के घर की स्थिति जर्जर हो चुकी है। समय रहते इन लोगो को इस घर से निजात नहीं मिला तो किसी दिन कोई बड़ा हादसा से इनकार नहीं किया जा सकता है। क्योंकि मिट्टी के घर पर प्लास्टिक डाल कर उसी घर में गुजर बसर करते हैं। इस वर्ष हुई वर्षा से पूरा दीवार जर्जर हो चुका है। इसी घर में वह अपने परिवार के साथ रहने को विवश है। जानकारी के अनुसार उक्त युवक के पिता की मृत्यु असमय ही हो गई थी। बच्चों का पालन पोषण का पूरा भार मां पर था। जिन्होंने गरीबी और विवशता में किसी प्रकार परिवार का पालन पोषण किया। राहुल कुमार ने आवास के सम्बन्ध में बताया कि हमारे परिवार में आज तक किसी को भी आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। साथ ही मेरा घर हाइवे सड़क में भी पड़ गया है, लेकिन अभी तक कोई मुआवजा नहीं मिला ताकि दूसरे जगह घर भी बना कर सपरिवार सुरक्षित जीवन यापन कर सकुं। राहुल की पत्नी रानी देवी ने बतायी की चार बार से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आवास के लिए आवेदन की लेकिन अभी तक इसका लाभ नहीं मिला। उन्होंने यह भी बतायी की इसके पूर्व में आवास के लिए मुझसे मोटी रकम भी लिया गया, इसके बावजूद भी आवास योजना का लाभ आज तक नहीं मिला। पति दूसरे के टेम्पू चलाते हैं तो घर चलता हैं। खेती बाड़ी भी नहीं है।

### उर्दू मध्य विद्यालय घुरुआ में प्रबंधन समिति गठित

**मझिआंव।** प्रखंड के उर्दू मध्य विद्यालय घुरुआ में मंगलवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर नये विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया महताब आलम जबकि पर्यवेक्षक राजेश कुमार तिवारी के देख रेख में उपस्थित अभिभावकों द्वारा 12 सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें सफीउन निशा को प्रबंधन समिति का अध्यक्ष, इबरार खान को उपाध्यक्ष, वीवी फरहत को संयोजिका के रूप में चयन किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक करामत अली, बीडीसी शाइस्ता खातून, शिक्षक मोइनुल हक, बाल संसद सदस्य मो शीश कमर सहित दर्जनों अभिभावक उपस्थित थे।

### विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन


उपस्थित लोग।

मझिआंव। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक के निदेर्शानुसार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसोता स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में एसएमसी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं संयोजिका का पुनर्गठन प्रवेक्षक (शिक्षक) जितेन्द्र कुमार एवं विकास कुमार (शिक्षक) के द्वारा किया गया। इस दौरान पंचायत मुखिया रीता देवी मुख्य रूप से उपस्थित थीं। सबसे पहले 12 सदस्यों को चयन किया गया। जिसके बाद अध्यक्ष पद के पूर्व उप प्रमुख विनोद यादव एवं उमाशंकर राम उर्फ बब्लू ने खड़ा होकर दावेदारी पेश किया। उसके बाद 5 सदस्यों ने विनोद यादव को तो 6 सदस्य उमाशंकर राम को वोट किया और इस तरह से उमाशंकर को अध्यक्ष पद पर चयन किया गया। वहीं संयोजिका के लिए सुनिता देवी और सविता देवी दावेदारी पेश किया। जिसमें सुनीता देवी को 7 वोट देकर चयन किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए सविता देवी का चयन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार एक सदस्य के परिवार में किसी की तबियत खराब होने के कारण वोटिंग के दौरान उपस्थित नहीं हो पाए। वहीं प्रवेक्षक जितेन्द्र कुमार ने कहा कि विभागीय नियम संगत खरसोता उत्क्रमित उच्च विद्यालय में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं संयोजिका का चयन कर लिया गया है। इसकी जानकारी विभाग के वरीय पदाधिकारी को दे दिया जाएगा। अध्यक्ष उमाशंकर राम उर्फ बब्लू राम ने विद्यालय के शिक्षक, पंचायत एवं उपस्थित अविभावकों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें जो दायित्व दिया गया है जिसे हम पुरी तरह से निर्वाहन करुंगा। विद्यालय की विधि व्यवस्था, बच्चों के शिक्षा एवं विकसित करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। मौके पर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विजय राम, राघव चैधरी, मनोज यादव, शिलवंती देवी, लीलावती देवी, महेंद्र राम, मुखन राम सहित अन्य कई अविभावक मौजूद थे।

### सर्पदंष से महिला की मौत

कांडी। थाना क्षेत्र के जयनगरा गांव निवाशी लालमुनी पासवान की 44 वषीर्या पत्नी कौशल्या देवी की मौत सांप काटने से हो गयी। परिजनों ने बताया कि जब सांप ने काटा उस समय उक्त महिला सोयी हुई थी। परिजनों ने आनन फानन में सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया, फिर डाल्टनगंज रेफर किया गया। जहां महिला ने दम तोड दिया। इसके बाद मंगलवार को गढ़वा में पोस्टमार्टम कराया गया। मौके जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, मुखिया परिखा राम, उप मुखिया रवि कुमार मेहता ने भरोसा दिलाया कि सरकारी प्रावधान के अनुसार जो लाभ होगा हर हाल में दिलाया जायेगा। मौके पर बैजेंद्र मेहता, लालू मेहता सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### नीट : एक और गिरफ्तार अभियुक्त की सीबीआई रिमांड

पटना 01 अक्टूबर (वार्ता) बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में एक और गिरफ्तार अभियुक्त को आज चार दिनों की पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया । सीबीआई ने पटना के राजेंद्र नगर से गिरफ्तार किए गए अभियुक्त अमित कुमार को विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह की अदालत में पेश किया, जहां न्यायालय ने अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में लिया। उसके बाद सीबीआई ने एक आवेदन दाखिल कर इस अभियुक्त से हिरासती पूछताछ के लिए सात दिनों की पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने की प्रार्थना की। अदालत ने प्रार्थना आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए इस अभियुक्त को चार दिनों की पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने चलाया सफाई अभियान


उपस्थित स्वयंसेवक।

**गढ़वा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शहर के श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में गढ़वा के अन्तर्राज्यीय बस स्टैंड में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता फैलाई गई। स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। ज्ञात हो कि यह अभियान 17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक भारत सरकार के विभिन्न विभागों के सहयोग से चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य सामुदायिक स्थलों की सफाई और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक जबकि संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी भास्कर कुमार ने किया। मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. परमेश्वर साहू, कुन्दन कुमार सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# वन विभाग के कर्मियों ने की युवक से मारपीट

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मामले को लेकर पूछताछ करती पुलिस।

**भवनाथपुर।** स्थानीय वन विभाग के कर्मियों ने गाली गलौज और खिड़की का कांच तोड़ने का आरोप लगाते हुए बाजार निवासी राहुल कुमार चंद्रवंशी नामक युवक को सोमवार की रात में पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हो हल्ला सुनकर स्थानीय लोगों की भीड़ जुटते देख उक्त सभी वनकर्मी फरार हो गए, जबकि घटनास्थल पर वनरक्षी राहुल कुमार सिंह को देख आक्रोशित दुकानदार संजय सोनी और उक्त वनरक्षी आपस में उलझ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को सुलझाया। घटना को लेकर दोनो पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया है।

घायल राहुल कुमार चंद्रवंशी ने आवेदन में जिक्र किया है कि सोमवार की रात वह विंध्याचल प्रसाद के घर समान पहुंचाकर अपने घर वापस लौट रहा था। तभी पॉपुलर स्टूडियो के समीप वन कर्मियों ने पकड़कर बेवजह मेरी बुरी तरह से पिटाई करने लगे, जिससे मैं अचेत हो गया। बाजार के लोगो को जुटता देख उक्त सभी आरोपी मुझे छोड़कर फरार हो गया। वहीं वनरक्षी राहुल कुमार सिंह ने आवेदन में जिक्र किया है कि शोरगुल सुनकर मैं वन परिसर से बाहर निकल देखा कि सड़क पर भीड़ लगा हुआ है, जब मैं उस जगह पर पहुंचा तो दुकानदार संजय सोनी ने मुझ पर लाठी से वार कर दिया, जो किसी तरह से मैं बच गया, जब उसे पकड़ने की कोशिश किया तो वह फरार हो गया। वनकर्मियों द्वारा युवक की सरेआम बाजार में पिटाई किए जाने क्षुब्ध भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नितीश गुप्ता ने थाने में लिखित आवेदन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग किया है। वन कर्मियों के इस तरह के रवैया से बाजार वासियों एंव दुकानदारों में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया है।

मौके पर मुखिया बेबी देवी, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानंद सोनी, विधायक प्रतिनिधि चंदन ठाकुर, लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष उज्जवल कुमार, सुधीर सोनी, कृष्णा गुप्ता, संजय पासवान, बहादुर चंद्रवंशी, विदेशी गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में राजद का धरना-प्रदर्शन

**एजेंसी**



**पूर्णिया।** रूपौली में बिजली उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाने के विरुद्ध मंगलवार को राजद ने विरोध प्रदर्शन किया । प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल की अगुवाई में कार्यकताओं ने धरना दिया। राजद शिष्टमंडल ने अपनी मांगों का ज्ञापन बीडीओ अरविंद कुमार को सौंपा और स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक के लिए कहा। अध्यक्ष मंडल ने बताया कि बिहार सरकार 2019 से स्मार्ट मीटर लगा रही है और मार्च 2025 तक दो करोड़ उपभोक्ताओं के यहां लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने इसे सरकार की सोची-समझी साजिश बताया। कहा कि बिहार विद्युत बोर्ड का विखंडन प्राइवेट कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया। राजद नेता ने गरीबों के शोषण का हवाला देते हुए स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया तत्काल बंद करने की मांग की। धरना में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने बाढ़ ग्रस्त इलाकों का किया दौरा



**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने आज जिला के कई बाढ़ ग्रसित इलाकों का दौरा किया। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने बेंगही, धोकरिया, मदनपुर, सलाइगढ़ जाकर वहां के लोगों का हाल चाल जाना। इस दौरान वहां पहले से ही मौजूद अररिया प्रखंड के अंचलाधिकारी को लोगों को सुरक्षित करने व अतिशीघ्र कॉम्युनिटी किचेन की शुरूआत कर पेट भर खाना खिलाने व तत्काल फसलों व क्षतिग्रस्त घरों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा राशि दिलाने का भी दिशा निर्देश दिया।

# बिहार के भागलपुर में बम विस्फोट में सात बच्चे घायल, तीन गंभीर

**एजेंसी**



**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत शाहजांगी मैदान में मंगलवार दोपहर हुई बम विस्फोट की घटना में सात बच्चे घायल हो गए हैं। गंभीर रूप से घायल तीन बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में मोहम्मद इरशाद के दो बेटे मन्नू, गोलू और हारून पिता मो. अब्दुल सत्तार की हालत चिंताजनक है। अन्य घायलों में मो शाकिब, मो. साहिल पिता मो सज्जाद, आरिफ पिता मो आफताब और समर 3 शामिल हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज दूर तक सुनाई दी। धमाके के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। घायल मन्नू की मां रुखसार ने कहा कि बम कैसे फटा हमें नहीं पता। आवाज सुनकर हम घर से निकले तो देखा मेरा बच्चा खून से लथपथ था। बहुत तेज धमाका हुआ था। मैं अपने दो बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंची। सभी बच्चे शाहजंगी मैदान में खेल रहे थे। खेलने के क्रम में धमाका हुआ है। उधर घटना की सूचना पर हबीबपुर थानाध्यक्ष पंकज राउत, सिटी एसपी और डीएसपी-2 राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की मामले की छानबीन में लग गए हैं।

मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। अब तक विस्फोट के पीछे के कारणों का पता नहीं चला है। घायल बच्चों ने बताया कि खेलने के दौरान राजा हाथ में कुछ लेकर आया था। जिससे वे लोग खेल रहे थे। उसके हाथ से गिरते ही वह वस्तु फट गया। खुफिया एजेंसी आईबी की टीम और डॉग स्क्वॉयड की टीम भी मौके पर मौजूद है। घटना को लेकर भागलपुर के एसएसपी आनंद कुमार ने बताया कि सिटी एसपी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया है। घटनास्थल से कई संदिग्ध वस्तु एकत्रित किए गए हैं। एफएसएल टीम के द्वारा जांच रिपोर्ट दिए जाने के बाद ही इस बात का पता लगाया जा सकेगा कि बम कितना शक्तिशाली था। एसएसपी ने बताया कि अभी तक सात बच्चों के घायल होने की जानकारी मिली है। पुलिस अपना काम कर रही है। बम कहां से आया और किसने लाया इसकी जांच की जा रही है।

स्पीड न्यूज

## नेपाल में बाढ़ से अब तक 225 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में भीषण बाढ़ और भूस्खलन से जानमाल की क्षति का आंकड़ा दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पिछले तीन दिनों में इस आपदा से जान गंवाने वालों की संख्या 225 तक पहुंच गई है। जैसे-जैसे बाढ़ प्रभावित जिलों में संपर्क स्थापित किया जा रहा है, लापता और मृतकों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। गृह मंत्रालय के मुताबिक सैकड़ों अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के अमेरिका से वापस होते ही कैबिनेट की बैठक में बाढ़ और भूस्खलन के कारण हुए नुकसान की स्थिति का जायजा लिया गया।

## रजनीकांत अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर



चेन्नई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी हालत स्थिर है। बताया जा रहा है कि सोमवार को पेट में तेज दर्द होने की शिकायत के बाद रजनीकांत को चेन्नई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल वह डॉक्टरों की देख-रेख में हैं और हालत स्थिर है।

## सितंबर में जीएसटी राजस्व 1.73 लाख करोड़ के पार

**नयी दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में सितंबर महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सकल राजस्व संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने के करीब 1.63 लाख करोड़ रुपये के जीएसटी राजस्व की तुलना में 6.5 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी निदेशालय द्वारा मंगलवार को जारी मासिक आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2024 में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 152782 करोड़ रुपये रहा है जो सितंबर 2023 के शुद्ध संग्रह 147098 करोड़ रुपए से 3.9 प्रतिशत अधिक है।

## इजरायल के हमले में 12 फिलिस्तीनी मरे

गाजा। मध्य गाजा पट्टी में नुसीरात शरणार्थी शिविर पर सोमवार रात इजरायली हवाई हमले में 12 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। गाजा में नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने कहा कि इजरायली युद्धक विमानों ने शिविर में निकटवर्ती दो घरों को निशाना बनाया, जिसमें 12 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। प्रवक्ता बसल ने कहा कि नागरिक सुरक्षा और स्थानीय निवासियों की एक टीम पीड़ितों की तलाश में जुटी है जबकि घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## इशिबा बने जापान के नये प्रधानमंत्री

टोक्यो। जापान की सत्ताधारी पार्टी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के नेता शिगेरू इशिबा को संसद के दोनों सदनों में बहुमत से जीतने के बाद मंगलवार को आधिकारिक तौर पर देश का प्रधानमंत्री चुना गया है। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने अपने पद से इस्तीफा दिया था। श्री फुमियो का कार्यकाल तीन साल का रहा, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा।

## 30 लाख रक्षा पेंशनभोगी स्पर्श पोर्टल से जोड़े गये

नयी दिल्ली । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि रक्षा लेखा विभाग के कुल 32 लाख रक्षा पेंशनभोगियों में से 30 लाख को स्पर्श पोर्टल से जोड़ दिया गया है। श्री सिंह नें रक्षा लेखा विभाग के 277 वें वार्षिक दिवस समारोह में कहा कि कई चुनौतियों के बावजूद विभाग इस वेब-आधारित प्रणाली के कार्यान्वयन में सफल रहा है।

चुनावी दर्पण
डालटनगंज विस सीट

# कई दिग्गज ठोक रहे ताल, दिलचस्प होगा मुकाबला

**झारखंड** विधान सभा चुनाव को देखते हुए सभी दलों ने अपनी-अपनी तैयारी शुरू कर दी है। पलामू के डालटनगंज विधानसभा सीट पर इस बार कई दिग्गज नेता ताल ठोक रहे हैं। डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से 1952 में सबसे पहले विधायक अमियो कुमार घोष बने थे। सबसे अधिक छह बार इंदर सिंह नामधारी जबकि चार बार पूरन चंद विधायक बने। इस बार इंदर सिंह नामधारी के पुत्र दिलीप सिंह नामधारी के नाम की भी चर्चा है। जो भी हो इस बार का चुनाव काफी दिलचस्प होनेवाला है। भाजपा के वर्तमान विधायक आलोक चौरसिया, मनोज सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह, अरुण शंकर, ज्योति पांडेय जबकि इंडिया ब्लॉक के तरफ से कांग्रेस के केएन त्रिपाठी, जैश रंजन पाठक झामुमो के राजेंद्र कुमार सिंह भी मैदान में उतरने को ताल ठोक रहे हैं। इन सभी के नामों की चर्चा चल रही है।

- छह बार इंदर सिंह नामधारी और चार बार पूरन चंद विधायक बने
- 1861 में अंग्रेज कर्नल ने बसाया था डालटनगंज

---------

डालटनगंज शहर को 1861 में कर्नल डाल्टन ने बसाया था। बाद में डालटनगंज का नाम बदलकर मेदिनीनगर हो गया। पहले डालटनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। डालटनगंज पलामू में है, जबकि भंडरिया गढ़वा में है। इस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत माओवादियों का ट्रेनिंग सेंटर रहा बूढ़ा पहाड़ का भी इलाका है।




डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र पलामू प्रमंडल का आईना माना जाता है। डालटनगंज में ही कमिश्नर और जोनल आईजी का कार्यालय है।

**3.98 लाख वोटर:** डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में 398314 वोटर हैं। इनमें 164829 पुरुष जबकि 157576 महिला वोटर हैं। दो थर्ड जेंडर वोटर हैं। इस विधानसभा क्षेत्र का जेंडर रेशियो 950 है। इस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मेदिनीनगर सदर, मेदिनीनगर नगर निगम, चैनपुर, रामगढ़, सतबरवा एवं गढ़वा के भंडरिया का इलाका आता है। विधानसभा क्षेत्र की सीमा छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से सटी हुई।

**कौन-कौन रहे हैं विधायक :** 2014 और 2019 आलोक चौरसिया, 2009 केएन त्रिपाठी, 1990, 1995, 2000, 2005 से 2007 तक इंदर सिंह नामधारी, 1985 ईश्वर चंद्र पांडेय, 1980 इंदर सिंह नामधारी, 1967, 1969, 1972, 1977 पूरनचंद, 1962, सच्चिदानंद त्रिपाठी, 1957 उमेश्वरी चरण 1952 अमियो कुमार घोष। 2019 में भारतीय जनता पार्टी के आलोक चौरसिया को 103698 वोट मिला था, जो 47.57 प्रतिशत था। कांग्रेस के एन त्रिपाठी को 82181 वोट मिला था जो 37.7 प्रतिशत था। 2014 में झारखंड विकास मोर्चा के आलोक चौरसिया को 59202 वोट मिला था जो 29.78 प्रतिशत था। कांग्रेस के के इन त्रिपाठी को 54855 वोट मिला था, जो 27.6 प्रतिशत था। भारतीय जनता पार्टी के मनोज सिंह को 42597 वोट मिला था जो 21.42 प्रतिशत था। निर्दलीय दिलीप सिंह नामधारी को 8892 वोट मिला था। पूर्व आईपीएस अधिकारी पीके सिद्धार्थ भारतीय सुराज दल से चुनाव लड़े थे उन्हें 1659 वोट मिला था। 2014 में झारखंड विकास मोर्चा के टिकट पर चुनाव जीतने के बाद आलोक

### क्या कहते हैं विधायक अलोक चौरसिया

विधायक आलोक चौरसिया का कहना है कि हम विकास के मुद्दों को लेकर चुनाव में जाने वाले हैं। डालटनगंज क्षेत्र पिछले 10 वर्षों में काफी पिछड़ गया था। मेरे कार्यकाल में कई योजनाएं स्वीकृत हुईं। पेयजल संकट और खास महल के संकट को दूर करने के लिए उन्हें कई कदम उठाये। मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना हो। विधानसभा क्षेत्र के लिए उन्होंने कई योजनाएं बना रखी है। उनकी प्राथमिकता है कि डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को नौकरी दी जाए एवं पेयजल की संकट को दूर किया जाये।

### 2019 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| आलोक चौरसिया | भाजपा | 103698 |
| केएन त्रिपाठी | कांग्रेस | 82181 |
| राहुल अग्रवाल | जेवीएम | 12061 |

### 2014 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| आलोक चौरसिया | झाविमो | 59202 |
| केएन त्रिपाठी | कांग्रेस | 43571 |
| मनोज कुमार सिंह | बीजेपी | 42,597 |

### 2009 का चुनाव परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| केएन त्रिपाठी | कांग्रेस | 43571 |
| दिलीप नामधारी | भाजपा | 39338 |
| अनिल चौरसिया | बीएसपी | 37,380 |

### 2005 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| इंदर सिंह नामधारी | जेडीयू | 45386 |
| अनिल चौरसिया | निर्दलीय | 41625 |
| ज्ञान चरण पांडे | राजद | 22954 |

# लेबनान में घुसी इजराइली सेना

## हिज्बुल्लाह के खिलाफ जमीनी हमला शुरू

एजेंसी

**तेल अवीव।** हिज्बुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह के खात्मे और लगातार हवाई हमलों के बाद इजरायली सेना ने लेबनान में घुस कर जमीनी हमले शुरू कर दिए हैं। मंगलवार को इजरायली सेना की तरफ से कहा गया है कि उसके सैनिकों ने दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह के ठिकानों और बुनियादी ढांचों के खिलाफ सीमित और लक्षित जमीनी हमला शुरू किया है। वह सीमा से सटी हिज्बुल्लाह की सुरंगों में घुसकर तलाशी ले रही है। इजरायली सेना के रडार पर इजरायल को लेबनान से अलग करने वाली ब्लू लाइन के पास हिज्बुल्लाह की सुरंगे हैं। इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया एक्स पर साझा पोस्ट में बताया है कि उसने दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह के आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर सीमित और टारगेटेड ग्राउंड ऑपरेशन शुरू किए हैं। लेबनान की सीमा से सटे गांवों को निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि यहां हिज्बुल्लाह के कई ठिकाने हैं जो खतरा बने हुए हैं। इजरायली वायुसेना इस ग्राउंड ऑपरेशन में मदद कर रही है। इजराइल के हमलों में पिछले 10 दिनों में नसरल्लाह और उसके छह शीर्ष कमांडर व सहयोगी मारे गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले दो हफ्तों में देश में 1000 से अधिक लोग मारे गए हैं। इजराइली सेना के अनुसार, उन्होंने लेबनान के बड़े हिस्सों में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया है। हालिया दिनों में हिज्बुल्लाह को भारी नुकसान हुआ है लेकिन उसके कार्यकारी नेतृत्वकर्ता नईम कासेम ने बयान जारी कर कहा कि यदि इजराइल जमीनी हमला शुरू करने का फैसला करता है तो हिज्बुल्लाह के लड़ाके तैयार हैं। नईम ने दावा किया है कि मारे गए कमांडरों की जगह पहले ही ले ली गई है। नईम लंबे समय तक नसरल्लाह का डिप्टी रहा है और उसके मारे जाने के बाद तात्कालिक तौर पर संगठन संभाल रहा है।



**हूतियों का तेल अवीव पर ड्रोन हमले का दावा :** यमन के हूती चरमपंथियों के इजरायल के तेल अवीव और ईलात पर ड्रोन हमल का दावा किया है। हूती प्रवक्ता याह्या सारी ने एक टेलीविजन भाषण में कहा कि यमनी विद्रोहियों ने आज तेल अवीव और ईलात में इजरायली सैन्य चौकियों को ड्रोन से निशाना बनाया। आईडीएफ ने सुबह बताया था कि वायु सेना ने भूमध्य सागर के ऊपर इजरायली तट से दर्जनों किलोमीटर दूर एक यूएवी को रोका था।

**इजरायली सेना की लेबनानी नागरिकों से अपील :** इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में नागरिकों से अपील की है कि वे अगली सूचना तक लिटानी नदी के दक्षिणी इलाकों में वाहन लेकर न जाएं। आईडीएफ के अरबी भाषा के प्रवक्ता अवीचाई एड्रेई ने एक्स पर कहा कि दक्षिणी लेबनान में भीषण लड़ाई चल रही है, जिसमें हिजबुल्लाह के ऑपरेटिव नागरिक आपको मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर हमलों को अंजाम दे रहे हैं। सुरक्षा के लिए हम आपसे लिटानी नदी के उत्तर से दक्षिण की ओर वाहनों में आवाजाही से बचने की अपील करते हैं।

### हिजबुल्लाह को कुचलने का समय : बेन ग्विर

इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्विर ने लेबनान में सैन्य अभियान को समर्थन करते कहा, यह 'हिजबुल्लाह को कुचल डालने का समय है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हमने जो फैसले लिए हैं, वे महत्वपूर्ण, सही और आवश्यक हैं। साथ ही यह समय रुकने का नहीं है। हमें अपनी पूरी ताकत से सब कुछ करते रहना चाहिए।' ग्विर ने आगे कहा, 'मैं आईडीएफ के सैनिकों की सफलता के लिए प्रार्थना करता हूं जो वर्तमान में दक्षिणी लेबनान में कठिन परिस्थितियों में लड़ रहे हैं। इजरायल के लोग उनके पीछे खड़े हैं।

### इजरायल को आत्मरक्षा का अधिकारः अमेरिका

अमेरिका ने एक बार फिर यहूदी राष्ट्र का खुलकर समर्थन किया है। इजरायल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के साथ फोन पर बातचीत में अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने वॉशिंगटन का समर्थन दोहराया। हालांकि उन्होंने इजरायल-लेबनान सीमा के दोनों ओर नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक कूटनीतिक समाधान की जरुरत पर बल दिया। एक्स पर एक पोस्ट में ऑस्टिन ने कहा, 'मैंने यह स्पष्ट कर दिया कि संयुक्त राज्य अमेरिका इजरायल के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है।' उन्होंने आगे कहा कि दोनों पक्ष सीमा पर आक्रमणकारी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के महत्व पर सहमत हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हिजबुल्लाह इजरायल के उत्तरी समुदायों पर 7 अक्टूबर जैसे हमले नहीं कर सके।

# देश में लागू करेंगे समान नागरिक संहिता : शाह

एजें

**मुंबई।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को मुंबई में कहा कि महाराष्ट्र का चुनाव देश की दशा और दिशा दोनों तय करेगा। इस राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार बनना तय है। महाराष्ट्र में सरकार बनने के बाद देश में समान नागरिक संहिता लागू करने से हमें कोई रोक नहीं पाएगा। शाह मंगलवार को मुंबई में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 60 साल के इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीन बार सरकार बनाने का रिकॉर्ड बनाया। जो सरकारें काम करती हैं वही चुनाव जीतती हैं, हमने देश में लगातार तीसरी सरकार बनाई है। महाराष्ट्र में महागठबंधन की सरकार बनने का भरोसा जताते हुए कहा कि अमित शाह ने कहा कि अभी अपनी निराशा दूर कर लीजिए, किसी सर्वे के बारे में मत सोचिए।

इस साल राज्य में महागठबंधन की सरकार आएगी, लेकिन वर्ष 2029 में वे अकेले भाजपा को सत्ता में लाना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि महाराष्ट्र में महागठबंधन सरकार का आना काले पत्थर पर लकीर है। अगर हम महाराष्ट्र में सत्ता में आए तो हमें समान नागरिक संहिता लाने से कोई नहीं रोक सकता। शाह ने कहा कि भाजपा शासन करने के लिए नहीं बल्कि विचारधारा पर काम करने के लिए सत्ता में आई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राम मंदिर, अनुच्छेद 370 हटाने का काम पूरा किया है। अब महाराष्ट्र में चुनाव जीतने के बाद समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि देवेन्द्र फड़णवीस महाराष्ट्र की समस्याओं का समाधान करने में सक्षम हैं। भाजपा के सत्ता में आने के बाद पिछले 10 वर्षों में आतंकवाद और नक्सलवाद दफन हो गया। मोदी के नेतृत्व से विश्व में भारतीयों का गौरव गर्व से ऊंचा हुआ है। अमित शाह ने हर बूथ पर 10 फीसदी वोटिंग बढ़ाने की अपील कार्यकर्ताओं से की। साथ ही अमित शाह ने सभी कार्यकताओं को आपसी नाराजगी खत्म करने की भी अपील की है। हमें हर बूथ पर 10 कार्यकताओं की जरूरत है। दशहरा से लेकर प्रचार खत्म होने तक ये कार्यकर्ता अपने बूथों पर घूमते रहेंगे। समान विचारधारा वाले मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित करें। प्रत्येक बूथ पर कम से कम 20 लोगों को भाजपा का सदस्य बनाएं। सदस्यता लेते समय वोट न मांगें। सदस्य बनने के बाद उन्हें मतदान का महत्व समझ आएगा।

### देश की दशा और दिशा तय करेंगा महाराष्ट्र का चुनाव



# चीन सीमा पर स्थिति स्थिर

### 2020 से पहले की यथास्थिति बहाल हो : जनरल द्विवेदी

एजें

**नयी दिल्ली ।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि चीन से लगती सीमा पर स्थिति स्थिर है लेकिन इसे सामान्य नहीं कहा जा सकता और यह संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति की बहाली की मांग करते हुए कहा कि जब तक ऐसा नहीं होगा तक स्थिति संवेदनशील बनी रहेगी। जनरल द्विवेदी ने मंगलवार को यहां चाणक्य रक्षा संवाद- 2024 के दूसरे संस्करण के पूर्वावलोकन कार्यक्रम में राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हुए वर्ष 2047 तक एक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध भारत के बारे में भारतीय सेना के दृष्टिकोण को रखा। साथ ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण में भारतीय सेना के योगदान पर भी बात की। जनरल द्विवेदी ने चीन के संदर्भ में विमर्श के दौरान कहा कि काफी समय से चीन सीमा की स्थिति चर्चा का विषय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आपको चीन के साथ मुकाबला, सहयोग , सहअस्तित्व और टकराव के लिए तैयार रहना होगा। आज की स्थिति की बात करें तो यह स्थिर है लेकिन इसे सामान्य नहीं कहा जा सकता और यह संवेदनशील बनी हुई है।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव संपन्न, 65.58 प्रतिशत हुआ मतदान

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण में 40 विधानसभा क्षेत्रों में मंगलवार को मतदान बिना किसी हिंसा की घटना के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। चुनाव आयोग (ईसीआई) की विज्ञप्ति के अनुसार आज हुए तीसरे चरण के मतदान में शाम सात बजे तक 65.58 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदाताओं ने बहिष्कार और हिंसा को नकारते हुए मतदान प्रक्रिया में शांतिपूर्ण और उत्सवी माहौल में अपने मताधिकार का उपयोग किया। तीन चरणों में हुए मतदान ने लोकसभा चुनाव के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

# अभिनेता गोविंदा को लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

**मुंबई ।** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता गोविंदा को मंगलवार सुबह गोली लग गई। उन्हें उनकी ही बंदूक से गोली लगी, जिससे वह घायल हो गए हैं। यह घटना सुबह 4.45 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार जब अभिनेता गोविंदा कहीं जाने के लिए बाहर निकल रहे थे। कथित तौर पर एक्टर अपनी ही बंदूक को संभालते समय मिस फायर कर बैठे, जिससे उनके पैर में गोली लग गई। घटना के बाद तुरंत उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभिनेता गोविंदा को फिलहाल इलाज के लिए सीआरआईटीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टर उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।



# साइबर हमले राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा : राष्ट्रपति

## इसे दूर करने के लिए ठोस कदम उठायें : मुर्मू

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि साइबर हमले राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बनकर उभरे हैं। उन्होंने सभी से इस मुद्दे की गंभीरता को समझने और इसे दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। राष्ट्रपति मुर्मु मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में 64वें राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय पाठ्यक्रम के संकाय और पाठ्यक्रम सदस्यों को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि गतिशील वैश्विक भू-राजनीतिक वातावरण कई चुनौतियां पेश करता है। हाल के दिनों में जिस तेज गति से घटनाएं सामने आई हैं, उसका शायद एक दशक पहले अनुमान नहीं लगाया जा सकता था। इस प्रकार सभी अधिकारी, चाहे वे सिविल सेवाओं के हों या रक्षा सेवाओं के, उन्हें उन चुनौतियों और कमजोरियों के बारे में पता होना चाहिए, जिनका वे सामना करते हैं और उन शक्तियों के बारे में पता होना चाहिए जो ऐसी चुनौतियों से निपटने में मदद कर सकती हैं। एक ताकत जो उनके पास होनी चाहिए और जिसके बिना काम नहीं चल सकता, वह है अपने संगठनों, देशों और मानवता की भलाई के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में सक्षम होना। नवाचार एक और कारक है जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार रखेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि आज हमारी सुरक्षा चिंताएं क्षेत्रीय अखंडता के संरक्षण से आगे बढ़कर राष्ट्रीय कल्याण के अन्य क्षेत्रों, जैसे आर्थिक, पर्यावरणीय, ऊर्जा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा मुद्दों को भी शामिल करती हैं। इन चिंताओं को दूर करने के लिए गहन शोध की आवश्यकता है और एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है।



राष्ट्रपति ने कहा कि साइबर हमले राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बनकर उभरे हैं। साइबर हमलों से निपटने और उनका मुकाबला करने के लिए उच्च-स्तरीय तकनीकी हस्तक्षेप के साथ-साथ मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे के साथ-साथ एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित और विशेष मानव संसाधन की आवश्यकता होती है। यह उन क्षेत्रों में से एक है, जहां सिविल सेवाओं और सशस्त्र बलों को एक साथ मिलकर एक सुरक्षित राष्ट्रव्यापी प्रणाली बनाने में सक्षम होना चाहिए, जो ऐसे हमलों को विफल कर सके।

